श्रीमती सरस्वती भण्डार
साहपुरा मेवाड़
राजपूताना

ॐ

भावप्रकाशनिघण्टुः

विद्वद्वरबोधदैवज्ञविनानिर्मितम्

मुरादाबादनिवासिसारस्वतवंशजश्रीमन्नारायणशास्त्रिसुत

वैद्यनाथशास्त्रि

विरचितसंस्कृतभाषाटीकाद्वयोपेतम्


तेनैव तन्त्रप्रभाकरनाम्नि यन्त्रे

नवपञ्चाशदधिकैकोनविंशतितमे विक्रमीयेऽब्दे

मुद्रितं शोधितं प्रकाशितञ्च

ग्रन्थस्यास्य पुनर्मुद्रणाद्यधिकाराः प्रकाशकेनस्वायत्तीकृताः ।

श्रीसीतारामाभ्यां नमः



भूमिका.

(१) यद्यपि श्रीवोपदेव कवि कब हुए कहाँ हुए यह सिद्ध करना बहुत ही कठिन है, तथाऽपि प्राचीन टीका कार और विविध ग्रन्थकर्ता श्रीमधुसूदन गोस्वामीजी २०० वर्ष के लग भग अविृन्दावन में निवास करते थे यह जनश्रुति है। इन्हो ने इस वोपदेव कृत भागवत की संक्षिप्त विषमपद व्याख्याकी है। हमनेभी कहीं २ इन के व्याख्यान का निजानिर्मित सँस्कृत टीके में आशय लिखा है इन स्वामीजी ने ही कुछ २ वोपदेवजी का पता दोश्लोको में दर्शाया है यथा—

हरिलीला विवेकोयं कामराजस्य वेश्मनि ।
निकटे रचयां चक्रे तुष्टयै हेमाद्रिणां सताम् ॥ १ ॥"
" अतत्वे तत्वधीर्येषां तत्वे चातत्वधीर्नृणाम् ।
न तावानन्दयत्येता वोपदेवस्य सूक्तयः ॥ २ ॥

अर्थात् किसी कामराजके निकट घर में तथा हेमाद्रिनामक किसी मन्त्रिकी तुष्टिके अर्थ यह ग्रन्थ वोपदेवजी महाराज ने रचा यह वात हमने इसही ग्रन्थ के पहिले श्लोककी टीकामें भलीभांति दर्शादी है।१। जिनकी अतत्वमें तत्वबुद्धि है और तत्वमें अतत्व ऐसे पुरुषोंको यह वोपदेवजीकी वाणी आनन्द नहीं देती है अर्थात् विद्वान् और तत्ववेत्ताओं कोही आनन्द जनक है ॥ २ ॥

और भी कुछ थोड़ासा पता इनही वोपदेवजी के वनाये हुए ' वोपदेव शतक ' नामक वैद्यक ग्रन्थ के अन्तिम दोश्लोकों से मालूम होता है यथा—

देशानां वरदातटं वरमतः सार्थाभिधानं महा ।
स्थानं देवपदास्पदाग्र जगणाग्रण्यं सहस्रं द्विजाः ॥
तत्रामीषु धनेशकेशवविदौ वैद्यौ वरिष्ठौ क्रमात् ।
चक्रे शिष्यसुतस्तयोः कृतिमिमां श्रीवोपदेवः कविः॥ १ ॥
कैलासाचलमौलिमंडलमणेर्नृत्योत्सवे यद्यशो ।
गायन्ति त्रिदशांगनाः कलरणद्गंभीरतारस्वनैः ॥
चक्रे चन्द्रकलासुशोभितशतश्लोकीं पदोल्लासिनीं ।
सत्रैलोक्यकवीन्द्रवृन्दातिलकः श्रीवोपदेवः कविः ॥ २ ॥

वरदा नदी के तटपर ' सार्थ ' नामक वड़ाभारी स्थान अर्थात् नगर सब देशों मे श्रेष्ठ है और जिस नगर में देवताओं के समान वड़े महान एक सहस्र ब्राह्मण

रहते हैं । और उन सब ब्राह्मणों में मुख्य दो ब्राह्मण हैं जिनका नाम भोगजदेव तथा केशवदेव है । यह कविराज पोपदेवजी महाराज दोनों में बड़े भोगजदेवजी के शिष्य तथा श्रीकेशवदेवजी के पुत्र हैं ॥ १ ॥ श्रीयादवी नरेन्द्रराज के राज्यवृत्त के समय—शब्दार्थमान गंभीर चरण नूपुरों के नादों के साथ—जिन पोपदेवनामक कवि के यश को सुरसुन्दरी—गाती हैं और जिसने पद्मों द्वारा—चन्द्रकलाओं से प्रकाशमान शतश्लोक युत उत्तम ग्रन्थ को बनाया (अर्थात् यह ग्रन्थ इनके सौ १०० श्लोकों के है) वही त्रिलोकी के कवि कुल में तिलक के तुल्य श्रीपोपदेवनामा कवि हैं ॥ २ ॥

(२) यह ग्रन्थ जितने श्लोकोंका है उसी संख्यावाली श्रीमद्भागवत नोकसंख्या नेही दिखाई है यथा—

" कृत्स्नस्यास्य ग्रन्थस्य सप्त शतानि त्रिंशदुत्तराणि ।

अर्थात् एकसौ छत्तीस १७६ इस ग्रन्थ में श्लोकों ।

(३) यह भागवतका तत्व श्रीमान् केशवदेवजीकृत्य महामहोपाध्याय श्रीपोपदेव जी महाराजने वर्णन कियाहै । इस ग्रन्थका नाम हरिलीलावती है और कोई इसको भागवतानुक्रमणीभी कहते हैं इसमें प्रमाण दिखाते हैं यथा—

इति भागवतस्यानुक्रमणी क्रमा ।
विदुषा पोपदेवेन विदुषैवमनुना ॥ १ ॥
हरिलीलेति नामेयं तत्रिंशैर्विंशतायुः ।
अस्यावलोकनादेव हरौ भक्तिर्विवर्द्धते ॥ २ ॥

कोई २ टीकाकार इस ग्रन्थको भागवततत्वभी कहते हैं । इस भागवततत्व कथनका प्रमाण देतेहुए यहवातभी इस आगले श्लोकसे बताते हैं कि—इन पोपदेवजी महाराज ने किस २ शास्त्रके कितने २ ग्रन्थ बनाये श्लोक—यथा

" यस्य व्याकरणे चरणयुगनासीताः सग्रन्था दश ।
ग्रन्थाता नव वैद्यके ऽथ तिथिनिर्द्धारार्थमेको ग्रन्थः ॥
साहित्ये त्रय एव भागवततत्वोक्तौ त्रयस्तस्य च—
त्यन्तर्वाणिशिरोमणेरिहगुणाः के के न लोकोत्तराः ॥ १ ॥ "

व्याकरणशास्त्र में जिनके बनायेहुए दश ग्रन्थ हैं । नव ९ पुस्तक वैद्यकशास्त्र की हैं । एक तिथिनिर्द्धार नामक ज्योतिषमें । तीन साहित्य शास्त्रमें । तीन भागवत तत्वमें । इस भागवत तत्व पदके कथन से यही मालूम होता है कि भागवत के प्रयोजन कथनार्थ इन्होने तीन ग्रन्थबनाये । उनतीन ग्रन्थों में एक तो यही है दूसरा

अधूरा और भी श्रीमद्भागवत का टीकाहै यह पूराटीका हमे आजतक कही नहींमिला परन्तु वड़ाही विलक्षण है अव तीसरे ग्रन्थ कीभी हम ढूंडभालमें हैं

(४) श्रीवोपदेवजी महाराजने और कोई दूसरीही भागवत वनाई है यह शंका विलकुल असत्यहै क्योंकि इस पूर्वोक्त श्लोकसे यही सिद्धहोताहै कि -- श्रीमद्भागवत तत्व कथनार्थही तीन ग्रन्थरचे इस ग्रन्थको ही वोपदेव कृतभागवत कहते हैं यथा —

इदं भागवतं नाम निर्मितं व्याससम्मितम् ।
वोपदेवेन प्राज्ञेन मन्त्रिहेमादितुष्टये ॥ १ ॥,,

अतः यही वोपदेव कृत भागवत है ऐसा सिद्ध होता है ।

(५) कोई २ व्यासकृत ,, श्रीमद्भागवत ,, कोही वोपदेव कृत और नवीन वताते हैं इस शंका काभी निराकरण करते हैं यथा एक समय इस मुरादावाद न गर में सनातनधर्मी और दयानन्दियों का इस प्रकार का मौखिक वाद विवादहोने लगाकि यह श्रीमद्भागवत वोपदेवकृत है अथच इसको वनेहुए अनुमान २०० दो सौवर्ष के हुए उन्ही दिनों में हमारे पिता श्रीमान् सारस्वत वंशावतंस विप्रकुलक मल विद्वद्वर श्रीपण्डित नारायणदासजी श्रीमद्भागवतकी सप्ताह वाँचाकरते थे वेह सवपुराणोंमें कुशल वैय्याकरण तथा वड़े ज्योतिषीथे इन्होने कहाकि हे दयानन्दियो ? यह तुम्हाराकहना निर्मूल है क्यों कि कोई भागवत वोपदेवजी ने नहीं वनाई हाँ ? भागवतंतत्वकेतौ तीनग्रन्थ वनाये हैं क्योंकि ,, यस्य व्याकरणे,,इसश्लोकमें लिखाहै यह श्लोक गुरुकर्ण परम्परासे हमारे पिताको कंठथा. इसप्रकार हमारे पिताके समा धान करने परभी उन समाजियों ने इस श्रीमद्भागवत को नवीन वनीहुई ही वताई और यह प्रचार किया कि यदि यह श्रीमद्भागवत वोपदेवजी की वनाई नहो तो और किसी ने गढी होगी । वार २ इन श्रवण कटुवचनों को सुनकर माथुर वैश्य वंशा वतंस अनेक ग्रन्थोंके निर्माणकर्त्ता वैद्य श्रीयुत शालिग्रामजी हमारे पिताके पास आये और उन्हों ने हमारे पिता से कहाकि—पण्डितजी आपकी सात पुस्त से अर्थात् पिता प्रपिता वृद्धप्रपितामह इत्यादि कों से पुरानी पाण्डितायी और वहुत २ प्राचीन सहस्रों ग्रन्थभी लिखे हए आप के पास विद्यमान हैं फिर क्यों नहीं तीनसौ तथा चारसौ वर्षकी लिखीहुई श्रीमद्भागवत निकालकर दयानन्दियोंका मुख मर्दन करते क्योंकि आजकल आपके सिवाय प्राचीन और खान्दानी तथा अखिल शास्त्रवेत्ता इसनगर में कोईभी नहीं है ऐसा कथन कर हमारे पिता से एक पुरानी प्रति श्रीद्भागवतकी जोकि संवत् १९१३ जिसको लगभग आजकल साडे सात सौ वर्ष ७५० वर्ष केहोते हैं निकलवाय हमारे पिता को साथ ले श्रीवैद्य शालिग्रामजी ने दयानन्दियों दिखाई

देखते ही नयानंदी मौनहोगये । उसही दिन से वेह दयानन्दी वोपदेवकृत श्रीमद्भागवत तथा २०० वर्ष की नवीन भागवत न वताकर किंतु इस व्यासकृत श्रीमद्भागवत में धूर्तों ने सैकडों स्थालों में व्यभिचार युक्त गफोड सपोड वातें मिलादी हैं ऐसा प्रचार करनेलगे हैं । अस्तु । यह सम्वत् १९१३ की लिखीहुई वहुत जीर्ण श्रीमद्भागवत की पुस्तक अवभी हमारे यहाँ मौजूद है जिस किसी की इच्छाहो वोह आन कर देखसक्ता है । और इस श्रीमद्भागवतमें नवीनता के भ्रम को दूर करसकताहै । इसके सिवाय हमारे यहां औरभी वडे २ और वहुत प्राचीन वोपदेवकृत वैद्यक धर्म शास्त्रआदि तथा अन्य ज्योतिष वैद्यक व्याकरण पुराण आदिके ग्रन्थहैं यदि दर्शकों की इच्छा होगीतौ वेह भी क्रमशः प्रकाश किये जायंगे ।

(६) यह पूर्वोक्त चरित्र सुन में दश वारह वर्षसे इस खोजमें था कि श्रीमान् वोपदेवजी के रचेहुए भागवत तत्व के ग्रन्थ किसप्रकार प्राप्त हों । मैने मुरादावाद निवासी कूर्माचलीय श्रीयुत गुरुवर पण्डित भवानीदत्तजी से सिद्धान्तकौमुदी आदि अनेकग्रन्थ पढे--उनहीदिनों में मेरेसहाध्यायी और समान कक्षीय अनेक ग्रंथों के रचयिता कान्यकुब्ज सुप्रसिद्ध पण्डित ज्वालाप्रसाद मिश्र तथा सुलेखक पताकी पण्डित रामस्वरूप शर्म्मा गौड़ और हरिहरनाथ सांख्याचार्य, रामनारायणशास्त्री वृजरत्न भट्टाचार्य आदि अनेक सुवोध विद्यार्थी मेरे साथही इनही पण्डित भवानीदत्तजी से पढते थे आजकलभी यही सुप्रसिद्ध महाविद्वान पण्डितजी श्रीलाला जवाहर लाल की सँस्कृत पाठशाला में पढाते हैं । पं० जयन्ती प्रसाद उपाध्याय पं० मदनमोहन ज्योतिषी इत्यादि सैकड़ों विद्यार्थी इनके पास पढकर पण्डित होगये । करीव १० वर्षके हुए कि इनही गुरूजी की पाठशाला से हमसात विद्यार्थी लाहौर की प्राज्ञपरीक्षा में उत्तीर्ण हुए थे उनके यह नाम हैं—

भाषाविद्यावारिधि पं० ज्वालाप्रसादजी मिश्र, गुरुजू पंण्डितजी, स्वर्ग निवासी परम हितकारी पं० वावूरामजी गौड़, पं०यमुनादत्तजी, (जो आज कल मथुरा की जैन पाठशाला में पढाते हैं) गंगादत्त जी (यहभी आजकल पढाते हैं) और एक हमारे प्यारे अमवाले वैश्य वन्नूलाल जी तथा सातवां— मैं— सव विद्यार्थियों में मेराही परीक्षोत्तीर्णता में प्रथम नम्वर आया इसही कारण मुझे लाहौर ओरियएटेल कालिज से आठरुपये वजीफा मिला मैं लाहौरमें गया और विशारद परीक्षाकीपुस्तकेंपढी उसहीसमय हमारेलाहौर ओरियएटेल कालिजके स्वामी प्रेन्सपिल वेदादि विविध विद्या निधान श्रीमान "स्तैन,, साहिवने—महाराज रणजीतसिंह के पुस्तकालय में तथा—काशी काश्मीर आदि के पुस्तकालयों में से जितनेभी पूरे अधूरे ग्रन्थ मिले वेह सव इकट्ठे किये में भी सुन्दर सुवाच्य शुद्ध और शीघ्र लिख

साथा इसलिये मुझसे "स्तैन,, साहब बहादुर ने कहाकि पं० वैजनाथ–हमारे सूचीपत्र को लिखदो। उस सूचीपत्र में ग्रन्थ कर्त्ता का नाम, पुस्तकका नाम, पृष्ट संख्या और पुस्तक पूर्ण है या अपूर्ण यही लिखा जाताथा। मैं और मेरे सहचारी तीन शास्त्री इनहम चारों ने यह सूचीपत्र को प्रतिदिन सात२ घंटे लिखा और वह बहुत कठिनता से चारदिन में समाप्त हुआ। मैं–नहीं कहसकता कि इस सूची पत्र में कितने सहस्र ग्रन्थ थे परन्तु वहाँ भी वोपदेव कृत भागवततत्व के तीनों में से किसी ग्रन्थका पता नलगा। पुनः विशारद परीक्षोत्तीर्णता में––सम्पूर्ण भारतवर्ष के विद्यार्थियों में मेराही प्रथम नम्बर रहा और १०) रु० वजीफा भी मिला परंतु कई लाहौर के विद्वानों के वैकुण्ठ धाम जाने के कारण से अच्छी पढाई न समझ और भी कई गृहस्थ के कारणों से फिर मैं लाहौर न गया और १०) रुपयेका वजीफा भी मेनें नहीं लिया कई महीने काशी निवासी स्वामीराम मिश्र शास्त्रीजी तथा श्रीमान्संगम लाल ओझाजीसे पढकर श्रीवृन्दावन चलागया।वहां परभी श्रीमान् स्वामी सुदर्शनाचारी शास्त्रीजी से न्याय, वेदान्त, मीमांसा आदि शास्त्र तथा श्रीमान् स्वामी लक्ष्मणाचारी जी से महाभाष्य, वैयाकरणभूषण शेषर आदि विविध पुस्तकें और श्रीनिकुंजविहारी जी के पुजारी गोस्वामी नामी स्वर्गगामी जगदीशजी महाराजसे काव्यप्रकाश, वासवदत्ता पिंगल आदि अनेक ग्रन्थ पढे।और सब पुस्तकालय श्रीमान् लक्ष्मणदास सेठजी का देखा परंतु यह वोपदेवकृत भाग वत के तत्व न मिले हाँ ? और सबके तो कई एक वोपदेवजीके ग्रन्थ वहाँभी थे। फिर एक दिन गोस्वामी जगदीशजी महाराजसे पढनेकेसमय वोपदेवजीके ग्रन्थोंकी वात चीत चली उन्होंने मुझ से कहाकि वोपदेवजी के साहित्य, व्याकरण, और भागवत तत्व आदि के कई ग्रन्थ हमारे पास हैं और वोपदेवजीकी भागवतभी हमारे पास है हम सब ग्रन्थ तुम को देदेंगे और पढादेंगे क्योंकि हम को ऐसा सुपात्र और सुवोध विद्यार्थी कौन मिलेगा। उन्हों ने सब ग्रन्थ मुझे देदिये। और मेनेभी उन की नकल करली मैं जितना इन गोस्वामी जगदीशजी महाराज को धन्यवाद दूं उतनाही थोडाहै हां ? इतनाही कहताहूँ कि हे परमात्मन् सैंकडो वर्षतक इन परोपकारी जी का आत्मा स्वर्ग में सुख भोगे और शांति को प्राप्त हो। दो तीन वर्ष–इन ब्रह्मा विष्णु महेश के समान तीनों विद्वानों से पढकर में निज नगर मुरादावाद में आया इन पुस्तकों के छापने का विचार किया एक प्रेसभी जिसका आजकल 'तंत्रप्रभाकर, नाम है जो मुरादावाद के सब प्रेसों से चढ वढकरहै इस प्रेस को मैंने तथा कमेटी ने खरीदा और आजकल मे इसप्रेस का एक हिस्सेदार तथा मैनेजर भी हूं अब तक इस प्रेस में कृष्ण द्वैपायन श्री व्यास देव कृत महाभारत, श्रीम-

द्भागवत पृथ्वीराज चौहान आदि अनेक उत्तमर ग्रन्थ छपे । तदनन्तर श्रीस्वामी सुदर्शनाचरिजी तथा गुरुवर पण्डित भवानिदत्तजी के कहने से मैंने, " न्याय सिद्धान्त मुक्तावली,, का भाषाबनाया और इसही प्रेसमें छपाया उस भाषाको देख कर सब विद्वान् बहुत प्रसन्न हुए और मुझको प्रसंशापत्रभी दिये । प्रतिदिन यह मुक्तावली खूब बिकती है और विद्यार्थी मंगा २ कर परीक्षोत्तीर्णताका लाभ उठाते हैं ॥ पुनः एक " चौदहरत्न ,, संज्ञक अर्थात् १२५ पुस्तकों का सिट छपवाया वह भी बहुत बिकचुका है और इस सिट के भी बहुत प्रसंशा पत्र आये हैं इस प्रकार ग्राहकों का आग्रह देख और कई विद्वानों ने कहा कि तुम—बोपदेवजी के ग्रन्थ छापो अभी यह ग्रन्थ कहीं नहीं छपेहैं । इन से बहुत परोप कार होगा यह सुन कर मैंने इस ग्रन्थकी सँस्कृत और भाषा यह दोनों टीका बनाई ।

(७) यद्यपि सँस्कृतटीकेही से सम्पूर्ण विद्वानों का उपकार होसक्ता था तथापि सँस्कृत के न जानने वाले भाषा रसिक जनों के हितार्थ इसकी भाषाभी लिखदीहै ॥ उपसंहार में वक्तव्य है कि—जिस प्रकारकी सँस्कृत में प्राचीन विद्वानोंकी गूढ़ाशययुक्त लेखप्रणाली है उस प्रकार से मैंने सँस्कृतटी का नहीं लिखी किन्तु मैंनतो विद्यार्थी तथा थोड़े सँस्कृत जानने वालों के समझाने के लिये सरल और एक २ शब्द का दो २ तीन २ पर्याय देकर अर्थ दिखाया है । विद्वान् इसको पुनरुक्ति न समुझे क्योंकि आज कल ऐसीही सँस्कृत के लिखने से उपकार होसक्ता है और जहां २ सँस्कृतटीके में अशुद्ध होगयाहो उसको शुद्ध करलेना क्योंकि अशुद्धियां बड़ो २ से रहजाती हैं मैंतो एक छोटा और अल्पज्ञजन पण्डितों का किंकर और ब्राह्मणों का दासहूं लिखाभी है—


" गच्छतः स्खलनं क्वापि भवत्येवप्रमादतः ।
हसन्ति दुर्जनास्तत्र समादधति सज्जनाः ॥ १ ॥

किं बहुना जो कुछ इस ग्रन्थ में भूल चूक रहगई हो—सो विद्वानोंको चाहिये कि उसे क्षमाकर मेरेपरिश्रमको सफ़लकर उसे पूर्ण रीति से पूर्ण करैं ॥

निवेदकः—सारस्वत वंशांकुरो
वैद्यनाथशास्त्री
मेनेजर तन्त्रप्रभाकर प्रेस.

मुरादाबाद
१।९।१९०२।

॥ श्रीगणेशायनमः ॥



अथ हरिलीलाभिधं श्रीमद्भागवततत्त्वम् ॥

पंच श्लोका मंगलाचरणस्य—

श्रीवृन्दारकवृन्दवन्दितपदं मन्दं हसन्तं मुदा ।
श्रीबालम्बितपद्ममालभ्रुषिता भृंगावलीभ्राजितम् ॥
भाले चन्दनखण्डराजिविलसत्सिन्दूरपूरं सुखम् ।
सानन्दं शिवनन्दनं भज मनो लम्बोदरं सुन्दरम् ॥ १ ॥

दुःखदारिद्रहरणं करणं सुखसम्पदाम् ।
भवाब्धितरणं हरेश्चरणं शरणं व्रजे ॥ २ ॥

वेदशास्त्रपुराणेषु तुल्यता यस्य नेक्षते ।
आदिमध्यान्तरहितं तं नौमि शिवदं शिवम् ॥ ३ ॥

यैश्च प्रक्षालितं वाचां मलं सारस्वतैर्जलैः ।
वन्दे भवानीदत्ताख्यान् भवानीजानिसेवकान् ॥ ४ ॥

श्रीनारायणसूनोः कृतिरेषा वैद्यनाथस्य ।
सुधियां सदा मुदेऽस्तु कुधियां हृदये विभेदाय ॥ ५ ॥

(मूल) श्रीमद्भागवतस्कन्धाध्यायार्थादि निरूप्यते विदुषा वोपदेवेन मंत्रिहेमाद्रितुष्टये ॥ ७ ॥

(भावार्थ) कोई ब्राह्मणों में श्रेष्ठ, वेद वेदांग आदि विविध विद्याओं का जानने वाला वोपदेवनामक पण्डित—श्रीमद्भागवत के यथा योग्य प्रयोजनको प्रगट करते

हुए हरिलीला है नाम जिसका ऐसे ग्रन्थ का निर्माण करते हैं यह विद्वानों को जानना चाहिये । इसीको श्रीमदित्यादि श्लोकद्वारा प्रकट करते हैं । श्रीमद्भागवत को तथा उस के स्कन्ध और अध्यायादि के अर्थोंको निरूपण करते हैं । आदि पदसे महाप्रकरण तथा अवान्तर प्रकरणोंका भी वर्णन करते हैं । यह जानो । "श्रीमत्" यह हेतुगर्भित विशेषण है । अथवा मंगलमय होनेसे विनारूप परिश्रम के अन्तको शुभफल का देने वाला है । यद्वा क्रियाविशेषण होसकता है । (प्रश्न) कौन इस ग्रन्थका कर्ता है । (उत्तर) बोपदेवनामक पण्डित (प्र०) कैसे बोपदेव हैं । (उत्तर) सम्पूर्ण वेदशास्त्र पुराणों के ज्ञाता ; यदि वोह सामान्य मनुष्यों के समान होते तो उन के ग्रन्थ के ग्रहण करने की इच्छा भी बड़े २ विद्वानों को नहीं होती इसी लिये मूल में "विदुषा" यह पद लिखा है । (प्र०) किस प्रयोजन के लिये इस ग्रन्थको बनाया । (उ०) हेमाद्रिपर्वत के किसी राजा तथा उस के मन्त्री के सन्तोषार्थ ("चलो एक ऐसी कथा सुननेमें आती है कि रामचन्द्र नामक राजाके हेमाद्रि नाम वाले प्रधान मन्त्री ने बहुत प्रार्थना की कि हे बोपदेवजी आप मुझको श्रीमद्भागवत का ऐसा सारार्थ निर्माण करदो कि जिससे सब शंका दूर होजाय और एकही दिन में सम्पूर्ण भागवत का पाठ होजाय तथा मेरी यह भी इच्छा है कि मैं श्रीमद्भागवतका सम्पूर्ण नित्य नियमसे पाठकर लूं और यथार्थ भागवत ग्रन्थ के अभिप्राय को जानजाऊं उस मन्त्री की यह प्रार्थना सुन बड़े परिश्रम से श्रीबोपदेवजी महाराजने इस हरिलीला नामवाले श्रीमद्भागवत ग्रन्थार्थ निर्माण किया") अथवा कोई ऐसा अभिप्राय निकालतेहैं कि रामचन्द्र नाम राजा देवगिरि (पर्वत) का था उस राजा तथा उसके मन्त्रीके सन्तोषार्थ इस ग्रन्थ को रचा । मन्त्री की श्रद्धा बहुतथी तथा उसने बहुत प्रार्थना कीथी इसीकारण मुख्यतासे मन्त्री का सन्तोषही लिखाहै परन्तु यह उपलक्षण मात्रहै । अर्थात् जितने भगवत भक्तहैं उन सबहीका इस ग्रन्थके पढने तथा सुननेसे सन्तोषहोगा यही ग्रन्थ कर्त्ताका मुख्य तात्पर्य है ॥ जो कोई ग्रन्थ बनाताहै वह अवश्य उसके आदिमें इष्ट देवता नमस्कार आदि मंगल करता है यह निर्युक्तिक वार्त्ता नहीं है किन्तु व्याकरण महाभाष्य कार आदि कों का सम्प्रदाय है । यद्यपि यहां "श्रीमत्" यह श्लोक के आदि का पद 'श्रियः कुलानाम्—श्रियः पतिः" इत्यादि किरात माघ काव्य के सदृश मंगलार्थक तो है परन्तु स्पष्ट रीति से इस ग्रन्थ के मंगल को सिद्ध नहीं करता अतः इस ग्रन्थ के आदि में मंगल नहीं किया इस शंका के दूर करने को पूर्ण कलश न्याय दिखातेहैं अर्थात् जैसे कोई पुरुष अपने पीने आदि प्रयोजन के अर्थ घडा भरकर लावै और उसी समय कोई अन्य मनुष्य यात्रा आदि करने को जाता होय तो अन्यार्थक होने

परभी उस अन्य पुरुष को यह जल का भराहुआ घडा मंगलार्थकही होताहै इसी रीति के अनुसार यहां परभी श्रीपद का प्रयोगही मंगलका प्रकाशक होताहै फिर भी यदि कोई ऐसी शंका करै कि जो कोई ग्रन्थ वनाता है वह अपने किसी न किसी इष्टदेव की तौ अवश्यही प्रथम स्तुति प्रणाम आदि करताही है परन्तु वोप देवजी ने तौ कोई भी ऐसा मूल में श्लोक न रचा कि जिसमें इष्ट देवता आदिको प्रणामहो इस शंका को हम और एक युक्ति से खण्डन करते हैं कि यद्यपि ग्रन्थ कारने इष्ट देवता को प्रणाम आदि नहीं किया तथापि मानसिक प्रणाम अवश्यही किया यदि न करते तौ ग्रन्थकी समाप्ति तथा ग्रन्थका प्रचार कैसे होता इस अनुमान प्रमाण द्वाराही सिद्ध होता है कि ग्रन्थ कार ने मानसिक प्रणाम तथा मंगल अवश्य किया है यदि इस युक्ति को न मानै तौ विघ्नों का नाश तथा ग्रन्थ की समाप्ति होनी अत्यन्त दुर्लभ होजायगी । अथवा ग्रन्थकार के पहिले तथा इस जन्म के मंगल वहुत हैं और इस जन्म तथा द्वितीय जन्म के विघ्न वहुतही कम है इसी कारण विघ्नों ने मंगलों को न दवाया और ग्रन्थ की समाप्ति होगई । मंगल के करने में व्याकरण महाभाष्यकार की सम्मति यह है कि जो पुरुष ग्रन्थ की आदि मध्य तथा अन्त में मंगल करते हैं उन के वनाये हुए ग्रन्थ प्रसिद्ध तथा प्रयोजन सिद्ध करने वाले होते हैं और जो उन ग्रन्थों को पढते तथा पढाते हैं वह चिरकाल तक जीते हैं अर्थात् वहुत अवस्था वाले होते हैं ॥ इति ॥ १ ॥

(संस्कृतार्थः)श्रीमन्निकुञ्जविहारिणेनमः । इह कश्चिद् द्विजवंशावतंशो वेदवेदांगादिविविधविद्याविदो पदेशजातो श्रीमद्भागवतस्यं यथातथ्येन प्रयोजनं प्रकटयन् हरिलीलाभिधं प्रबन्धं निवध्नातीति विद्वद्भिर्बोध्यम् । श्रीगणेति भागवतस्य स्कन्धाश्च अध्यायाश्च तेषामर्थः आदिर्येषांतत्तथा आदिपदान्महाप्रकरणाऽवान्तरप्रकरणानां ग्रहणम् । श्रीगणेति हेतुगर्भविशेषण मगलमयत्वादनायासेन भक्तानां शुभफलमूचकत्वान्निरूप्यते इत्यर्थः क्रियाविशेषणमस्ति । केन वोपदेवेन तन्नाम्ना कथम्भूतेन विदुषा सकलवेदशास्त्रपुराणवेदा नतु साधारणधीनताऽन्यथा तत्प्रबन्धालिप्सा न स्यात् । करणे—मन्त्रिहेमाद्रितुष्टेन मन्त्रीचहेमाद्रिश्चतावभ्यां तुष्टये देवगिरीश्वरस्य नृपस्य अथच तन्मंत्रिणश्च तुष्टयर्थं लक्षणया हेमाद्रिपदेन देवगिरीश्वरस्य कस्यचिन्नृपस्य बोधः आनलपाभ्यर्थनया मन्त्रिशब्दस्य पूर्वप्रयोगः यद्वामन्त्रीचासौ हेमाद्रिः तस्यैव तुष्टये । यद्यपि ग्रन्थ मन्त्रिहेमाद्रितुष्टयेव प्रदर्शिता तथाप्युपलक्षणत्वादखिलभगवद्भक्तानां सन्तोषाभवादिति ग्रन्थकर्तुस्तात्पर्यार्थः । पुनरपि ग्रन्थकृतास्वेष्टदेवतप्रणामादिरूपं मंगलं न कृतं तथापि ग्रन्थादौ श्रीशब्ददर्शनादेव माघकिरातकाव्यादिवत् अन्यार्थत्वेऽपि पूर्णकलशन्यायेन मंगलार्थत्वमेव यद्वा समाप्तावलोकनादपि मनस्येव मंगलं कृतमिति ज्ञायतेऽन्यथा विघ्नोत्पत्तेः कथं समाप्तिः किञ्च विघ्नतो मंगलस्याधिक्यात् । "मंगलादीनिहि शास्त्राणिप्रयन्त वीरपुरुषाणि च भवन्ति आयुष्मत्पुरुषाणि चाध्येतारश्च सिद्धार्था यथास्युरिति मध्यम् ।

(मू०) आनन्दस्य हरेर्लीलां वक्ता भागवतागमः ॥
स्कन्धैर्द्वादशभिः शाखाः पतन्द्विजसेविताः ॥ २ ॥

(भाषार्थ) अब श्रीमद्भागवत का प्रयोजन कहते हैं आनन्दस्य इत्यादि श्लोक से । आनन्द पद का अर्थ यहां आनन्द स्वरूप है किन्तु आनन्द वाला नहीं है । आनन्द इस विशेषण से लीला को उपादेयता कही है तात्पर्य यह है कि आनन्द स्वरूप भगवान की लीलाभी आनन्दस्वरूप ही है धर्म तथा धर्मी इस भेद भाव के हटाने के लिये आनन्द पद को एकाधिकरण वृत्ति कहा है । जैसे उनकी लीला आनन्दस्वरूप हैं इसी प्रकार वह परमात्मा भी आनन्द स्वरूपही है । वह ब्रह्म नित्य विज्ञानमय तथा आनन्दस्वरूप है ऐसा वेदभी कहता है । गोवर्द्धन पर्वत को उठाना आदि अनेक प्रकारकी उसकी लीला प्रसिद्ध हैं । अब श्लोक कार श्रीमद्भागवत को वेद तथा वृक्ष सिद्ध करते है । (शंका) श्रीमद्भागवत को भी वेद कहते हैं इसमें क्या प्रमाण है । (उत्तर) इतिहासों और पुराणोंको भी पांचमां वेद माना है यही वाक्य यहां प्रमाण भूत है । आगम शब्द का अर्थ वृक्ष है इसमें अमरकोश का प्रमाण है । वक्ता इस पद का मुख्यार्थ को बाधकर काव्य की अत्यन्त तिरस्कृतिध्वनि द्वारा प्रकाश करनेवाला अर्थ होताहै । जैसे "उपदिशति" इस उदाहरण में उपदिशति इस पद का अर्थ आविष्कार (प्रकट-करना) होताहै तथैव भागवत रूप आगम में हरिलीला की प्रतीति होती है वेद तथा वृक्ष से इस भागवत की तुल्यता दिखाते हैं भागवत रूपी वेद के बारह स्कन्ध हैं तथा वृक्ष के भी स्कन्ध होते हैं । भागवत रूपी वेद में कठ आदि शाखा हैं । तथैव वृक्ष में भी शाखा (डाली) होती हैं कठ आदि शाखा ब्राह्मणों से सेवित हैं और वृक्षकी शाखा पक्षियों से सेवित होती हैं । स्कन्ध शाखा तथा द्विज सेवित इत्यादि शब्दों के दो अर्थ मेदिनी कोष से जानने । भक्ति और ज्ञान भी लीला के भीतरही आजाते हैं इस कारण इनको पृथक् २ नहीं दिखाया । इसी कारण इस श्रीमद्भागवत ग्रन्थ में लीला यह प्रतिपाद्य है किन्तु ज्ञानादि नहीं वह लीला कितने प्रकार की है इसका निरूपण अगाडी करेंगे ॥ २ ॥

(संस्कृतार्थः) अधुना श्रीमद्भागवतप्रयोजनमुच्यते आनन्दस्येत्यादिना—(आनन्दस्य) आनन्दस्वरूपस्य नत्वानन्दवतः विशेषणेनानेन लीलाया उपादेयतोक्ता । आनन्दस्य लीलाप्या नन्द स्वरूपेति भावः । एकाधिकरणवृत्तित्वंतु धर्मिधर्मिभानदूरीकरणार्थम् । इत्थम्भूतस्य (हरेः) भगवत आनन्दस्वरूपस्य श्रीकृष्णपरमात्मनः । नित्यं विज्ञानमानन्दं ब्रह्मेतिश्रुतेः । (लीलाम्) गोवर्द्धनोद्धारणादिलीलाम् । (भागवतागमः) भागवतमेवागमो वेदः "इतिहासपुराणञ्च पंचमो वेद उच्यत" इति प्रामाण्यात् नःपुराणस्य श्रीमद्भागवतस्य वेदत्वेन प्रति

पादनम् । अन्यत्र भागवतमवागमांवृक्षः " वृक्षोगहीरुहः शाखी विटपी पादपस्तरुः । अनोकहः कुटः सालः पलाशी द्रुद्रुमागमाः " इत्यमरः । (वक्तीति ;) अत्रमुख्यार्थस्यात्यन्ततिरस्कृतत्वादत्यन्ततिरस्कृतव.च्यध्वनिना प्रकाशयितत्यर्थोबोध्यः यथा " उपादिशति कामिनीनां यौवनमद एव ललितानि " अत्र " उपादिशति " इत्यनेन " आविष्करोति " इति लक्ष्यते तद्वदत्रापि भागवतागमे हरिलीलाप्रतीतिरितिभावः । वेदवृक्षाभ्यां सहास्य तुल्यतां प्रदर्शयति ॥ (स्कन्धैः)—द्वादशभिः; तत्संख्याकैः अन्यत्र वृक्षावयवैः " स्कन्धः स्यान्नृपतावंशे संघरायसमूहयोः कायेतरप्रकाण्डेच " इतिमेदिनी कथनात् श्लोकसमूहस्य वृक्षावयवस्यच बोधः (शाखाः) कठकाद्याः अन्यत्र वृक्षांशकाः " शाखा द्रुमांशे वेदांशे इतिहैमः (प्रतन्वन्) विस्तारयन् कर्मभूताः शाखाः (द्विज सेविताः) द्वाभ्यां योनिसंस्काराभ्यां जायन्त इतिद्विजा ब्राह्मणास्तैः सविताः अन्यत्र द्विजायन्ते इति द्विजा अन्येष्वपीतिडः तैः सेविताः स्थितिशयनार्दिना—" द्विजःस्याद्ब्राह्मणक्षत्रवैश्यदन्ताण्डजेषु ना इति मेदिनी । भक्तिज्ञानादीनां लीलायामेवान्तर्भावः इति तेषां न पृथगुक्तिः तेनास्मिन्प्रबन्धे लीलैव प्रतिपाद्या नान्यत् साच लीला.कतिधेत्यग्रे वक्ष्यते ॥ २ ॥

(मू०) सा च द्वितीयदशमे दशधादर्शि तद्यथा ॥
अत्र सर्गो विसर्गश्च स्थानं पोषणमूतयः ॥ ३ ॥
मन्वन्तरेशानुकथा निरोधो मुक्तिराश्रयः ।—

(भावार्थ)—दूसरे श्लोकमें जिस लीलाका कथन किया है वह लीला दूसरे स्कन्धके दशमे अध्याय में वर्णन कीगयी है । उस लीलाके दश भेदहैं उनका निरूपण कियाजाताहै यथा—सर्ग १ विसर्ग २ स्थान ३ पोषण ४ ऊति ५ मन्वन्तर ६ ईशानुकथा ७ निरोध ८ मुक्ति ९ आश्रय १० यह दशों परस्पर अंगांगि भाव होनेसे क्रमसे उत्तरोत्तर लीलाके दशमें भेद आश्रय में मिलते हैं यथा सर्ग अंगहै, विसर्ग अंगी है । सर्ग और विसर्ग यह दोनों अंगहैं तथा स्थान इनका अंगी है ॥ पुनः सर्ग विसर्ग स्थान यह तीन अंगहैं—पोषण अंगी है । सर्ग विसर्ग स्थान पोषण यह चारों अंगहैं—ऊति अंगी है। सर्ग विसर्ग स्थान पोषण ऊति यह पाँच मन्वन्तर के अंगहै तथामन्वन्तर इनका अंगीहै सर्ग विसर्ग स्थान पोषण ऊति मन्वन्तर यह छः ईशानुकथारूपी अंगीके अंगहैं । सर्ग विसर्ग स्थान पोषण ऊति मन्वन्तर ईशानुकथा यह निरोध नाम अंगीके अंगजानने सर्ग विसर्ग स्थान पोषण ऊति मन्वन्तर ईशानुकथा निरोध यह आठोंमुक्तिके अंगहै तथा मुक्ति इनका अंगीहै । सर्ग विसर्ग स्थान पोषण ऊति मन्वन्तर ईशानु कथा निरोध मुक्ति यह नौ आश्रयरूप दशवें लीलाके भेदके अंग होतेहैं पुनः यह आश्रय इन सबका अंगीहै यहरीति अंगांगि भावकीहै—यद्यपि इन दशों का सविस्तर लक्षण आगे कहेंगे तथापि शिष्यों की बुद्धि के स्वच्छार्थ सूक्ष्म रीति से यहां भी इन दशों का लक्षण कहते हैं शरीर रहित

परमात्माका जो नर देह स्वीकार करना है वही सर्ग है १ उसपुरुषरूपपरमात्मासे ब्रह्मादिकों की उत्पत्ति होनाही विसर्गहै २ उन ब्रह्मादि कों के आधार जो नाभिकमल आदिहैं उसकी जो स्थिति का कथनहै वहीस्थानहै ३ उस स्थिति को जो पुष्टि करनी है वही पोषण है ४ और पोषण का जो आचार है वही ऊति है ५ सत्पुरुषोंका आचार ही मन्वन्तर है ६ कृष्णमें भक्ति करनी ही ईशानुकथा है ७ कृष्णभक्तों को इस संसार रूपी प्रपञ्चसे पृथक् कर देना का नाम निरोध है ८ निष्प्रपञ्च कृष्णभक्तों को निज यथार्थ स्वरूप की प्राप्ति होनी ही मुक्ति है ९ उन मुक्तों का जो परब्रह्म स्वरूप में स्थित होजाना है वही आश्रय है १० ॥ बहुत परिश्रम के न करनेसे इन दशों की प्राप्ति होती है इसी लिये इनको लीला नाम से वर्णन किया है तात्पर्य यह है कि योग जप तप करने से योगी आदि जनों को बहुत दुःख उठाने परभी मुक्ति मिलना कठिन है और इस लीला के द्वारा तो सहजही में मुक्ति होसकती है ॥

(संस्कृतार्थः) सेति—सा च पूर्वोक्तलीला द्वितीयस्कन्धस्य दशमेऽध्याये प्रदर्शिता । सा पुनः दशभेदवती भवति च दश तस्या निरूप्यन्ते यथा—सर्गः १ विसर्गः २ स्थानं ३ पोषणम् ४ ऊतयः ५ मन्वन्तरम् ६ ईशानुकथा ७ निरोधः ८ मुक्तिः ९ आश्रयः १० । एतेषु परस्परमंगांगिभावात् यथान्तरमाश्रयं प्रविशन्ति । यद्यप्येषां सविस्तरं लक्षणमत्र गद्यते तथापि शिष्यबुद्धिवैशद्यार्थं सङ्क्ष्यपूच्यते तद्यथा तत्र शरीरादितस्य कृष्णस्य नरशरीरस्वीकारः सर्गः १ पुरुषाद्ब्रह्मादीनां जननमत्र विसर्गः २ तेषामाधारस्य कमलादेः अवस्थितिः स्थानम् ३ स्थितानां पुष्टिः पोषणम् ४ पुष्टानामाचार ऊतिः ५ सदाचारो मन्वन्तरम् ६ कृष्णमर्चनादीशानुकथा ७ कृष्णभक्तानां संसारभावो निरोधः ८ संसाराभावत्वादेव तयां स्वरूपप्राप्तिर्मुक्तिः ९ मुक्तानां ब्रह्मस्वरूपेणावस्थितिराश्रयः १० इति । अनायासेन साध्यत्वमेषां लीलात्वम् योगादिना तु बहुजन्मदुःखसाध्यत्वात् मुक्तेर्दुष्प्रापेतिभावः ॥

(मू०) सर्गादयस्तृतीयादि स्कन्धेषूक्ता दश क्रमात् ॥ ४ ॥
श्रोतुर्वक्तुश्च लक्ष्याद्ये द्वितीये श्रवणे विधिः ॥
इतीदं द्वादशस्कन्धं पुराणं दश लक्षणम् ॥ ५ ॥

(भावार्थ) इस पूर्वोक्त रीति के अनुसार ग्रन्थार्थ कह कर अब स्कन्धार्थ का वर्णन करते हैं जो पहिले सर्ग को आदि लेकर लीलाके भेद कहे हैं वेह दश हैं और वेह दश यथाक्रम तृतीयादि स्कन्धोंमें जानने।अब उनका क्रम दिखातेहैं तृतीयस्कन्धमें सर्ग। चौथेमें विसर्ग। पांचवेंमें स्थान।छटेमें पोषण।सातवेंमें ऊति। आठवेंमें मन्वन्तर। नवम में ईशानुकथा। दशम मे निरोध। एकादश में मुक्ति। द्वादश में आश्रयका वर्णन किया है ॥ ४ ॥ अब पहिले तथा दूसरे स्कन्धके विषयों का वर्णन करते हैं ।

पहिले स्कन्ध में श्रोता तथा वक्ता का लक्षण दूसरे स्कन्ध में कथाश्रवण करने की विधि है। यद्यपि प्रथम तथा द्वितीय स्कन्धमें लीला के भेदों का वर्णन नहीं है तथापि "जगृहे पौरुषं रूपम्,, इस वचनसे सामान्य रीतिद्वारा वहां भी लीला जानलेनी। (प्रश्न) जिसमें दश लक्षणहों वही महापुराण है और वेह दश लक्षण तृतीयादि दश स्कन्धों में ही है तौ पहिले दो स्कन्ध महापुराण भागवत नहीं होसकते (उत्तर) यद्यपि उनदोंनोंमें दशलक्षण नहीं है तथापि इस महापुराणका कैसा श्रोता वक्ता होना चाँहिये तथा कैसे इस भागवतको सुने; विना इस वातके जाने पुराण के सुनने सुनाने की इच्छाही नहीं होसकती और इसके न होने से पुराण का होनाभी वृथा है अतः यह वातें भी आवश्यक हैं और इन दो में लिखी हैं इस कारण इन दोनों स्कन्धों को भी पुराण का अंग होने में हानि नहीं प्रत्युत लाभहै। इसी लिये वारह (१२)ही विषय हैं तथा वारह (१२) ही स्कन्धहै यही तात्पर्य है। (शंका) अमरकोश में यह लिखा है कि जिसमें पांच लक्षणहों वही पुराणहै वेह पांच यह है—सर्ग१ प्रति सर्ग २ वंश ३ मन्वन्तर ४ भूम्यादि का संस्थान ५ तौ इस दश लक्षण वाले वाक्य से विरोध होगा (उत्तर) जिस में पाँच लक्षण हों वह पुराणहै और जिस में दश लक्षणहों वह महापुराण है यही विशेषता है ! यद्यपि मुक्तिभी निरोध काही भेद है परन्तु मुक्ति और निरोधके उपादेय (कार्य) भिन्नहैं इसी से इनको भी पृथक्२ वर्णन किया है ॥ ५ ॥

(संस्कृतार्थः) एवं प्रबन्धार्थमुक्त्वास्कन्धप्रयोजनमाह सर्गादय इति (सर्गादयः) लीलाया भेदाः पूर्वोक्ता ज्ञेयाः। (दश) दशसंख्यकाः (क्रमात्) यथासंख्यम् (तृतीयादिस्कन्धेषु) तृतीय आदिर्येषाम् ते च स्कन्धा द्वादश इत्यर्थः तेषु (उक्ताः) कथिताः क्रमेणैषामयम्—तृतीयेसर्गः, चतुर्थे विसर्गः, पञ्चमेस्थानम्, षष्ठेपोषणम्, सप्तमऊतिः, अष्टेमन्वन्तरम्, नवमे ईशानुकथा, दशमे निरोधः, एकादशे मुक्तिः, द्वादशे आश्रयः, इति। ॥ ४ ॥ (अत्र) प्रथमस्कन्धे (श्रोतुः) शिष्यस्य (वक्तुः च) गुरोः च (लक्ष्म) लक्षणम् "चिह्नंलक्ष्मच लक्षणम्,, इत्यमरः कथित मितिशेषः। (द्वितीये) द्वितीयस्कन्धे (श्रवणे) कथाश्रवणे (विधिः) विधानम् निरूपित इत्यवशिष्टः। इदमित्थं श्रोतव्यमितिविध्यर्थः। न च लीलाभेदानां सर्गादीनां निश्चिततया प्रथमद्वितीयस्कन्धयोरसत्वात् तत्राव्याप्तिरितिवाच्यम् गौणतया जगृहे पौरुषं रूपमित्यादिना तत्रापि दर्शितत्वात्। ननु पुनरपि "पुराणं दशलक्षण,, मितिवचनात् मुख्यतया लीलाभेदाभावात् आद्यस्कन्धद्वये पुराणलक्षणस्याव्याप्तिरिति चेन्न दशासत्वेऽपि मुख्यमसंगतः वक्तृश्रोतृलक्षणस्यावश्यकतया न पुराणलक्षणहानिरन्यथा कथनश्रवणप्रवृत्तिरपि न स्यात्। उपसंहरति—इतीदमिति—(इति) यतः कारणात् (द्वादशस्कन्धम्) द्वादशस्कन्धायस्मिन् तत् विषयाणां द्वादशत्वात् द्वादशैवस्कन्धाइति तात्पर्यार्थः। (दशलक्षणम्) सर्गादयः दशलक्षणम् यत्र (पुराणम्) यत्तु "पुराणं पंच लक्षणम्,, इत्यमरवचनात् सर्गश्च प्रतिसर्गश्च वंशो मन्वन्तराणि च। भूम्यादेश्चैव संस्थानं पुराणं पञ्च लक्षणम् इति प्रमाणाद्वा निश्चितं यत्तु व्यासादिप्रणीतगरुड्यादिपुराणपरं श्रीमद्भागवत-

स्य तु महापुराणत्वात् दशलक्षणपरत्वेन युक्तमन्यथा तयोर्विरोधादेकमपि न स्यात्। पुराणत्वम्—सर्गश्चेत्यादिसूत्रे निपातनात्। पूर्वकालैक इतिसूत्रे निपातनात् वृद्धागमः सद्वा पुराणमिदम् पुराणम् पुराणप्रोक्तत्वादिसूत्रे निपातितम्। अथवा भूतमविष्यत्तावर्तमानेति—आगमत्वम् पञ्चमत्वम्। न च मुक्तिनिरोधस्यैकभेदलक्ष्यत्वे वक्ष्यति अतो नवलक्षणोपपत्तिः युक्तम्—तत्तद्दशमेऽध्यायतया मुख्यत्वात् पृथक् कथनमिति ॥ ५ ॥

(मू०) प्रथमेऽष्टादशाध्यायास्तत्र प्रकरणत्रयम् ॥
त्रित्रिद्वादशभिर्लक्ष्यहीनमध्योत्तमत्वतः ॥ ६ ॥
श्रोतारः शौनको व्यासः परीक्षिच्चोत्तमाः क्रमात् ॥
वक्तारोऽपि तथा सूतो नारदः शुक इत्यमी ॥ ७ ॥

(भाषार्थ) इसप्रकार स्कन्धोंके भेदका प्रयोजन कहकर प्रथमस्कन्धके अर्थको प्रकट करतेहुए प्रकरणोंको दिखातेहैं। प्रथम इत्यादिसे प्रथमस्कन्धमें अठारह अध्यायहैं और उसमें तीनप्रकरणहैं श्रोता वक्ताओंके हीन मध्यम उत्तमहोनेसे तीन २ और बारह इन अध्यायोंमें इन पूर्वोक्त तीनोंका यथाक्रम वर्णनहै। हीन और मध्यम इन दोनों में कुछही अन्तरहै इसीसे इनका तुल्य संख्या वाले तीन२ अध्यायोंमें ही वर्णनहै॥६॥

अब उनके वर्णनका प्रकार दिखातेहैं "श्रोतार" इस श्लोकसे श्रीमद्भागवत की कथा के सुनने वाले भी तीन हैं शौनक १ व्यास २ परीक्षित् ३। शौनक हीन श्रोता हैं उनका प्रथम प्रकरण के तीन अध्यायों मे वर्णन है व्यास मध्यम श्रोता है वह पूर्वोक्त से कुछही अधिक है इसी कारण इनका दूसरे प्रकरण के तीन अध्यायों मे कथन है। परीक्षित् उत्तम श्रोता हैं यह सबसे उत्कृष्टहैं इसी लिये इनका उन पहिले दो की अपेक्षा चतुर्गुण बारह अध्यायों में वृत्तांत है। कोई यहां ऐसा कहतेहैं कि शौनक तथा व्यास हीन और मध्यम हैं। तौभी वृद्धत्व तथा गौरव होनेसे प्रत्यक्ष ग्रन्थ कर्ता ने हीन तथा मध्यम शब्दोंसे उच्चारण न किया किन्तु तथा आदि शब्द से चेष्टा द्वारा (इशारेसे) ही कथन कियाहै जैसे तीन श्रोता हैं वैसेही तीन वक्ताभी जानने सूत हीन वक्ताहैं। नारद मध्यम हैं। शुकदेवजी उत्तम वक्ता हैं। इनके अध्यायादिक की न्यूनाधिकता पूर्वोक्त क्रम के अनुसार जाननी ॥ ७ ॥

(संस्कृतार्थः) एवस्कन्धभेदार्थं निरूप्य प्रथमस्कन्धार्थं प्रकटयन्नत्र प्रकरणान्युच्यन्ते—प्रथमइति—(प्रथमे)प्रथमस्कन्धे (अष्टादशाध्यायाः)अष्टादश संख्याका अध्यायाः सन्ति(तत्र) प्रथमस्कन्धे (प्रकरणत्रयम्) प्रकरणानां त्रयम् प्रकरणत्रयम् त्रीणि प्रकरणानीत्यर्थः। (त्रित्रिद्वादशभिः) नौवयोर्धर्मिषमूलमूलेति सूत्रेण द्विरूपपदसान्निध्यात् नैकशेषः—एकमन्यत्रापीव्यूह्यम्। त्रिभिरध्यायैः पुनस्त्रिभिरध्यायैः अथच द्वादशभिरध्यायैरिति विशदार्थः। कस्मात्प्रकरणत्रयमेव तत्र हेतुमाह

(लक्ष्यहीनमध्योत्तमत्वतः) लक्ष्यहीनमध्यमोत्तमत्वात् अर्थात् लक्ष्यस्यश्रोतृवक्तृस्वरूपस्य हीनत्वेन मध्यमत्वेन उत्तमत्वेन च त्रैविध्यात् इतिभावः । मध्यपदेन मध्यमपदस्यबोधः । मध्यमहीनयोः किंचिदूनत्वादेवतयोः समसंख्याकैः त्रिभिः त्रिभिरेवाध्यायैर्वर्णनामिति सुधीभिर्विभाव्यम् । ॥ ६ ॥ तत्प्रकारमाह श्रोतार इति—(श्रोतारः) श्रीमद्भागवतकथाश्रुश्रूषवः (क्रमात्) यथासंख्येन (उत्तमाः) क्लिष्टकल्पनयात्रोत्तमपदेनैकांगग्रहणाद्यथांगिनो ग्रहणं तद्वदिवहीनमध्यमयोः स्वीकारःतथा च शौनको हीनः श्रोता स च प्रथमप्रकरणे त्रिभिरध्यायैर्वर्णित इति स्फुटार्थः । व्यासस्तु मध्यमः श्रोता सत्वपि तस्मादिकिञ्चिदाधिक्यत्वात् द्वितीयप्रकरणे तत्समसंख्याकैरेव त्रिभिरध्यायैर्निरूपित इति विशदार्थः । परीक्षिच्चोत्तमः श्रोता सर्वे सर्वोत्कृष्टत्वात् पूर्वापेक्ष्याधिक्यैर्द्वादशभिरेवाध्यायैर्निदर्शित इति विकासितार्थः । केचित्तु शौनकव्यासयोर्हीनमध्यमत्वसत्वेऽपि वृद्धत्वात्तद्गौरवाच्च स्फुटतया ग्रन्थकर्त्रानामोच्चारणं श्लोके न कृतं अपितु इंगिततयैव विज्ञापितमिति वदन्ति । (अमीवक्तारोऽपि) कथावाचकाअपि (तथा) हीनमध्योत्तमाः के ते तानाह (सूतः) सूतो हीनो वक्ता । (नारदः) नारदो मध्यमो वक्ता । (शुकः) शुकदेवः उत्तमो वक्ता । एषां न्यूनाधिकता क्रमशः पूर्ववद्बोध्या ॥ ७ ॥

(मू०) वैराग्यस्य प्रकर्षेण प्रकर्षोऽत्र विवक्षितः ॥
तल्लक्षणपरः श्रोतुं वक्तुं चार्हति संहिताम् ॥ ८ ॥
पुराणेष्वितिहासैर्हि लक्षणादिनिरूपजम् ॥

(भाषार्थ) कैसे सर्व साधारण राजा परीक्षित के श्रोताओंकी गिनती में शौनक तथा व्यासजी से अधिक महत्व दिखाया । और कैसे योगसे परिपक्व नारद महर्षि से भी ज्यादा वक्ताओंकी गिनती में उत्कर्षता शुकदेवजी की कही ऐसा अपने चित्तमें बिचार कर ग्रन्थ कर्ता इस बातको प्रकट करतेहैं वैराग्यस्य इस पद्यसे । इन तीनों श्रोता तथा वक्ताओं में वैराग्य की अधिकता से महत्त्व कहाहै मनुष्य, मुनि, बालक, वृद्ध चाहें कोई क्यों न हो किन्तु जिसमें प्रेमकी प्रबलता होगी उसीमें भक्ति की आधिक्यताजानो कुछ इसमें देवर्षि तथा ब्रह्मर्षियोंकी गणनाही नहींहै अर्थात् देवर्षि ब्रह्मर्षियों कोही भक्ति अधिकहो तथा मनुष्यों को न्यूनहो यह बातठीक नहीं ! शुकदेव जी का बडप्पन तौ श्रीमद्भागवत में प्रसिद्धही है जब शुकदेव जी घर बार छोड़ वन को चले उनके पीछे२ ही पिता व्यासजी भी " अरे पुत्र कहाँ जाओ हो?? यह कहते२ चलदिये कुछ थोडी दूरही एक तालाव में नंगी स्त्रियें स्नान कर रही थीं वृद्ध व्यासजी को देख उन स्त्रियोंने लज्जा की परन्तु युवा शुकदेवजी को देख नहीं इस्का यही तात्पर्य है कि यह शुकदेव जी भक्ति ज्ञान वैराग्य में अपने पिता व्यासदेवजी से भी अधिक हैं और न उनको अपने देहका अनुसन्धान था यह बात स्पष्टही है । परीक्षितभी श्रोताओंमें बडाही होना चाँहियें क्योंकि जो परीक्षित मुनिपुत्रसे सात दिनका अपना मरण सुन परमानन्दहो शीघ्रही भागीरथी के किनारे अनशन व्रतकर श्री कृष्णचन्द्र

आनन्दकन्दकी कथा में मग्नहो योगधारणासे अपने देहको त्यागताहुआ इसीसे शौनक व्यास इन दोनों से अधिक परीक्षितको कहाहै। जैसे इन श्रोता वक्ताओंने भागवतको सुना सुनाया इसी प्रकार अगाडी को जो ऐसे प्रेमवाले श्रोता वक्ताहोंगे उनको पूर्वोक्त तीन प्रकार में संख्याहोंगी और वेह कथा सुने। जिन श्रोता तथा वक्ताओंको जबतक प्रेम न होगा तब तक कथामें भी स्वाद तथा प्रेम न होगा क्योंकि प्रेम रहितती अधिकारीही नहीं ॥ ८ ॥ पहिले स्कन्धमें श्रोतावक्ता का निर्णय है ऐसा व्यासजी ने तौकहीं नहीं लिखा इस शंकाको दूर करते हैं। निश्चयसे अष्टादश पुराणों में इतिहासों के द्वारा सर्ग विसर्गादि लक्षणों का निरूपण होताहै जैसे कि लोकमें जलके भरनेका प्रयोजन होताहै तो मनुष्य—कुम्भार के घर से घट लाता है और जब प्रयोजन नहोतो कुम्भार उस के घर आकरभी घड़ादे तौभी नहीं लेता इस प्रकारकी साधारण लौकिकयुक्तियें पुराणों में नहीं हैं किन्तु उनमें तो इतिहासों के चातुर्य्य से अलौकिक चमत्कारद्वारा कार्योंकी प्रवृत्ति होती है अर्थात् पुराणों के ऐसे २ गंभीर आशय हैं कि कुछ तो उनमें कथनहै और कुछ औरही उनका प्रयोजन है कथाप्रसंग से पुराणों का उपदेशभी सबका हितकारक तथा विश्वसनीय और चमत्कारिक है ॥ ७ ॥

(संस्कृतार्थः) ननुकथमत्र परीक्षितो नृपस्य सर्वसाधारणस्य श्रोतृगणनायांचौनकव्यासतः प्रकर्षः प्रोक्तः अपि च कथं वक्तृसंख्यायां योगेन परिपक्वस्य नारदमहर्षेः सकाशाच्छुकस्यापि उत्कर्षोदर्शितः इति स्वचेतसि विचार्य ग्रन्थकर्त्रा तादृशदशायां वैराग्यस्येत्यादिना (अत्र) एषुत्रिषु श्रोतृषु वक्तृषु च (वैराग्यस्य)सर्वंत्यक्त्वा भगवतिदत्तचित्तो हि वैराग्यवतस्य (प्रकर्षेण) उत्कृष्टतया (प्रकर्षः) महत्त्वं (विवक्षितः) अभिमतः । मानवो मुनिर्वा बालो वृद्धोवायःकोऽपिस्यात् किन्तु यत्र प्रेमप्राबल्यं तत्रैवाधिकोभक्त्युद्रेकः नतु देवर्षिनारदादिष्वेवेत्यर्थः । शुकस्य प्रकर्षस्तु "यं प्रव्रजन्तमनपेतमपतकृत्यम्,, इत्यादि वचनैः तथा कस्मिँश्चित् सरोवरे नानास्त्रियोवृद्धमपि दृष्ट्वाव्रपां चक्रे पुनस्तदग्रे यान्तं युवानं समदृष्टिं तं शुकमवलोक्य न लज्जितवत्यः इत्यादि प्रमाणेश्च सुस्पष्ट एव ॥ परीक्षिच्च मुनिसुतशापं परमादरेणांगीकृत्यानशनं व्रतं विधाय भागीरथी तटनिकटे झटत्यटनंकृत्वा 'कृष्णकथारसचित्तस्तत्रयोगधारणया स्वकलेवरं जहाविति वैराग्योऽपि महानित्युत्तमत्वं ताभ्याम् । ननुकिमनेन प्रसंगेन प्राप्तम् तत्राह (तल्लक्षणः) तेन हीनमध्यमोत्तमवैराग्या लक्षणं यस्येतितल्लक्षणः यथा (संहितां) श्रीमद्भागवतीं (श्रोतुं वक्तुं स अर्हति) श्रवणंकर्तुं कथितुञ्च योग्यः तथैव (परः) इदानींतनः पुरुषः श्रीमद्भागवतीं संहितां शृणोतु श्रावयतुच्च इत्यर्थः । सर्वतः परमप्रेमवता श्रोत्रावक्त्रा च श्रुतमुक्तम्वावृत्तं परिणामे वैराग्योत्पादकं भवति न तु विगतरागेणेतिभावः ॥ ८ ॥ ननु प्रथमस्कन्धादिषु वक्तृश्रोतृनिर्णयादिर्विधीयते इतिमुनिना नहि कुत्रापि प्रदर्शितं तत्कथमवबुद्धं तत्राह पुराणेष्विति—(पुराणेषु) अष्टादशसुपुराणेषु (हि) निश्चयेन (इतिहासैः) इतिवृत्तकथनद्वारा (लक्षणादि) सर्ग विसर्गादि दशलक्षणमुक्तं (निरूपणम्) वर्णनम् कृत मितिशेषः । आदिपदात्पुण्यपापयोर्ग्रहणम् । इदमत्रतात्पर्यं प्रयोजनम् —यथालोके घटजलाहरणप्रयोजने कुलालगृहं गत्वा कथयति घटं कुरु कार्यमनेनकरिष्यामीति प्रयोजनाभावेतु घटं नयेति कुम्भकारेण प्रेरितोऽपि घटंना कार्षीं किम पिनानेन प्रयोजनं मदीयं

इत्यादयः साधारणयुक्तयो भवन्ति पुराणेषु नैवं विधास्तत्रतु इतिवृत्तकथनचातुर्यलौकिकचमत्कारादिना कार्यप्रवृत्त्यादिद्युच्यते न स्फुटतया किञ्चपुराणोपदेशोऽपि कथा प्रसंगेन प्रतिपदं सार्वजनीनं विश्वसनीयं भंगियुक्तञ्च भवतीतिभावः ॥ ७ ॥

(मू०) वेदः पुराणं काव्यञ्च प्रभुर्मित्रं प्रियेवच ॥ ९ ॥
बोधायन्तीति हि प्राहु स्त्रिवद्भागवतं पुनः ॥

(भाषार्थ) अब जो कि प्राचीनों का आचार तथा प्रचार है उसे पुष्ट करते हैं वेद इत्यादि से । अधिकारियों के पृथक् २ तथा तीन होनेसे उपदेश तीन प्रकार का है । जिन की योगसे अत्यन्त परिपक्व (पक्की) बुद्धि है वेह पुरुष वेद में अधिकारी होसक्ते हैं । योगी हों या न हों किन्तु श्रद्धालु हों वहीं पुराणों में अधिकारी मानेगये हैं । जोकि सुकुमार मति (कोमल बुद्धिवाले) हैं वेह काव्यरस वेत्ता हैं । वेद में शब्द की मुख्यताहै । पुराणोंमें अर्थकी दृढताहै । काव्य में रसकी पुष्टता है । इसी कारण इन सब के यथायोग्य अधिकारी उत्तमादि होते हैं । वेद स्वामी के तुल्य पुरुष को सब करने योग्य कामों में नियुक्त करता है । जैसे कि स्वामी की आज्ञा में भला बुरा न विचार सेवक भली प्रकार कार्य करतेहैं । तैसे ही प्रतिदिन संध्या करे इत्यादि वेद वचनोंको मान द्विज आदि उन २ कार्य्यों में प्रवृत्त होते हैं । पुराण मित्र के तुल्य आज्ञा करता है जैसे मित्र मित्र को स्वामी के समान आज्ञा नहीं देते किन्तु युक्ति से बोध कराते हैं तैसे ही हे मित्र देखो सदाचरण और सत्य बोलने से युधिष्ठिर को जय की प्राप्ति तथा राज्य का लाभ हुआ । निषिद्धाचरण और असत्य बोलने से दुर्योधन की पराजय तथा हरण हुआ । ऐसा मन में विचार आप युधिष्ठिर के समान आचरण करो और दुर्योधन के समान नहीं यही उपदेश पुराणों का है । रघुवंशादि काव्य पुरुष को निज प्रियतमा (प्राणप्यारी) के समान प्रार्थनाकर समुझाते हैं यथा जैसे कोई स्त्री भ्रुकुटि कुटिल कर मन्द २ हँस बल से कामी को अपने आधीन करै है और वह कामी भी उसके मानसिक विचारके अनुसार अवश्य उन२ कार्य्योंको साधनकरैहै ऐसेही काव्य अपना लोकोत्तर चमत्कार दिखाय मानो हठ से पुरुष को अपने आधीन कर तथा रसिक जन के मन को सरस कर रामचन्द्र जीके अनुकूल सुकर्म करने और रावण के समान कुकर्म न करने इत्यादि कार्य तथा अकार्य की प्रवृत्ति तथा निवृत्ति इस उपदेशद्वारा आज्ञा देता है । यह तीनों मिलकर इत्यादि बातों को सूचन करते हैं ऐसा प्राचीनोंका निश्चय है । (शंका) प्रकरण के अनुसार पुराण का वर्णन करना तो युक्तियुक्त

है परन्तु वेद काव्य के वर्णन करने का कुछभी प्रयोजन नहीं और यह प्रकरण विरुद्ध भी है (उत्तर) श्रीमद्भागवत पुराण तो वेद, काव्य, पुराण इन तीनों के तुल्य उपदेश करता है इसी हेतु से इस ग्रन्थ में कहीं वेद के समान उपदेश है और कहीं काव्य के तुल्य आदेश है तथा कहीं पुराण के नाईं आख्या का वर्णन है यह तात्पर्य जानना ।

(संस्कृतार्थः) एतच्च प्राचीनाचारप्रचाराभ्यां तदेव पुरयति वेद इति इहामिकामुष्मिकयोः पुंसां क्षयात् त्रित्वाच्चापदेशोऽपि त्रिविधः । योगेनात्मविद्यायाः कृत्स्नो वेदोऽभिकार्थवान् । योगिनां मनस्तमोभवन्तु क्षिन्तु ये श्रद्धावन्तः सन्तः सन्ति ते पुराणेषु । ये च सुकृतागमनाः तेन काव्ये । वेदशब्दस्य मुख्यता । पुराणेऽर्थस्य दृढता । काव्यच्छलस्ये पुष्टा । एवं यथा योगेनोत्तमाद्योऽभिक्रियन्ते । (वेदः) ऋग्वेदादिः (प्रभुरिव) स्वामी यथा सेवकेनेदं सर्वकर्तुं नरं शिक्षयति कथाख्या म्यादेशक्षिष्टानिष्टचेष्टाविचारेण सेवकः "साधुकारी साधयन्ति तथैव " आचारः सदाचारमुपासीत नक्तंदिनं भक्षयेत् ,, इति वेदोक्तेन यमादि कारित्वागदयकत्वात् द्विजादयः प्रवर्तन्ते । (पुराणम्) शिवविष्णु पुराणादि (मित्रमिव) सुहृदिवाचरति यथा सुहृदः सुहृदं स्वार्थिकत्वादिज्ञान्न किन्तु युक्त्याऽऽगयन्ति तथैव सदाचरणात् सत्यानुष्ठानात् वृद्धिरस्य निश्चया राज्यासिद्धामुत्र अगन नि-षिद्धाचरणादसत्यभाषणाच्च दुर्योधनस्य पराजयो राज्यापहरणमासीत् इति चेतसि विचिन्त्य भवता.सता युधिष्ठिरवेव भवितव्यम् नवा दुर्योधनवानतेत्युपदेशः । (काव्यम्) रघुवंशादिकाव्यम् (प्रियेव) प्रियतमा स्वधर्मपत्नीवत् प्रार्थयति यथा कान्तिदक्षा सुश्रूषणादिलक्षणविद्यासैलाद्रि व कामिनं स्वाधीनं करोति सचानर्थं तदर्थानभ्यंगीकृता तथा काव्यं लोकोत्तरचमत्कारितया हठादिवस्तववशगानियतमसिकृत्यमनःसरसीकृत्य रागादिरत्प्रवर्तनेनयं नच रावणादिवदिहामुत्र कार्याकार्यप्रवृत्तिनिवृत्त्युपदेशद्वारेणादिशति । इति मिलित्वा त्रीणि इमानि बोधयन्ति शिक्षयन्ति (इति) अमुनाप्रकारेण (हि) निश्चयेन प्राचीनाः इति शेषः (प्राहुः) अनिशयेन कथयामासुः प्रेक्षवदेऽत्रानिशयतांद्योतयति । नन्वत्र ग्रन्थे पुराणप्रसंगे किमनयोः वेदकाव्योर्विचारः तत्राह (भागवतम्) श्रीमद्भागवतं पुराणं (त्रिवत्) त्रिभिः वेदकाव्यपुराणैः समानं बोधयति । अ-स्मिन् ग्रन्थे क्वचित् वेदवदुपदेशः कुत्रचित् काव्यवत् क्वचन पुराणवत् इत्यर्थः ॥

(मू०) पञ्च प्रश्नाः शौनकस्य सूतस्याग्रोत्तरं त्रिषु ॥ १० ॥
अवतारप्रश्नयोश्च व्यासस्यानिर्वृतिः कृतात् ॥
नारदस्यात्र हेतूक्तिः प्रतीत्यर्थं स्वजन्म च ॥ ११ ॥

(भावार्थ)—पहिले प्रकरणों के अर्थों को कहकर यथाक्रम श्लोकके एक२ चरण से अध्यायों के अर्थों का निरूपण करते हैं अर्थात् कवि ने एक २ अ-ध्यायके प्रयोजन को चौथाई २ श्लोक में वर्णन किया है अब उसी को दिखाते हैं—सूत के प्रति शौनक के पाँच प्रश्न हैं यही प्रथम स्कन्ध के पहिले अध्याय में निरूपण है । सम्पूर्ण वेद तथा शास्त्रों का जो गूढाशय है उसके सुनने के बहाने से " नैमिषेऽनिमिषक्षेत्रे " इस प्रथम स्कन्ध के प्रथमाध्याय के चतुर्थ

श्लोक ४ से लेकर " येनात्मासंप्रसीदति " इस ग्यारहवें श्लोक ११ तक कृष्ण उपासना का प्रश्न है यही उन पाँच प्रश्नों में से पहिला प्रश्न जानना । १ । वह परमात्मा रूपी कृष्ण साकार तथा निराकार भेद से दो प्रकार का है उन दो प्रकारों में केवल साकार उपासना का प्रश्न " सूत जानासि भद्रन्ते " इस बारहवें १२ श्लोक से लेकर १३ तेरहवें के आधे " अर्हस्यंगानुवर्णितम् " यहां तक दूसरा प्रश्न समुझना । २ । उस के भी श्रवण आदि भेद हैं उन भेदोंके प्रसंग से श्रवणकी सिद्धि होनेपर " यस्यावतारो भूतानाम् " इस तेरहवें १३ के आधे श्लोक से " लीलयादधतः कलाः " इस सत्रहवें १७ श्लोक पर्यन्त श्रीकृष्ण लीला का तीसरा प्रश्न वर्णन किया है ॥ २ ॥

उसके आन्तरीयकता अर्थात् भीतरी बात होनेसे " अथाख्याहि हरेः ,, इस अठारहवें १८ श्लोक से लेकर " स्वादु स्वादु पदे पदे ,, इस उन्नीस १९ श्लोक तक चौथा ४ अवतार लीला का प्रश्न जानो ॥ उस अवतार में भी सार भूत होनेसे " कृतवान् किल ,, इस बीसवें २० श्लोक से लेकर अध्याय समाप्ति तक कृष्णावतार लीला का प्रश्न पांचवां जानना ॥ ५ ॥ इन प्रश्नों में भी उत्तरोत्तर प्रश्नको मुख्यता है अर्थात् कृष्णोपासना रूप प्रथम प्रश्न से साकार उपासना रूप द्वितीय प्रश्न को मुख्यता है । पुनः दूसरे साकार उपासनारूप प्रश्न से कृष्ण लीला रूप तीसरे प्रश्नको प्राधान्यता है। और कृष्ण लीला रूप तीसरे प्रश्न से अवतार लीला चौथे प्रश्न को उत्तमता है। तथा अवतार लीलारूप चौथे प्रश्नसे कृष्णावतार लीला रूप पाँच में प्रश्नको श्रेष्ठपता है यह जानना । किन्तु उत्तर प्रश्नसे पूर्व प्रश्न का खण्डन नहीं होसकता यदि ऐसा स्वीकार करोगे तो कथनके भंग का प्रसंग होने लगेगा। यही प्रथमस्कन्ध के प्रथमाध्याय में प्रतिपाद्य अर्थ है यह अर्थ "पञ्चप्रश्नाःशौनकस्य,, इस श्लोक के एक चरण से निरूपण कियाहै इसी प्रकार आगेके सब अध्याय जानो पहिले अध्यायमें वर्णनकियेहुए उनपांचप्रश्नों मेंसे पहिले तीनप्रश्नोंका उत्तरही इस दूसरे अध्याय में दिया है। " नैमिषे ,, इत्यादि प्रथमाध्याय के कृष्ण उपासना रूप प्रश्न का उत्तर "सवै पुंसांपरोधर्मः,, इस दूसरे अध्याय के छटे ६ श्लोक से लेकर,, कुर्वन्त्यात्म प्रसादनी,, इस बाइसवें २२ श्लोकतक लिखाहै । और सूतजानासि ,, इस साकार उपासनारूप दूसरे प्रश्नका उत्तर,, सत्वंरजस्तम इति,, इस तेईसवें २३ श्लोक से लेकर,, वासुदेवपरागति,, इस उन्तीस २९वें श्लोकतक कहाहै तथा । "यस्यावतारः,, इस तीसरे कृष्णलीलारूप प्रश्न का उत्तर "सएवेदम्,, इस तीसवें ३० श्लोक से लेकर अध्याय समाप्तितक कथन किया है । यही तीन उत्तर इस द्वितीय अध्याय में—प्रतिपादन कियेहैं ॥ १० ॥

(अवतार प्रश्नयोश्च) चकारसे उत्तर का बोध होता है । यहां एकशेष-समास होनेसे दो प्रश्नहोते हैं एकतो अवतारलीला प्रश्न दूसरा कृष्णावतारलीला प्रश्न । "अथाख्याहि,, इस अवतारलीलारूप चौथे प्रश्न का "जगृहेपौरुषंरूपम्,, इस तीसरे अध्यायके पहिले श्लोक से लेकर "सप्रजापतयस्तथा,, इस सत्ताइस २७ वें श्लोक तक उत्तर जानना । "कृतवानिति,, इस कृष्णलीलावतारकीपाँच में प्रश्न का उत्तर "एतेचांशकलाः पुंसः,, इस अट्ठाईसवें २८ श्लोक से लेकर तृतीयाध्याय के समाप्ति तक है । यही तृतीयाध्याय का अर्थ है ॥ ३ ॥

(व्यासस्यानिर्वृत्तिः कृतात्) यद्यपि व्यासदेवजीने सब शास्त्रों के प्रयोजन का भण्डार महाभारत पुराणको रचा तथापि शान्ति न हुई । यद्यपि यह सारे ही अध्याय का गौणरूप से तात्पर्यहै तथा "सकदाचित्सरस्वत्या,, इस पँद्रहवें १५ श्लोक से लेकरमुख्यता से अध्याय समाप्ति तक यह प्रसंग जानना यही चौथे अध्याय का प्रयोजन है ॥ ४ ॥ (नारदस्यात्महेतूक्तिः) यद्यपि आपने सर्वांग सुन्दर महाभारत पुराण को रचा तथापि उस में निरन्तर नारायण के चरित्र का वर्णन नहीं है यही इस समय आप के असन्तोष का कारण है इस प्रकार नारद जीका जो व्यासजी के प्रति कथनहै वही इस पाँचमें अध्याय का प्रयोजन है । यही पंचमाध्याय का अर्थ है ॥५॥ (प्रतीत्यर्थं स्वजन्म च) इस अध्यायमें व्यासजी के विश्वासके अर्थ इस छटे अध्याय में नारदजी ने अपने जन्मकी प्राप्ति प्रतिपादन की है । अर्थात् पहिले जन्म में भगवतभक्तोंसे दी हुई जो भक्ति उस भक्तिके प्रभाव से निरन्तर नारायणके चरणों का स्मरण करतेहुए मुझको नारदत्व जन्मकी प्राप्तिहुई यह कथा मानों-व्यासजी के विश्वासके दृढ करनेको कही है । यही प्रथम स्कन्ध के छटे अध्याय का प्रयोजन है ॥ ६ । ११ ॥

पूर्वप्रकरणार्थं कथयित्वा कृष्णशश्वरणैरध्यायार्थान् विवृणोति पंचेत्यादिना (पंच प्रश्नाः शौनकस्य) शौनकस्य सूतम्प्रति पंच प्रश्नाः सन्ति इति प्रथमाध्याये निरूपितम् । निखिलानिगमागमगूढाशयश्रवणप्रश्नाभिप्रेण " नैमिषेऽनिमिषक्षेत्रे ,, इत्यादिना कृष्णोपासनाप्रश्नइत्येकः प्रश्नः ॥ १ ॥ तस्य साकारानिराकारभेदाद्द्विविधतया "सूतजानासि भद्र,, इत्यादिना साकारोपासनप्रश्नःसति द्वितीयः प्रश्नः ॥ २ ॥ तस्य श्रवणादि भेदप्रसंगतः श्रवणसिद्ध्यर्थं " यस्यावतारोभूतानामित्यादिनाकृष्णलीलाप्रश्नः इतितृतीयः प्रश्नः ॥ ३ ॥ ततोऽवान्तरीयकतया "अथाख्याहि हरेरित्यादिनावतार लीलाप्रश्नः इतिचतुर्थः प्रश्नः ॥ ४ ॥ तद्विगतापि सारभूतत्वात् "कृतवान् किलेत्यादिना कृष्णावतारलीलाप्रश्नः इति पंचमः प्रश्नः ॥ ५ ॥ एषां च प्रश्नानामुत्तरोत्तर मुख्यता न तु परेण पूर्वस्य प्रत्याख्यातमन्यथा तत्कथनभंगप्रसंगापत्तेः । इयानेवाद्य स्कन्धप्रथमाध्यायस्यप्रतिपाद्योऽर्थः "पंच प्रश्नाः शौनकस्ये,, त्यनेनैकेन चरणेन निरूपित । इत्युत्तरमाखिलपादेषु बोध्यम् (सूतस्यात्रोत्तरांत्रिषु) अत्र पूर्वाध्यायोक्तेषु पंचसु प्रश्नेषु मध्ये त्रिष्वाद्येषूत्तरं

द्वितीयाध्यायस्यार्थः—त्रिरिति षष्ठ्यर्थे सप्तमी सत्याम.पिविषयसप्तम्यां सम्बन्धतः प्राबल्यात् षष्ठ्येवसाध्वी । नैमिषे इत्याद्यप्रश्नस्योत्तर "सवैपुंसांपरोधर्मः, सूतजानासीतिद्वितीयप्रश्नस्य "सत्वं रजस्तम,, इत्युत्तरम्, 'यस्यावतार इति तृतीयस्य च " सएवेद,, मित्युत्तरं वाच्यम् । इति द्वितीयार्थः ॥ (अवतार प्रश्नयोश्च) चकारादुत्तरं सूच्यते—अवतार प्रश्नश्च अवतार प्रश्नाश्च तौ अवतार प्रश्नौ तयोः अवतार प्रश्नयोरित्येक शेषः । यद्यप्यत्रावतारप्रश्नयोरिति सामान्येन निर्देशस्तथापि विशेषतोऽवतारलीला प्रश्नः एकः कृष्णावतारलीला प्रश्नः द्वितीयश्चेति वाच्यम् । अथाख्याहीति चतुर्थ प्रश्नस्य "जगृहे पौरुषंरूप,, मित्युत्तरम्, कृतवानिति पंचमप्रश्नस्य चोत्तर "मं ते चांशकलाः पुंसः इति । तृतीयार्थः (व्यासस्यानिर्वृतिः कृतात्)कृतात् भारतादेः अनिर्वृतिरसंतोषः—यद्यपि श्री व्यासदेवमुनिना सर्वशास्त्रार्थगर्भमहाभारतपुराणमपि विनिर्मितं तथाप्यस्यमुनेः सन्तोषो न जात इति । इति चतुर्थार्थः ॥ ४ ॥ (नारदस्यात्र हेतूक्तिः) अत्रानिवृत्तौ—अविरतं त्वया नारायणचरितं न वर्णितमिति तवाद्यासंन्तोषे इद मेव कारणम् इतिनारदस्य व्यासं प्रत्युक्तिरस्मिन्नध्याये इति भावः इति पंचमार्थः ॥ ५ ॥ (प्रतीत्यर्थं स्वजन्मच)—व्यास प्रत्ययार्थं नारदेन स्वजन्म प्राप्तिः प्रतिपादिता । पूर्वजन्मनि भगवद्भक्तप्रदत्तभक्तिप्रभावात् निरन्तरंनारायणचरणस्मरणकुर्वतो ममापरजन्मनि नारदत्वप्राप्तिरभूदिति दृढीकृतमितितात्पर्यम् ॥ इति षष्ठ्यर्थः

सुप्तघ्नद्रौण्यभिभवस्तदस्त्रात्पांडवावनम् ॥
भीष्मस्य स्वपदप्राप्तिः कृष्णस्य द्वारकागमः ॥ १२ ॥
श्रोतुः परीक्षितो जन्म धृतराष्ट्रस्य निर्गमः ॥
कृष्णमर्त्यत्यागसूचा ततः पार्थमहापथः ॥ १३ ॥
भूधर्मयोः कलेर्भीतिः ततस्त्राणं परीक्षिता ॥
परीक्षितो ब्रह्मशापः प्रायेऽस्य शुकसंगमः ॥ १४ ॥

(भाषार्थ)—(सुप्तघ्नद्रौरायभिभवः) सोते हुए बालकों को मारने वाले अश्वत्थामा का तिरस्कार । यहाँ सुप्तघ्न पद का यही भाव है कि जिसने सोतेहुए बालकों को मारा उसका अवश्य तिरस्कार होना योग्य है । और द्रौणी इस शब्द से यही तात्पर्य निकलता है कि गुरु द्रोणाचार्य का पुत्र है इसी से मारने योग्य भी नहीं है क्योंकि यही धर्मशास्त्र में लिखा है यदि गुरु का पुत्र कोई भी अपराधकरै तौ भी उसको प्राणदण्ड न दे ॥ अबकुछ मत भेद कहना है यथा—वोपदेव के मत में छटे अध्याय के पहिले श्लोक से लेकर सप्तमाध्याय के ग्यारहवें श्लोक तक छटाही अध्याय माना है अर्थात "एवं निशम्य भगवान्,, । इस श्लोक से—"नित्यं विष्णुजनप्रिय!,, इस श्लोक तक छटा ही अध्याय है तदनन्तर ही सातवें अध्याय का प्रारम्भ अर्थात्—"परीक्षितोऽथ राजर्षेः!,, इस बारहवें श्लोक से—अध्याय समाप्ति तक ही सातवाँ अध्याय है यदि ऐसा न मानोंतौ एक प्रसंगमें दो

प्रसंगों का मेल होता है । ७। यही सातवें अध्याय का प्रयोजन है (तदस्त्राद्पाड-वावनम्) उस अश्वत्थामाके ब्रह्मास्त्र से पांडवोंकी रक्षा करनी । और कुन्तीने जो श्रीकृष्णकी स्तुति करी है वह मुख्यप्रसंग नहींहै किन्तु पांडवरक्षा प्रसंगसे है इसी के अवान्तर भेदहै । अब कुछ औरोंके मतसे विलक्षणता दिखाते है—"व्यासाद्यैरीश्वरेहाज्ञैः,, इस अष्टम अध्याय के छयालीस ४६ वें श्लोक से लेकर अध्याय समाप्ति के वावन ५२ श्लोक तक यह सात श्लोकभी नवम अध्यायकी भूमिका है यहभी नवम अध्याय में ही जानने यदि ऐसा न मानोगे तो यहांभी पहिले के समान एक प्रसंग में दूसरे प्रसंग का प्रवेश होकर गडबडी मच जायगी यह विचारभी वोपदेव जी का युक्ति युक्त है । ८ । यही अष्टमाध्याय का अर्थ है । (भीष्मस्यस्वपदप्राप्तिः) कृष्णादि का दर्शनकर भीष्मजीकी स्वपदप्राप्ति अर्थात् उत्तरायण में स्वर्गादि लोक का गमन । यही नवमाध्याय का प्रयोजन है ॥ (कृष्णस्य द्वारकागमः) श्रीकृष्णचन्द्रका द्वारकापुरी में जाना । यहांभी वोपदेवजी औरोंसे अपनेमत का भेददिखाते हैं—इस प्रथमस्कन्ध का दशवां तथा ग्यारहवां अध्याय एकही हैं क्योंकि दोनोंमें द्वारिका के जानेकाही प्रसंग आता है इस प्रसंग के एक होनेसे अध्यायभी अवश्य एकही होना चाहिये। इसी कारणं इन्होनें इस प्रथम स्कन्धके अठारह १८ अध्यायमाने हैं तथा औरोंने उन्नीस १९स्वीकाराकिये हैं वोपदेवजी के सामने उन उन्नीस मानने वालोंका मत निर्युक्तिक है । यही दशमअध्यायका अर्थ है १० । (श्रोतुः परीक्षितो जन्म) शुकदेवजी के मुख से कृष्णकथा के सुननेकी इच्छाकरने वाले राजापरीक्षित का जन्म । ११ । (धृतराष्ट्रस्य निर्गमः) पुत्रों के मरणसे दुःखित अपने भ्राता विदुरजी के उपदेशसे धृतराष्ट्रकाप्राणत्यागार्थ उत्तरदिशाकी ओर जाना । १२ । यही बारहवें अध्याय का प्रयोजन है ॥ (कृष्णमर्त्यत्यागसूचा) श्रीकृष्णजी आज इस अभागी भूमिको छोड़ कर वैकुंठपुर पधारे यह समाचार दुःखित अर्जुन को देख तथा अपनी स्फूर्ति से जान लिया तेरहवें अध्याय का अर्थहै १३ । (ततःपार्थमहापथः) श्रीकृष्णजी पृथ्वीको छोड़ गये इसको भलीभांति जान पाण्डवोनेभी देहत्यागार्थ हिमालयको गमन किया । १४। चौदहवें अध्याय का प्रयोजन है (भूधर्मयोः कलेर्भीतिः) गो रूप पृथ्वी तथा वृषभ रूपधर्मको कलियुग से भय । यही पन्द्रह १५ वें अध्याय का अर्थ है । (ततस्त्राणं परीक्षिता) गोरूप के धारण करनेवाली धरणी तथा वृषभ रूप के धारण करनेवाले धर्मके पीछे दौड़ते हुए तथा शूद्रके रूपको धारण करने वाले कलियुगको जान कर राजापरीक्षित ने उस कलियुग का निग्रह किया तथा उस पृथिवी और धर्मका पालन किया । १६ । सोलहवें अध्याय का अर्थ है (परीक्षितो ब्रह्मशापः) परीक्षित से गिराये हुए तथा

पिता के गले में लिपटे हुए मरेसर्प को देख क्रोध कर आज से सातवें दिन यही सर्प तुझे काटेगा यह ब्राह्मण कुमारने राजाको शाप दियाहै । १७ । यही सत्रहवें अध्याय का अर्थ है (प्रायेऽस्य शुकसंगमः) संन्यासपूर्वक निराहार व्रतको प्रायः कहते हैं उसके धारण करने से गंगाके किनारे बैठे हुए राजा परीक्षित से शुकदेवजीका संगम होना १८ यही अठारहवें अध्याय का अर्थ है १४ ॥

क विपत्तियोंसे रक्षाकी परन्तु तीर्थयात्रा के मिषसे आयेहुए विश्वामित्रआदि मुनियों के आगे जाम्ववती के पुत्र साम्व के पेट पर रुई आदि लपेट स्त्री कासा भेषधार सव यादवों नें पूँछा कि इस गर्भ वती स्त्री के क्या सन्तान होगी । सर्वज्ञ होने से उस कपट से क्रोधित हुए मुनियों नें शाप दिया कि तुम्हारे कुल का नाश करने वाला इसके पेट में सै एक मूसल उत्पन्न होगा इसी वहाने से यदु कुल नष्ट हुआ कौन ऐसा इस पृथ्वी पर मनुष्य होगा जो यदु कुल का क्षय सुन और संसार को असार जान विरक्त नहोगा । इसही को यौग पद्य (एक साथ) क्षय कहतेहैं और क्रम से क्षय तौ तीसवें अध्याय में वर्णन किया है यही प्रथम अध्याय का अर्थ हुआ ॥ २ ॥ इस प्रकार प्रथम अध्याय के अर्थ का निरूपण कर वाकी के चारों अध्यायों का वर्णन करते हैं । दो प्रश्न और दो उनके उत्तर यह द्वितीय अध्याय में निरूपण किये हैं ॥ चार प्रश्न और उनके चार उत्तर यही तृतीय अ. ध्यायका अर्थ है ॥ एक प्रश्न और एक उसका उत्तर यही चतुर्थ अध्यायका अर्थ है । दोप्रश्न और दो उत्तर यही पञ्चम अध्यायका अर्थ है । अतएव..द्वितीय तृतीय चतुर्थ और पंचम इन चार अध्यायोंमें सवमिलकर नव प्रश्न और नव (नौ) उत्तर होतेहैं । "ज्ञातुं" इसपदका सम्पूर्ण द्वितीयान्त पदोंके साथ सम्बन्ध है और "निमिश्चक्रे,, इस वाक्य के साथ सव द्वितीयान्त पदोंका अन्वय होताहै । दूसरा जिसका विदेह नाम है ऐसे निमि राजा के यज्ञ में यदृच्छा से आये हुए नव मुनियों से राजाने नव (नौ) प्रश्न किये । वह कौन से नव मुनि हैं उनको दिखाते हैं--यथा—कवि १ हरि २ अन्तरिक्ष ३ प्रबुद्ध ४ पिप्यलायन ५ आविर्होत्र ६ द्रुमिल ७ चमस ८ करभाजन कौन २ से नौ प्रश्न राजा निमि ने उन मुनियों से किये हैं उनका निरूपण करते हैं" कौन२ भागवत धर्महैं ? उनको कहो " यह राजा निमिका कवि नामक मुनि से प्रथम प्रश्नहै । " कौन२ भगवत भक्त पुरुष हैं उनका वर्णन करो " यह राजा निमिका हरि संज्ञक मुनि सै द्वितीय प्रश्न है । " माया क्या वस्तुहै मैं उस माया के जानने की इच्छा करता हूं यह राजा निमि का अन्तारिक्ष मुनि से तृतीय प्रश्न है । "स्थूल बुद्धि पुरुष इस दुस्तर मायाको किसप्रकार सुख से तर सकते हैं यह राजा बिमि का प्रबुद्ध मुनि से चतुर्थ प्रश्न है । हे भगवन् ? ब्रह्म कौन है और उस ब्रह्म का क्या स्वरूप है यह आप कहो ,, यह राजा निमि का पिप्यलायन मुनि से पञ्चम प्रश्न है । " कर्म क्या वस्तु है इस मेरे संशय को दूर करो ,, यह राजा निमि का आविर्होत्र मुनि से षष्ठ प्रश्न है । " किस को अवतार कहते हैं और वेह क्यों अवतार लेते हैं ,, यह राजा निमि का द्रुमिल

मुनि से सप्तम प्रश्न है। "भक्ति हीन पुरुषों की कैसे सद्गति हो यह राजा निमि का चमस मुनि से अष्टम प्रश्न है। "किस २ युग का क्या २ धर्म है और गृहस्थी पुरुष किस २ धर्मों से तरें" यह राजा निमि का करभाजन मुनि से नवम प्रश्न है ॥ ३ ॥ ४ ॥

(संस्कृतार्थः) एवं दशभिरुक्तमर्थं प्रदर्शयितुमेकादशस्कन्धार्थं प्रदर्शयते मुक्तिरित्यादिना। एकादशस्कन्धे) तृतीयस्कन्धे (मुक्तिः) मोक्षः अध्यायैकत्रिंशता) अध्यायानां एकत्रिंशत्तया (उदिता) कथिता मुक्तिलक्षणन्तु दशमे प्रतिपादितमेवास्मिन्नध्याये पुनरुक्तमवान्तरविशेषमादायेति विशेषमुक्तिः इदानीं प्रकरणभेदानाह तत्रेति (तत्र मुक्तौ (कर्मज्ञाननिष्ठाभेदात्) कर्मनिष्ठामुक्तिरेका ज्ञाननिष्ठापरा, तत्रान्तःकरणशुद्धिद्वारा कर्मणामारब्धारम्भकत्वम् ज्ञानस्य तु साक्षादविद्यानिवर्तकत्वम् यथा काशीभरणान्मुक्तिरथ च रुद्रो ज्ञानान्मुक्तिरित्यत्र श्रुतिरूपे आरब्धारम्भकत्वं साक्षान्निवर्तकत्वं च प्रत्यक्षत्वेन दृश्यत एव तद्वदत्रापीतिध्येयम्। ज्ञानाद्यत्तु कैवल्यं प्राप्यते येन मुच्यते इत्युक्तत्वात् (प्रकरणद्वयम्) इति पूर्वोक्तप्रकारेण मोक्षस्य भेदद्वयं ज्ञेयम् ॥ १ ॥ अथ्रां कर्मनिष्ठाप्रकरणं निरूप्यते (तयोः) कर्मज्ञाननिष्ठयोः (आद्यम्) कर्मनिष्ठाप्रकरणम् (षडध्यायात्मकः) षडध्यायमुक्तमास्ति। अत्र प्रथमाध्यायार्थमुच्यते (तत्र) पंचसु अध्यायेषु (आदौ) प्रथमाध्याये (विष्णुयशसे) कृष्णेन गोवर्द्धनोद्धारणाधिगिरनेकविधासिद्धौ यज्ञे मघवत्कृते) मघवतां इन्द्राणां यज्ञभङ्गे निमश्चापात्) विप्राणां तीर्थयात्रागिरिणागतवतो विश्वामित्रादीनां शापात् मोक्षस्वरूपादेशनः (युगधर्मयः) योगपद्येन नाशः (निरूपणे) अन्येषां वैराग्यदार्ढ्यतीर्थमेवं को हि नाम महानस्थिनां गनास्थिनां वंशे शापगात्रादिव क्षणेन क्षीणगन्धोदपासारे संसारे न निरजेत। अत्र क्षणं योगस्य क्षयस्तु शिशे इति प्रथमाध्यायार्थः ॥ २ ॥ एवं प्रथमाध्यायार्थं निरूप्य द्वितीयाध्यायमुक्तप्रकटयते द्वाविंशत्यादिना। (द्वौ) द्वौ सोत्तरप्रश्नौ द्वितीये इति द्वितीयाध्यायप्रयोजनम्। (चतुरः) चत्वारः सोत्तरा प्रश्नास्तृतीये इति तृतीयाध्यायार्थः (एकः) एकः प्रश्नः सोत्तरश्चतुर्थे इति चतुर्थाध्यायाशयः। (द्वौ) द्वौ प्रश्नौ सोत्तरौ पंचमे इति पंचमाध्यायतात्पर्यः। (शेषेषु) चतुर्षु द्वितीयाध्याये तृतीयाध्याये चतुर्थाध्याये पंचमाध्याये इति भावः (सोत्तराः) उत्तरैः सह वर्तमानाः (प्रश्नाः) नव एवं नव प्रश्नाः उत्तराणि च नव स्युरितिशिष्टार्थः। तानेवाह ज्ञातुमिति अत्र ज्ञातुमित्यस्य द्वितीयान्तैः पदैः सह सम्बन्धः। निमिश्चक्रे इत्यनेन साकाङ्क्षत्वम्। (निमिः) नृपो विदेहापरनामा स्वयज्ञे यदृच्छयाऽऽगतान् (नव) आर्षभान् नवसंख्यकान् ऋषभसंज्ञकान् मुनीन् के च तानाह—कविः १ हरिः २ अंतरिक्ष- ३ प्रबुद्धः ४ पिप्पलायनः ५ आविर्होत्रः ६ द्रुमिलः ७ चमसः ८ करभाजनः ९। (नव) प्रश्नान् (चक्रे) कृतवान् ते च (नव) आर्षभाः पूर्वोक्ताः तानि नव उत्तराणि (आचख्युः) कथितवन्त इत्यर्थः। के च नव प्रश्नाः तानाह (भागवतान् धर्मान्) के भागवता धर्मास्तान् ज्ञातुं निमिः प्रथमं प्रश्नं चक्रे भागवतान् धर्मान् ब्रूतेति निमिः कविं प्रत्यूचे इति भावः ॥ (भागवतान् पुंसः) के भगवद्भक्ताः पुरुषाः तान् ज्ञातुं निमिः द्वितीयं प्रश्नं चक्रे। 'भागवतान् पुरुषान् ब्रूनति निमिर्हरिं प्रत्युवाचेत्याशयः ॥ (मायां) का माया तां ज्ञातुं निमिः तृतीय प्रश्नं चक्रे (तदत्ययं) तस्या मायाया अत्यय नाश कारणं माया वेदितु मिच्छामीति निमिः अन्तरिक्ष प्रतिजगादतिशिष्टार्थः। किं ? तं ज्ञातुं निमिश्चतुर्थं प्रश्नं चक्रे स्थूलधियः एतां दुस्तरां मायां कथं सुखेन तरन्तीति तदुच्यता मिति निमिः प्रबुद्धं

किं ! तं ज्ञातुं निमिश्चतुर्थं प्रश्नं चक्रे स्थूलधियः एतां दुस्तरां मायां कथं सुखेन तरन्तीति तदुच्यतामिति निमिः प्रबुद्धं कथयामासेति विशदार्थः (ब्रह्म) किं ब्रह्म तद् ज्ञातुं निमिः पंचमं प्रश्नं चक्रे किं ब्रह्मणः स्वरूपं तद्ज्ञानं वक्तुमर्हसीति निमिः पिप्पलायनं बभाषेति स्वच्छार्थः (कर्म) किं कर्म तद् ज्ञातुं निमिः षष्ठं प्रश्नं चक्र अस्मान् कर्मयोगं वदंति निमिः आविर्होत्रं बभाणेति निष्कृष्टार्थः (अवताराञ्छिम्) अवताराणामाछिं पांक्ति विज्ञातुं निमिः सप्तमं प्रश्नं द्रुमिलमब्रवीत् । (अभक्ताप्तिम्) अभक्तः किं फलमाप्नोतीति विज्ञातुं निमिः अष्टमं प्रश्नं चक्रे भक्तिहीनानां का निष्ठेति निमिः चमसं प्रति बबाधिरेत्यान्वयः। (युगस्थितिम्) कोऽयं युगानां चतुर्णां धर्मः तं ज्ञातुं करभाजनं प्रति निमिः नवमं प्रश्नं चक्रे ॥ ३ ॥ ४ ॥

(मू०) सर्वकर्मार्पणं विष्णौ रागद्वेषविवर्जितः ॥
मिथ्यार्थदर्शनासक्तिर्विपर्ययविमर्शनम् ॥ ५ ॥
सर्वत्राद्भुतदृक् शुद्धं वेदतन्त्राच्युतार्चनम् ॥
पुरुषाद्विप्पुलोक्षा कालचक्रपरिश्रमः ॥ ६ ॥
ध्यानं यागोर्चनं स्तोत्रमुत्तराणि नवांघ्रिभिः ॥
धर्मे भागवतेऽभ्यासः कृत्स्निर्भागवतैः सह ॥ ७ ॥
जितमायस्य धामस्वमारोढुं भूमिकोत्तरा ॥ ८ ॥

(भाषार्थ) अवक्रमशः चारों अध्यायों के चरणों द्वारा अर्थ को और नव प्रश्नों के उत्तरों कोभी निरूपण करते हैं । जोकुछ कर्म कियेहैं और जोकुछ करैगा तथा जोकुछ कर रहा है वेह सब श्रीकृष्णके अर्पण करने चांहिये इसही वातको गीताके प्रमाणसे सिद्ध करै हैं श्रीकृष्ण महाराज अर्जुन से कहै हैं कि हे अर्जुन ? जोकुछ तू करता है खाता है होमकरता है देता है तथा तपस्या करताहै वह सब मेरेही अर्पण करदे " यही भागवत धर्म है यह राजा निमिके पहिले प्रश्नका उत्तर श्रीकविनामक मुनिने दिया है ऐसा जानना । जोराग और द्वेषसे रहित हैं वही भागवत पुरुष हैं यही निमिके दूसरे प्रश्नका उत्तर हरिसंज्ञक मुनिने कहा है । असत् (झूठे) जो मित्रपुत्रभृत्य कलत्र आदि हैं इनमें जो सत् (सच्ची) बुद्धि करनी है वही माया है यह निमिके तीसरे प्रश्नका उत्तर अन्तरिक्षजी ने प्रतिपादन किया है ॥ जोकुछ यह संसारमें वस्तुमात्र दीखरही है वह सब असत्है और आत्मातो सत् है यही विपर्ययहै इसका जो स्थिर बुद्धि पूर्वक विचार करना है उसको ही मायाका अत्यय (नाश) कहते हैं यह निमिके चतुर्थ प्रश्नका उत्तर प्रबुद्धजीने कथन किया है ॥ ५ ॥ जाग्रत् स्वप्न और सुषुप्ति इन तीन अवस्थाओं में जो एकसाही व्याप्तहोरहा है वही शुद्ध ब्रह्म है यह निमिके पञ्चम प्रश्नका उत्तर पिप्पलायन जीने वर्णन किया है चारों वेद और नारद पञ्चरात्रको आदिलेकर जोकुछ कर्म काण्ड है उनकेद्वारा

षोडशोपचार आदि श्रीकृष्णचन्दका पूजन करना यह निमिके छटे प्रश्नका उत्तर आविर्होत्रजी महाराज ने दिया है ॥ मत्स्य कूर्म नृसिंह वामन राम कृष्ण आदि अनेक रूपधर कर परमात्माने भक्तजनों के उद्धारार्थ गोवर्द्धन का उठाना इत्यादि अनेकलीला करीं यह निमिके सप्तम प्रश्न का उत्तर द्रुमिल जी ने प्रतिपादन किया है । जो कोई परमेश्वर की भक्ति नहीं करते वह इस आवागमन रूपी काल के विकराल चक्र में भ्रमण करते २ कभीभी जन्म मरणादि से शान्ति को नहीं प्राप्त होते इस कारण ईश्वर की पूजा करनी आवश्यक है यह निमि के अष्टम प्रश्न का उत्तर चमस मुनि ने निरूपण किया है । ६ । सत्ययुग में परमात्मा का ध्यान करना, द्वापर में यज्ञ, त्रेता में पूजन और इस कलियुग में तो "कलौ केवल कीर्त्तनात्" केवल स्तोत्र आदि का पाठ करना कहा है यही चारों युगों की स्थिति है यह निमि के नवम प्रश्न का उत्तर करभाजन ऋषि ने दिया है । इस प्रकार पूर्वोक्त नव प्रश्नों का उत्तर नव चरणों द्वारा नव मुनियों ने दिया है यह इस एक २ चरण से जानना ॥ (प्रश्न) क्यों यह नव ही प्रश्नों का निरूपण किया अर्थात् न्यून और अधिक क्यों नहीं कहे । यद्यपि नव प्रश्न कहे भी थे परन्तु इनका चार अध्यायों में ही क्यों वर्णन किया (उत्तर) जैसे जो कोई मनुष्य अपने रहने का चार दर्जे वाला (चौमंजला) स्थान (मकान) बनाता है तो उसके चढने को सोपान (पहरी) भी अवश्य ही बनाता है क्योंकि बिना सीढियों के मकान पर किसतरह चढसक्ता है तद्वत् (उसी प्रकार) इस मुक्ति रूपी स्थानके चढने में यह चार अध्याय रूपी भूमिका बनाई है इन भूमिकाओं के क्रमशः अभ्यास करने पर मनुष्य की सद्गति होसक्ती है—अब उन चार भूमिकाओं में से पहिली भूमिका को दिखाते है यथा—दुस्तर माया को तरकर भगवत् भक्तों के साथ भागवत् धर्मों का सेवन करनाही प्रथम भूमिका है यह भूमिका चारों भूमिकाओं में अत्युत्तम है क्योंकि इसहीके करने से अवश्य ही मुक्ति होजाती है । जिस से भ्रष्ट होकर इस संसार में यह मनुष्य गिरा है वही अपना धाम है परन्तु उस धामसे च्युत न होना ही मुक्ति है । गीता में कहा भी है " यद्गत्वा न निवर्त्तते तद्धाम परमं मम " अर्थात् जिसको प्राप्त होकर मनुष्य फिर नहीं लौटते यही मेरा धाम है यह श्रीकृष्ण ने कहा है ॥ ७ ॥ ८ ॥

(संस्कृतार्थः)—अधुना ऋगष्टाक्षरैरध्यायचतुष्टयस्यैवार्थमथ च नव प्रश्नानामुत्तराण्यदा ह सर्वेति (विष्णो) श्रीकृष्णे (सर्व कर्माणिम्) यानि कर्माणि चक्रुः करिष्यन्ति कुर्वन्ति च जना नीति सर्वाणि भगवदर्पणं कुर्युः लिखितमिदं गीता शास्त्रे " यत्कोपि यदश्नासि यज्जुहोषि ददासि

यत् । यत्तास्यसि कौन्तेय तत्कुरुष्व मदर्पणम् " इति श्रयमेव भागवतो धर्मः इति निमेः प्रथम प्रश्नस्योत्तरं कविना दत्तमिति श्रेयम् ॥ (रागद्वेष विवर्जितः) रागश्च द्वेषश्च रागद्वेषौ तयोर्विशेषेण वर्जनः स एव भागवतः पुमान् इति निमर्द्वितीय प्रश्नस्योत्तरं हरिणा प्रोक्तमिति ध्येयम् । (मिथ्यार्थ दर्शनासक्तिः) मिथ्याभूतस्यार्थ दर्शने आसक्तिर्यया सा द्विगायेत्यर्थः इति निमेस्तृतीय प्रश्नस्योत्तर मन्तरिक्षेण प्रतिपादितमिति बोध्यम् । (विपर्ययविमर्शनम्) यत्किञ्चिज्जगति दृश्यते वस्तु तदसत् आत्मा तु सदिति विपर्ययः तस्य विमर्शेण स्वयुक्त्या स्थिरीकरणं स एव मायाया अत्ययः इति। निमेश्चतुर्थ प्रश्नस्योत्तरं प्रबुद्धेन कथितमिति मन्तव्यम् ॥ ५ ॥ (सर्वत्रानुगतं शुद्धम्) सर्वत्र जाग्रत्स्वप्न सुषुप्तिषु तिसृषु अवस्थासु यत् अनुस्यूतं व्याप्तमित्यर्थः शुद्धं कर्तृत्वाद्यदोष ब्रह्म इति निमेः पंचमप्रश्नस्योत्तरमिदं पिप्पलायनेन प्रोक्तमित्यवगन्तव्यम् । (वेदतन्त्राभ्युतार्चनम्) वेदाश्चत्वारः तन्त्रं नारदपंचरात्रादयः तैः अच्युतस्य श्रीकृष्णस्यार्चनं षोडशोपचारपूजादि कर्म इति निमेः षष्ठप्रश्नस्योत्तरमाविर्होत्रेण कथितमिति विवेचनीयम् । (पुरुषादि वपुर्लीला) पुरुषादिवपुषा आदिपदेन मत्स्य कूर्म नृसिंहादीनां बोधः पुरुषाद्यवतारं धृत्वा राम. कृष्णादिभिः भक्तजनोद्धाराय गोवर्द्धनोद्धारणादिलीला क्रियते इतिनिमेः सप्तम प्रश्नस्योत्तरं द्रुमिलेन जल्पितमितिज्ञेयम् ॥ (कालचक्र परिभ्रमः) अभक्तः कालचक्रे भ्रमति न तु कदाचिज्जन्म मरणादिभिः शान्तिं प्राप्नोति इत्येव तस्य फलम् पूजाविधेनवमस्योद्धार इत्यर्थः इति निमेरष्टमप्रश्नस्योत्तरं चमसमुनिनोक्त मिति निश्चेतव्यम् ॥ ६ ॥ (ध्यान यागोऽर्चनं स्तोत्रम्)—ध्यानं सत्ययुगे, यागः द्वापरे, अर्चनं त्रेता युग, स्तोत्रम् कलियुगे, इतिक्रमात् चतुर्षु युगेषु स्थितिरिति निमेर्नवमप्रश्नस्योत्तरं करभाजनेन भणितमिति बोध्यम् । (उत्तरोणि नवाभिः) एवं नवप्रश्नाना उत्तराण्यपि नवभिः अंघ्रिनिश्चरणैरुक्तमिति ज्ञेयम् ननु किमित्येते नवैव प्रश्नाः किमित्यमीषांचाध्याय चतुष्टयेन वर्णनमिति तत्र भूमिकाचतुष्टयप्रकारणोक्तरगति धर्म इत्यादि एषा पुंसः (स्वधाम आरोढुम्) मुक्तिमार्गे गमनार्थं (उत्तराभूमिका) अत्युत्तमं सोपानं यत्पूर्वभूमिकाभ्यासबलात् (जितमायस्य) दुस्तरां मायां जितवत इत्यर्थः अतः (भगवतः पुंभिःसह) भगवद्भक्तैः पुरुषैः साकं (भागवते धर्मे अभ्यासः) प्रतिदिनं भागवतधर्मस्यासक्तिः । भूमिकायाश्चास्या मुक्तावतिसन्निकृष्टत्वात् अत्युत्तमत्वम् यतोऽच्युतो जगति निगतितस्तत्रैव धार्मेतिभावः ॥ ७ ॥ ८ ॥

(मू०) मायांजयोऽधराभक्तिज्ञानकर्मसमुच्चयात् ।
अवतारकथातोतः काम्यत्यागेशकीर्तने ॥ ९ ॥

(भाषार्थ) अत्युत्तमा १ उत्तमा २ मध्यमा ३ हीना ४ यह चार भूमिकाहैं इनमें से पहिली अत्युत्तमा भूमिका में "ज्ञातुंभागवतान्धर्मान्पुंसः ,, इन दो प्रश्नोंका उपयोग होता है ॥ तदनन्तर दूसरी उत्तमा भूमिका का वर्णन करते हैं—भक्ति , ज्ञान, और कर्मके समुच्चय से मायाका जय होताहै इस भूमिका में चार प्रश्नोंका उपयोगहै अर्थात् "मायां,तदत्ययं,ब्रह्म,कर्म,, यह चार प्रश्न इस में आजाते हैं " मायां जय ,, इस पदसे माया का प्रथम प्रश्नहै " भक्ति,, इस पद से माया के अत्यय का प्रश्न होता है । "ज्ञान" इस पदसे ब्रह्म स्वरूप के प्रश्नका उपयोग है । और "कर्म,, पदसे कर्म ही का ग्रहण होता है ॥ अबतीसरी मध्यम भूमिका का निरूपण करते हैं

इस भूमिका में अवतार के प्रयोजन के प्रतिपादन द्वारा "अवतारार्चित" इस वचन प्रश्नका उपयोग जानना। यह दूसरी उत्तमा भूमिका के कुछ कम है इस ही से इस को उससे अधरा मानाहै॥ अब चौथी ज्ञानारंभक भूमिका को कहते हैं—काम्य कर्म का त्याग और ईशकीर्तन यह दो प्रश्न इसमें संघटितहोते हैं अर्थात् "अभवायां युगस्थितिम्" इन दो प्रश्नों का कथन है। ध्यान याग अर्चन सब प्रश्न ईशकीर्तन में ही आजाते हैं इस लिये इनका प्रथक् कथन नहीं किया॥ ९॥

(संस्कृतार्थः) पूर्वोक्तायां भूमिकायामाद्यप्रश्नद्वयोपयोगः कृतः निरूपितम॥ इदानीमुत्तमायां भूमिकायाञ्च (भक्तिज्ञानकर्मसुकृतगास्तु) भक्तिश्च ज्ञानं च कर्म च तेषां समाहारः समुच्चयश्चैवां परिणामस्थितौ परस्परमेकीभावः तत्प्राप्तु (गायनाद्यः) गायनाः पुराणेतिहासेषु गानाः अथः (अधरा) इयत्तुलनायाञ्चतायाः पूर्वभूमेः अपेक्षायान्तु कथाः सीदा आभरणा तु पूर्वोक्तायां द्वितीयायामष्टपादवृत्तायां भूमिकायां गायनादिनवतुष्टकसंघटनोपयोगः गायनाद्यः कृष्णेन गायाः प्रश्नः गायत्र तु अथाय पुटा॥ भक्तिरुपेन गायनाद्यायां प्रश्नः भक्तिरुपेन गायनाद्यायो अवयवे वेतिभाक्तिः लक्षये कारणम्। लिखितमपि ग्रन्थान्तरे यथा "इति गायन्तान् भक्तिं हिरन् भक्त्या तद्वशगया। नारदगायरो गायामंजसान्तरति दुस्तरमिति" अर्थं अन्त, तृतीयां मध्यमभूमिकायाञ्च (अवतार कथाः) अवतारप्रयोजनादिकथनेनाकृष्टो कथनप्रश्नस्यो पयोगः (अतः) ज्ञातिवृत्तमभूतेः सकाशात् इयत्तुलनायांनिर्णयप्रश्नः। अथ चतुर्थीभूमिकायाः (कामत्यागेशकीर्तने) कामत्यागश्चनप्रश्नद्वयोपयोगः सम्यक्प्रभूतः सकाशात् इयत्तुलनेनि पूर्वेणान्वयः। कामत्यागश्चनेनलभक्ताभिमताः पञ्चप्रश्नाः पञ्चमे कामत्यागो द्वितीयस्त तेषां स्था। पय वरम्। ध्यानयागोऽर्चनानान्तु ईशकीर्तन एवान्तर्भवेज्ज्ञाना कीर्तनात् प्रतिपादितम्॥ ९॥

(मू०) इति भूमिश्चतसृभिरध्यायानां चतुष्टयम्।
चतुर्देवाय जायन्तेयोगाख्यानमिदं जगौ॥
मुमुक्षवे द्वारवत्यां नारदस्तद्गृहागतः॥ १०॥
विष्णोरभ्यर्चना देवैः स्वर्वसेस्तुद्धवेन च।
स्वं धाम नयमित्युक्ते पेतुः संवादकारणम्॥ ११॥

(भावार्थ) इस प्रकार चार अध्याय (दूसरा तीसरा चौथा और पांचवां) चार भूमिका द्वारा प्रतिपादन किये इन चारों भूमिकाओं में नव प्रश्नोंका समावेश जानना। कर्म निष्ठा प्रकरण क्या है इसका वर्णन करते हैं "हे महाभाग? तू इन भागवत धर्मों को सुन और कर जब श्रद्धायुक्त निःसंग होकर सुनेगा तो परम पद को प्राप्त होगा यही कर्म निष्ठता है इसीलिये वसुदेव जी से पूँछेहुए नारद जी महाराज जयन्ति पुत्र नव योगियों के संवाद द्वारा इस वृत्तान्त को कहने लगे। वसुदेव जीकी मोक्ष मार्ग सुनने की इच्छा थीही इतने ही में ना-

रद जी महाराज यदृच्छा से रमते २ द्वारकापुरी में आ निकले । जिस कामको मनुष्य करना चांहता है यदि उस ही के कोई चिन्ह दीखने लगें तौ जानलेना कि अवश्य कार्य सिद्ध होगा इसी से वसुदेव जी के मुक्ति की इच्छा करने पर नारद जी का आगमन जानना ॥ १० ॥ इस प्रकार यह पाँच अध्याय समाप्तहुए अब ज्ञान निष्ठा प्रकरण के कथन करने के लिये छटे अध्याय का निरूपण करैं हैं ब्रह्मादि देवताओं ने आकर भगवान् की स्तुतिकी हे भगवन् ? आपने सब पृथ्वी के कार्य सिद्ध करदिये अब स्वर्ग को चलिये ऐसी प्रार्थना करने पर उद्धव जी भी बोले भगवन् ? यदि आप स्वर्ग को जाओ तौ मुझे अवश्य अपने धाम को ले चलिये क्योंकि में तुम्हारा अनुचर हूं । यह सुन श्रीकृष्ण जी ने मन में विचारा कि यदि मैं अपने साथ उद्धव को लेजाऊं तौ कौन फिर इस पृथ्वीपर भगवत धर्म का प्रचार करैगा इसीलिये चलतेसमय समुझाय बुझाय श्री उद्धव जी को भगवानने तत्वोपदेश किया यद्यपि उद्धव जी महाराज स्वयं भी बडे ज्ञानी थे तथापि विना गुरू के उपदेश करे भली भांति ज्ञान नहीं होसकता इस कारण श्रीकृष्ण जी ने गुरू बन और उद्धव जी कों शिष्य बनाय उपदेश दिया । इस कथन से यह भी सिद्ध होता है कि अवश्य गुरुदीक्षा लेनी चाहियें क्योंकि गुरु के करने से ही पुरुषको सुन्दर ज्ञान होता है यह श्रुति में भी कहा है ॥ ११ ॥

(संस्कृतार्थः) एवमध्यायचतुष्टम् चतसृभूमिःप्रतिपादितम् तासुचतसृ भूमिकासु नवप्रश्नानां समावेशः । ननुकिमिदंकर्मनिष्ठाप्रकरणमितितत्राह वासुदेवायेत्याद " तवगण्यंतात्महाभाग धर्मान् भागवतान् श्रुतान् । आस्थितः श्रद्धया युक्तोनिःसंगे ।याहयसे परमित्युक्तत्वात् ,, अस्य कर्मनिष्ठत्वमितिभावः जायन्तेयाः जयान्तपुत्रानव योगिनइत्यर्थः अतएव (वसुदेवाय) नारदोऽदं जायन्तेयोपाख्यान् नवयोगिवृत्तान्तं (जगौ) वर्णयामास । कथम्भूताय वसुदेवाय (मुमुक्षवे) मोक्षरूपाभिलाषिणे कवनारदः समाया तस्तत्राह (द्वारवत्यां) द्वारकायां कथम्भूतोनारदः (तद्गृहागतः) तस्यैववसुदेवस्यगृहं आगतः ॥ १० ॥ एवमध्यायपञ्चकमुक्त्वा ज्ञाननिष्ठाप्रकरणंकीर्थितुं षष्ठाध्यायार्थमुच्यते (स्वर्वस) भवता भगवताधरण्यांसर्वकार्यं कृतमधुनात्वं सर्गवस (इतिदेवैः) अमुनाप्रकारेण ब्रह्मादीभिः (विष्णोः) कृष्णस्य (अभ्यर्थना) प्रार्थनाकृता (उद्धवनच) उद्धवनापि (स्वधाममानय) स्वस्थानंवैकुंठं मांत्वंनय इति अभ्यर्थनाकृता (संवादकारणम्) संवादःकृष्णोद्धवयोः तस्य कारणं (षष्ठे) षष्ठाध्याये (उचे) कथनमास अत्रकर्तरिलकारः । लोकंस्वयंगतुं पृथिव्यामेवावस्थातुमिच्छता स्वयन्तु स्वर्गमधितिष्ठता श्रीकृष्णेन यदुद्धवस्य तत्वोपदेशःकृतः सनयोःसंवादकारणमितिभावः । एतेनान्यैरपिपुरुषैः आचार्यद्वारैवोपदेशः श्रोतव्यइत्युक्तम् गुरुद्वारेणहि प्रासंज्ञानं वृद्धिरर्थंभवति ! आचार्यवान् पुरुषोवेदेतिश्रुतिरप्यत्र मानम् ॥ ११ ॥

(मू०) चतुर्द्धा त्रीन् तथैकं द्वौद्वावेकं चैककं द्विधा ।
द्वौ द्विधा त्रींश्चतुर्द्धैकमेकमेकं च सोत्तरान् ।
प्रश्नान् शेषेषु हित्वान्त्यौ समाप्तलयदर्शनौ ॥ १२ ॥

(भाषार्थ)—इस प्रकार कर्म निष्ठा प्रकरण और संवादके कारण को प्रकाश कर अब ज्ञान निष्ठा प्रकरण के कहने को बाकी के अध्यायों का संग्रह कर दिखातेहैं—अन्त्यके तीस और इकत्तीस अध्यायों को छोड़ कर बाकीके सात अध्याय को आदि लेकर उन्तीस अध्याय तक अर्थात् बाईस प्रश्न और बाईस ही उत्तरों को करिने तेईस अध्यायों में वर्णन कियाहै । इस डेढ श्लोक में धाप्रत्ययान्त अर्थात् चतुर्द्धा १ द्विधाः द्विधा २ चतुर्द्धा ४ इन चारोंपदों का अर्थ अध्याय होता है बाकी के जितने इस डेढ श्लोक में पद हैं वे प्रश्नके वाचक हैं अर्थात् उन से प्रश्नों की गिनती कर ना । धाप्रत्ययान्त शब्दों में जितने अध्याय गितनी में होते हैं उनका प्रश्न एक २ ही जानों । यहाँ प्रश्न बाईस २२ हैं तथा अध्याय २३ तेईस जानने—शेष (बाकी) स्पष्ट आशय (खुलासा हाल) चक्रके द्वारा मालूम करलेना ॥ अब शिष्यों की बुद्धि के विशद करणार्थ ही सविस्तार इस डेढ श्लोक के अर्थका निरूपण करते हैं= चार अध्याय और एक प्रश्न अर्थात् श्लोक की गिनती से तो एक—दो—तीन—चार—यह अध्याय हुए और स्कन्धस्थ अध्यायों की संख्या से तो सात—आठ—नौ—दश यह अध्याय जानने अतएव चार अध्याय हैं और उनमें एक ही प्रश्न है यह सिद्ध हुआ ॥ पुनः—प्रश्न तीन और अध्याय एकहै अर्थात् इस श्लोक संख्या से तो पञ्चम अध्याय होताहै और स्कन्धस्थ अध्यायों की संख्या से ग्यारहवाँ होता है ॥ पुनरपि— एक ही अध्याय में एक ही प्रश्न है अर्थात् श्लोकस्थ संख्या से तो छटा अध्याय होता है और स्कन्धस्थ संख्या से तो बारहवाँ गिना जाता है यही इस्कासार है ॥ फिर—दो प्रश्नहैं और वह दोप्रश्न एक ही अध्याय में प्रतिपादन किये हैं अर्थात् श्लोकस्थ संख्या से तो सातवाँ अध्याय होता है और स्कन्धस्थ संख्या से तेरहवाँ यही भाव है ॥ तदनन्तर—दोप्रश्न और एक अध्याय यह दोवार आता है अर्थात् श्लोक संख्या से पहिलीवार और दूसरी वार में सातवाँ तथा आठवाँ अध्याय स्थिरहोताहै तथैव पहिलीवार और दूसरी वार दो२ प्रश्नोंकी गिनती स्कन्धस्थ संख्याद्वारा तो तेरहवाँ अध्याय गिनती में आताहै यही इस्कातात्पर्यहै।।पुनरपि—जैसे दो२प्रश्न और एक२अध्याय पहिले दोवार कहा इसीप्रकार अब एक२अध्यायमें एक२ही प्रश्न हैं अर्थात् पहिली वार और दूसरीवार एक२ प्रश्न और एक२अध्यायहोनेसे श्लोकस्थ गिनतीसे नौ—और दशअध्याय होतेहैं और स्कन्धस्थ संख्यासे तो पन्द्रह और सोलहअध्याय सिद्धहोतेहैं यहइस्कासारहै।।

तत्पश्चात् प्रश्न एक और अध्याय दो अर्थात् श्लोकस्थ संख्यासे तौ ग्यारह और वा रह अध्याय होते हैं और स्कन्धस्थ संख्यासे तौ सत्रह और अठारह होते हैं यही इस्का तत्व है ॥ इसके उपरान्त दो प्रश्न, और उनका एक अध्याय में निरूपण अर्थात् श्लोकस्थ संख्यासे तौ तेरह, अध्याय होते हैं और स्कन्धस्थ संख्यासे उन्नीस यही इस्का आशय है ॥ तदनु ॥ एक प्रश्न और दो अध्याय, अर्थात् श्लोकस्थ अध्याय गणनासे तौ चौदह और पन्द्रह अध्यायहोते हैं तथा स्कन्धस्थ संख्या से वीस और इक्कीस यही इस्का सरलार्थ हुआ ॥ इस्के पीछे तीन प्रश्न और एक अध्याय हैं अर्थात् श्लोक संख्यासे सोलहवाँ और स्कन्धस्थ गणनासे वाईसवाँ होता है यही इस्का स्वच्छार्थ है ॥ पुनरपि एक प्रश्न और चार अध्याय हैं अर्थात् श्लोकस्थ संख्यासे तौ सत्रह अठार उन्नीस वीस यह चार अध्याय होते हैं और स्कन्धस्थ संख्यासे तौ तेईस चौवीस पच्चीस छवीस यह अध्याय हैं यही इस्का विशदार्थ है इस्केवाद तीनवार एक २ ही अध्याय है और एक २ ही प्रश्न है अर्थात् पहिली वार दूसरी वार और तीसरी वार एक २ अध्याय के होने से तीन अध्याय होते हैं इस्का यही तात्पर्य है कि श्लोकस्थ संख्यासे तौ इक्कीस वाईस और तेईस यह अध्याय पूर्णहुए और स्कन्धस्थ संख्यासे तौ सत्ताईस अठाईस और उन्तीस पूरे होतेहैं आशय यह है कि वाईस २२ प्रश्न और वाईसही उत्तर तेईस अध्यायों में वर्णन किये हैं यही इस डेढ श्लोकके चक्रका का सिद्धान्त है ॥

अब बाकी बचेहुए श्लोक की व्याख्या करते है तीस और इकतीस वें अध्याय में ममता और अहन्ता का लय है इनदोनें में पहिले ममता के लयको दिखाते हैं यथा जिस समय श्रीकृष्ण चन्द्र भगवान ने अपने पक्षके यादवों का नाश देखा तौ कुछभी शोच नही किया किन्तु यह संसार अनित्य है यह कह कर उपेक्षा करदी यही ममत्व का लय है अब अहन्ताके लय को दिखाते हैं यथा मेरा देह और में एक नही हूं किन्तु दुष्टों के नाशार्थ ही इस पाँच भौतिक देहको धारण कियाथा अब यह देह त्याग देने योग्य है यह विचार श्रीकृष्ण चन्द्र आनन्द कन्द ने उसी समय इस देह का त्यागकिया यह दोनो प्रसंग ज्ञान की उत्पत्तिमें कारण भूत हैं क्योंकि अन्त में ज्ञानी को इस प्रकार ही वर्ताव करना चाहिये । यह दोनो संसार के मिथ्या जलाने वाली और ज्ञानकी जनक कथा हैं इसी लिये इनको इस ज्ञान निष्ठा प्रकरण में दिखाया है अब दोउ श्लोककी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ १८ ॥

(सँस्कृतार्थः)-एवं कर्मनिष्ठाप्रकरणं संमाप्य ज्ञानप्रकाशदानी ज्ञान निष्ठाप्रकरणं कर्मिनु शेषाध्यायानार्थं संगृह्णाति चतुर्दशादिभिरर्द्धेन । (अन्तौ) निश्चैकविंशौ (द्विधा) समाप्ता (शेषेषु) सप्तमादिषु त्रिपंचाशत्तमैकषष्टितमेषु (षोडशान् प्रश्नान्) एतान् उत्तरैः सह कथमानान् प्रश्नान् ऋषिरुचे इत्यन्वयः । तत्र एकः प्रश्नः पञ्चमं नैकं तच्च (चतुर्थी) श्लोकेना चतुर्थाध्यायेषु प्रोक्तान् । एवमुत्तरत्र त्रिषु त्रिषु प्रश्नपञ्चाशत्तमेषु षष्टेषु षष्टितमेषु षोडशानां षोडशोत्तराणां वैशद्यार्थं सविस्तरः सार्द्धश्लोकार्थः प्रकाश्यते यथा (चतुर्थी) चतुर्थोऽध्यायः श्लोकसंख्यातः प्रथमः द्वितीयः तृतीयः चतुर्थः तथा स्कन्धगणनातश्च सप्तमः अष्टमः नवमः दशमः इति सप्तार्थः अत्रैव चत्वारोऽध्यायाः प्रश्नस्त्वेक एवेति शिष्टम् । (त्रीन्) प्रश्नान् त्रिसंख्यकान् अध्यायश्लोकः श्लोकगणनातः पंचमः स्कन्धगणनातश्चैकादशोत्तिमाग्रः । (तथा) सैनेय प्रश्नेषु (एकम्) एकमितिविभक्तिपरिणामेन एकः प्रश्नः उत्तरमप्येकम् इति शेषः अत्रापि क्रियाऽन्वयात् एकपदस्य कर्मतेति एकं पदं सगीचीनमेव एकं प्रश्नं ऋषिरुचे इत्यन्वयः पूर्वश्लोकतः पुल्लिंगे द्वितीयाया नपुंसकेच प्रथमाया एकमेव रूपं सिद्धयतीति नियामयितुमेव केवलान्तरन्यासेनेति निष्कृष्टार्थस्तु एकेनाध्यायेनैकः प्रश्नः प्रतिपादित इतिशेषः श्लोक गणनातः षष्ठोध्यायः स्कन्ध संख्यातश्च द्वादशोत्तिमाग्रः ॥ (द्वौ) प्रश्नौ द्वौ अध्यायेनैकेन प्रतिपादितौ श्लोकस्य संख्यातः सप्तमोऽध्यायः स्कन्धस्य संख्यातश्च त्रयोदशोत्तिमाग्रः ॥ (द्वौ) प्रश्नौ द्वौ एकेनाध्यायेन कथितौ श्लोकस्य संख्यातः अष्टमोऽध्यायः स्कन्धस्य गणनातश्च चतुर्दशोत्तिमाग्रार्थः ॥ (एकम्) एकःप्रश्नः अध्यायेनैकेनोक्तः श्लोकस्य संख्यातो नवमोऽध्यायः स्कन्धस्य संख्यातश्च पंचदशोत्तिमाग्र विशदार्थः ॥ (एकम्) एकःप्रश्नः एकेनैवाध्यायेन निरूपितोतः श्लोकस्य संख्यातो दशमोऽध्यायः स्कन्धस्य संख्यातश्च षोडशेत्याशयः । (द्विधा) द्वावध्यायौ प्रश्नैकः श्लोकसंख्यातः एकादश द्वादशाध्यायौ जातौ स्कन्धसंख्यातश्च सप्तदशाष्टादशाविति तत्त्वम् ॥ (द्वौ) प्रश्नौ अध्यायेनैकेनोक्तौ श्लोकस्यसंख्यातः त्रयोदशो ऽध्यायः स्कन्धस्यसंख्यातश्चैको न विंशतिरितिभावोर्थः (द्विधा) द्वावध्यायौप्रश्नश्चैकः श्लोकस्यसंख्यातः चतुर्दशपञ्चदशाध्यायौ स्कन्धस्य संख्यातश्चविंशत्येक विंशतिसंख्यकौ इतिसारः (त्रीन्) प्रश्नान्त्रिसंख्यकान् अध्यायश्चैकः श्लोकस्य

संख्यातः षोडश, स्कन्धस्य संख्यातश्च द्वाविंशतिसंख्यकः ॥ (चतुर्द्धा) चत्वारोऽध्यायाः प्रश्नश्चैकः श्लोकस्थसंख्यातः सप्तदशाष्टादशैकोनविंशतिविंशतिसंख्यकाः स्कन्धस्थ संख्यातश्च त्रयोविंशतिचतुर्विंशतिपंचविंशतिषड्विंशतिसंख्यकाः इतिभावः । (एकम्) एकःप्रश्न एकेनैवाध्यायेन गदितः श्लोकस्थसंख्यातः एकविंशतिसंख्यकोऽध्यायः स्कन्धस्थसंख्यातश्च सप्तविंशतिरिति सारार्थः ॥ पुनः (एकम्) एकःप्रश्नः एकेनाध्यायेनोक्तः श्लोक संख्यातः द्वाविंशतिसंख्यकोऽध्यायः स्कन्धस्थसंख्यातश्चाष्टाविंशतिरिति ॥ पुनरपि (एकम्) एकःप्रश्नः एकेनाध्यायेन प्रतिपादितः अतः श्लोक संख्यातः त्रयोविंशतिसंख्याकोऽध्यायः स्कन्धस्थ संख्यातश्चैकोनत्रिंशदध्याय सथाऽवशिष्टपद्यं विवेचयति—ममतेत्यादिना—ममताऽहन्तयोर्लयः प्रकाश्यते—(ममाहंलयदर्शनौ) त्रिंशदेकात्रिंशत्संख्याकौ अन्त्यौ द्वावध्यायौ ममाहमोर्लयस्य प्रदर्शकौ त्रिंशे ममतायालयः, एकत्रिंशेचाहंतायाइत्यर्थः तत्र ममत्वलयं दर्शयति—सच स्वयं स्वपक्षस्थितयादवकुलक्षयमवलोकयतोऽपि कृष्णस्य तदुपेक्षया ज्ञायते । अधुनाहंतायालयं प्रकाश्यते—सतु कृष्णस्य देहादित्यागात् बुध्यते । एतौ ज्ञानप्राप्तेः हेतुभूतौ अतएव ज्ञाननिष्ठा प्रकरणे प्रदर्शितावितिपूर्णः सार्द्धः श्लोकः ॥ १२ ॥

(मू०) संगत्यागउपायस्य (१) सत्संगासंगयोः (२) सताम् (३) ।
भक्ते (४) र्जीवस्य (५) विषयासक्तौदृष्टेऽपिदूषणे ॥ १३ ॥
हेतो (६) र्हंससनन्दादिसंवादस्यो (७) त्तमस्यच ॥
श्रेयः सु (८) ध्यानयोगस्य (९) सिद्धीनांच (१०) विभूतिवत् (११) ॥१४॥
वर्णाश्रमादि धर्मस्य (१२) ज्ञानादीनां (१३) यमादिवत् (१४)॥
गुणदोषापवादस्य (१५) तत्वसंख्याव्यवस्थितेः (१६) ॥१५॥
क्षेत्रक्षेत्रज्ञभेदस्य (१७) देहयोगवियोगयोः (१८) ॥
अभिमाननिवृत्तेश्च (१९) क्रियायोगस्य (२०) संस्कृतौ ॥ १६ ॥
अधिष्ठानस्य (२१) भक्तेश्च परस्याः (२२) संवुभुत्सया ॥
प्रश्नान् द्वाविंशतिं चक्रे कृष्णं प्रत्युद्धवः क्रमात् ॥ १७ ॥

(भापार्थ) अव वह कौन २ प्रश्न हैं उन २२ प्रश्नों को पाँच श्लोकों सै वर्णन करते हैं। इन वाईसों में जिनने षष्ठयन्त पद हैं उन सवका पूँछने की इच्छा सै उद्धवने श्रीकृष्णजी सै निम्नलिखित प्रश्न किये यह अन्वय सव जगह करना विभूतिवत् इत्यादि पदों में स्थित जो वति प्रत्यय है यहभी षष्ठी के अर्थ को ही कहता है अर्थात् ,, विभूतिवत् ,, का ,, विभूतीनाम् ,, ऐसापद वनकर अन्वय होताहै (संगत्यागेउपायस्य) संन्यास लक्षण जो त्याग है उसमें कौनसा उपाय करै उस उपायके (संवुभुत्सया) भलीभांति जानने की इच्छा सै अर्थात् हे योगेश संन्यास लक्षण जो त्याग है उस्का करना विषयी पुरुषों सै वहुत कठिन है उसमें कोई सहज उपाय वताइये यही श्रीकृष्ण जी से उद्धवका पहिला प्रश्न है (१) (सत्संगासंगयोः)

— जीव — गुणो में बँधता है अथवा नहीं। बद्ध मुक्त जीव किस प्रकार बद्ध सकता है और किन २ लक्षणों से जाना जाता है। तथैव नित्य बद्ध और नित्य मुक्त पना एकहीजीवमें किसतरह होसकता है यह मुझे बड़ा संशय है सो हे कृष्ण इस सब संशयको आपही दूर करेंगे यह दूसरा कृष्णजीसे उद्धवका प्रश्न है (२)॥ (त्वत्तः) हे कृष्ण आप किसको साधु कहते हैं इस प्रकार का तीसरा प्रश्न उद्धवजीका श्री कृष्णजी से है (३)॥ (भक्तेः) — हे भगवन आपमें किस प्रकार भक्तिको करें यही चौथा प्रश्न उद्धवका श्रीकृष्णजी से है (४)॥ (जीवस्य) जीव किसको कहते हैं और वह कैसाहै यह मुझको बड़ा संशय है यही कृष्ण से पाँचवाँ प्रश्न उद्धवका है (५)॥ (विषयासक्तौदूषणेदृष्टेऽपिहेतो :) - विषय - दुःखदेने वाले हैं ऐसा मनुष्य जान करभी फिर इन विषयों में क्यों फसता है यह कृष्णसे उद्धवका छटा प्रश्न है (६)॥ (हंससनन्दादिसंवादस्य) - हे कृष्ण · जबतुमने हंस रूपधारण कर सनकादिकों को ज्ञानका उपदेश किया उसज्ञान के सुनने की मेरी इच्छा है यह उद्धका कृष्ण से सातवाँ प्रश्न है (७)॥ (श्रेयस्तुत्तमस्यच) -- हे कृष्ण ब्रह्मवेत्ता जन, अनेक प्रकार के कल्याण कारी उपायों को बताते हैं उन सब उपायोंमें भक्तियोगही प्रधान है यही आपका मत है उस मत को मुझसे कहो यह उद्धवका अठवाँ प्रश्न श्रीकृष्णजी से जानना (८)॥ (ध्यानयोगस्य) हे भगवन् -- मोक्षकी इच्छा करने वाला पुरुष जिस प्रकार आपकाध्यान करें उस ध्यानका तुम निरूपण करो यही उद्धवजी का श्रीकृष्णजी से नवम प्रश्न है (९)॥ (सिद्धीनाञ्च) हे अच्युत - किसधारणसे कोन सिद्धिप्राप्त होती हैं और वह सिद्धिकितनी हैं यह सब बताओ यही कृष्ण के प्रति उद्धवका दशम प्रश्न है (१०) (विभूतिवत्) आकाश पाताल तथा पृथ्वीमें जितनी विभूति (ऐश्वर्य) हैं उनसबका आप निरूपण करो यहीग्यारवाँ श्रीकृष्णजी सें उद्धवका प्रश्न है (११)॥१३।१४॥ (वर्णाश्रमादिधर्मस्य) जो आप ने पहिले ब्रह्माजी को हंसरूप से ज्ञान सुनाया था वही वर्णश्रम का धर्म मुझ से कहो यही उद्धव जी का श्रीकृष्ण जी से बारहवां प्रश्न है (१२)॥ (ज्ञानादीनाम्) शुद्ध ज्ञान और वैराग्य युक्त भक्ति ज्ञान का निरूपण करो यही उद्धव जी का श्रीकृष्ण जी से तेरहवां प्रश्न है (१३)॥ (यमादिवत्)—हे कृष्ण ? यम नियम, शम, दम, तितिक्षा, धृति, दान, तप, शौर्य, सत्य,ऋत,त्याग, इत्यादि इन सबके आप लक्षण कहिये—यही उद्धव जी का श्रीकृष्ण से चौदहवां प्रश्न है (१४)॥ (गुणदोषापवादस्य) गुण दोष अर्थात् विधि और निषेध तथा अपवाद इनका

भी वर्णनकरो यही उद्धवका श्रीकृष्ण जी सै पन्द्रहवां प्रश्न (१५) ॥ (तत्त्व संख्यान्यवस्थितेः)—हे विश्वेश ऋषियों ने कितने तत्व कथन करे हैं । आप के सिद्धान्त के अनुसार तौ एक है परन्तु कोई २६—कोई २५ कोई सात कोई ६ कोई ९ कोई ४ कोई ११ कोई १७ कोई १६ कोई १३ इत्यादि तत्वों की संख्या कहते हैं इनमें सै कौन २ सत्यहै यह कहो यही उद्धवजीका श्री कृष्ण से सोलहवाँ प्रश्न है (१६) ॥ १५ ॥—(क्षेत्रक्षेत्रज्ञ भेदस्य)—हेकृष्ण ? क्षेत्र (प्रकृति) जड़है और क्षेत्रज्ञ (पुरुष) चेतनहै इनदोनों में विलक्षण ताहोने पर भी प्रकृतिमें आत्मा और आत्मामें प्रकृति इसप्रकारका अभेदसा दीखताहै इस भ्रमको दूरकरो यही श्री कृष्णसे उद्धवजी का सत्रहवाँ प्रश्न है (१७) ॥ (देहयोगवियोगयोः)—हे कृष्ण ? आत्मा का कैसे अन्य देहमें गमन होता है और अकर्ता के कर्म, तथा नित्य के जन्म मरणादि किस प्रकार होते हैं यही उद्धवका अठारहवाँ प्रश्न है (१८) ॥ (अभिमाननिबृतेश्च) हे कृष्ण—दुर्जनों से किये हुए उपद्रवका सहना और बुद्धिमत्तासे मनका वशमें करना, यह किसतरह हो यही उन्नीसवें प्रश्न का भावार्थ है (१९) ॥ (क्रियायोगस्य)—हे कृष्ण ! कर्म—बन्धनकी पाश छुड़ाने को मक्तजन आपकी किस विधि से पूजा और आराधना करैं उस क्रिया योगको कहो यही उद्धवजी का श्रीकृष्णजी से बीसवाँ प्रश्न है (२०) (संसृतौ अधिष्ठानस्य)—हे ईश? यह जन्म मरण न आत्मा को होताहै और न शरीर को क्योंकि आत्मा ज्ञानरूप है और शरीर जड़है। यदि कहो कि दोनों को ही नहीं होताहै यह कथनभी असत्य है क्यो कि प्रत्यक्षही मालूम होता है इस संशय को काटो—यही उद्धवजी का श्रीकृष्णसे इक्कीसवाँ प्रश्नहै (२१) (परस्याः भक्तेश्च)—हेअच्युत ? जिनका मन वशमें नहींहै ऐसे पुरुषोंको यह योगचर्या बड़ीदुष्करहै अतः वह योगचर्या जिस उपायसे विनाही परिश्रम सिद्ध होजाय उसभक्ति योग को तुम वर्णन करो—यही उद्धव जी का श्रीकृष्ण जी सै बाईसवाँ प्रश्न है (२२) ॥ यही २२ बाईस प्रश्न श्री कृष्णणी ने उद्धवजीसै कि यहैं ॥ १६ ॥ १७ ॥

(अन्वयः)—संगत्यागं उपायस्य संबुभुत्सया उद्धवः कृष्णं प्रति प्रथमं प्रश्नं चक्रे (१) सत्सङ्गासङ्गयोः संबुभुत्सया उद्धवः कृष्णंप्रति द्वितीयमिमं प्रश्नं चक्रे (२) ॥ सतां संबुभत्सया उद्धवः कृष्णंप्रति तृतीयं प्रश्न चक्रे (३) ॥ भक्तः संबुभुत्सया उद्धवः कृष्णं प्रति चतुर्थं प्रश्नंचक्रे (४) ॥ जीवस्य संबुभुत्सया उद्धवः कृष्णंप्रति पंचमं प्रश्नं चक्रे (५) ॥ विषयासक्तौ दूषणे दृष्टऽपि हेताः संबुभुत्सया उद्धवः षष्ठं प्रश्नं चक्रे (६) ॥ हंसयनन्दादिशब्दस्य संबुभुत्सया उद्धवः कृष्णं प्रति सप्तमिमं प्रश्नं चक्रे (७) ॥ श्रेयःसु उत्तमस्य च संबुभुत्सया उद्धवः कृष्णं प्रति अष्टमं प्रश्न चक्रे (८) ॥ ध्यानयोगस्य संबुभुत्सया उद्धवः कृष्णं प्रति नवमं प्रश्नं चक्रे (९) सिद्धीनांच संबुभुत्सया उद्धवः कृष्णं प्रति दशमं प्रश्नं चक्रे (१०) विभूतिवत्-विभूतिनांच सं-

बुभुत्सया उद्धवः कृष्णंप्रति एकादशं प्रश्नं चक्रे (११) ॥ वर्णाश्रमादि धर्मस्य संबुभुत्सया उद्धवः कृष्णं प्रति द्वादशं प्रश्नं चक्रे (१२) ॥ ज्ञानादीनां संबुभुत्सया उद्धवः कृष्णंप्रति त्रयोदशं प्रश्नचक्रे (१३) ॥ यमादिवस्तू-यमादीनां संबुभुत्सया उद्धवः कृष्णंप्रति चतुर्दशं प्रश्नं चक्रे (१४) ॥ गुणदोषापवादस्य संबुभुत्सया उद्धवः कृष्णंप्रति पंचदशं प्रश्नं चक्रे (१५) ॥ तारतम्यविवेकस्य संबुभुत्सया उद्धवः कृष्णंप्रति षोडशं प्रश्नं चक्रे (१६) ॥ क्षेत्रक्षेत्रज्ञयोरस्य संबुभुत्सया उद्धवः कृष्णंप्रति सप्तदशं प्रश्नं चक्रे (१७) ॥ देहयोगवियोगयोः संबुभुत्सया उद्धवः कृष्णंप्रति अष्टादशं प्रश्नं चक्रे (१८) ॥ अभिमाननिवृत्तेश्च संबुभुत्सया उद्धवः कृष्णंप्रति एकोनविंशं प्रश्नं चक्रे (१९) क्रियायोगस्य संबुभुत्सया उद्धवः कृष्णंप्रति विंशं प्रश्नं चक्रे (२०) ॥ सद्गतेश्च अभिज्ञानस्य संबुभुत्सया उद्धवः कृष्णंप्रति एकविंशं प्रश्नं चक्रे (२१) ॥ पारम्पर्यस्य संबुभुत्सया उद्धवः कृष्णंप्रति द्वाविंशं प्रश्नं चक्रे (२२) ॥ इति कृष्णंप्रति उद्धवः प्रथमात् द्वाविंशति प्रश्नान् चक्रे इत्यन्वयः श्लोकपंचकस्य ॥ १३-१४-१५-१६-१७ ॥

(पदान्वयार्थः) अथ केन प्रश्नः तान् द्वाविंशतिसंख्यकान् प्रश्नान्ह योगस्योगे उपादत्ते इत्यादि पञ्चभिः श्लोकैः ॥ अत्र च द्वाविंशतेः षट्पञ्चाशतोऽखिलप्रश्नानां संबुभुत्सया प्रश्नान् द्वाविंशति उद्धवः कृष्णं प्रति चक्र इति सर्वत्रान्वयः कर्तव्यः । विभूतिवत्तु इत्यादि षट्कस्योक्ति रपि षट्पूर्णमेवद्योतयति न तदन्तयोः अन्यथा षट्पञ्चाशत्वहानिः ॥ (संगस्याग उपादत्त) सम्यगासक्तिलक्षणे त्यागे क उपायस्तस्य (संबुभुत्सया) सं-सम्यक् प्रकारेणबोद्धुमिच्छतीति संबुभुत्सातया संजिज्ञासयेत्यर्थः हे योगेश सन्यासलक्षणत्यागो विषयात्तामभूत्करः तांस्तत् क उपायः कर्तव्य इति कृष्णं प्रति उद्धवः प्रथमं प्रश्नं चक्र इति भावः (१) ॥ (सतसंगात्तयोः) सतः एकरूपस्यात्मनः संगासंगयोर्बन्धमोक्षयोः इत्यर्थः । स्त्रीषु गुणेषु न सक्तिं सक्तं वा चित्तं सङ्गमुक्तो ज्ञानः कथं तिष्ठति कैर्लक्षणैर्ज्ञायते । तथा नित्यमुक्तो नित्यबद्धः एकएव कथमिति मे ब्रूहीति कृष्णं प्रति उद्धवस्य द्वितीयः प्रश्नः इति निशदार्थः (२) ॥ (साधूनाम्) साधूनामित्यर्थः— हे कृष्ण ! तव साधुः कीदृग्गतः इत्युद्धवस्य कृष्णं प्रति तृतीयः इति सरलार्थः (३) (भक्तेः) हे भगवन् ? त्वयि कीदृशी भक्तिर्निगद्यते इति कृष्णं प्रति उद्धवस्य चतुर्थः प्रश्नः इति स्पष्टार्थः (४) ॥ (जीयस्य) जीवः कीदृशः इति मे मनोमुहुरं भ्राम्यति हे योगेश्वर तं संशयं त्वं छिंधि इति कृष्णं प्रति उद्धवस्य पञ्चमः प्रश्नः इति सारार्थः (५) ॥ विषयास्तो दूषणं ब्रूहीप हेतोः) दोषदर्शनेऽपि जनानां विषयवासनायां सक्तौ तद्भुतोः—हे कृष्ण ? विषयाः दुःखदा इति ज्ञात्वापि मनुष्याः कथं पुनस्तान् सेवन्ते इति कृष्णं प्रत्युद्धवः षष्ठं प्रश्नंचक्रे इत्यभिप्रायः. (६) ॥ (हंससनन्दादिसंवादस्य)—हे कृष्ण ? यदात्वं सनकादिभ्यो यद्रूपेण योगं कथितवान् तत् हंसरूपमहं ज्ञातुमिच्छामीति कृष्णं प्रत्युद्धवस्य सप्तमः प्रश्नः इत्याशयः (७) (श्रेयस्सु उत्तमस्य च)—श्रेयःसु सत्कर्मगुणेषु उत्तमस्य—हे कृष्ण ? ब्रह्मादिनो बहूनि-श्रेयांसि वदन्ति तत्र सर्वेषां प्राधान्य भक्तियोगः त्वयोक्तः तत्कथय इति कृष्णं प्रत्युद्धवस्याष्टमःप्रश्न इति निष्कृष्टार्थः (८) ॥ (ध्यानयोगस्य)—हे भगवन् ? मुमुक्षुर्यादृशं त्वां ध्यायेत् तद् ध्यान कथयेति कृष्णं प्रति उद्धवस्य नवमः प्रश्नः (९) ॥ (सिद्धीनांच)—हे अच्युत ? कया धारणया कीदृशी सिद्धिःप्राप्यते सिद्धयश्च कतिसन्ति तत्सर्वं ब्रूहि इति कृष्णं प्रत्युद्धवस्य दशमः प्रश्नः (१०) (विभूतिवत्तु)—यथा विभूतीनामपि बुभुत्सया प्रश्नं चक्र इति वतेरर्थः—भूमौ स्वर्गे पाताले चयाः काश्चित्त विभूतयःसन्तितासामेवद इत्युद्धवस्य कृष्णं प्रत्युक्तिरेकादश पृच्छानुरूपा(११)॥१३।१४ (वर्णाश्रमादिधर्मस्य) वर्णाश्रमादीत्यादि पदात् साधारणधर्मस्य च बोधः पुरात्वं त्वद्भक्तिसाधन

रूपं परमहंसरूपेण ब्रह्मणे आत्म सधर्मो वर्णाश्रमाचारवतो मेषां यथा विधीयते तथा कथय इति कृष्णं प्रत्युद्धवः द्वादशं प्रश्नं चक्रे (१२)॥ (ज्ञानादीनाम्)—ज्ञानादीनामित्यादिपदात् भक्ति-वैराग्यविज्ञानैश्वर्याणां बोधैः—हे कृष्ण शुद्धज्ञानं वैराग्ययुतं भक्तियोगंच कथय इति कृष्णं प्रत्युद्धव स्य त्रयोदशः प्रश्नः (१३) ॥ (यमादिवत्)—यमादीत्यादिपदात् नियमादीनां त्रयस्त्रिंशत्सं ख्यानांबोधः हे कृष्ण—यमनियमौ कतिविधौ, शमःकः इत्यादीन् प्रश्नान् नो ब्रूहि, एषां प्रश्नानां समूहत्वेन एकता अतः सर्वानेकीकृत्य एकः प्रश्ना भवतीतिभावः इति कृष्णं प्रत्युद्धवस्य चतुर्दशः प्रश्नः (१४) ॥ (गुणदोषापवादस्य)—गुणदोषौचापवादश्चेति द्वन्द्वैकवम् अपवादश्च तयारेव नचैवं प्रश्नद्वैविध्यं पृथक् प्रयत्नाभावात्—गुणो—विधिः, दोषो निषेधः क्वचिच्च विधिनिषेधयोरपवाद इत्युद्धवस्य कृष्णंप्रति पंचदशः प्रश्नः (१५) ॥ (तत्वसंख्याव्यवस्थितेः)—व्यवस्थितिर्निश्चयः हे विश्वेश ? ऋषिभिः कति तत्वानि संख्यातानि त्वन्तु एकंतत्वं वदसि, केचित् २६ प्राहुः, अपर २५, एके७, केचित्६, अन्ये९, केचित् ४, अन्ये ११, केचित् १७, केचित् १६, अन्य १३ एवं तत्वानां नानात्वं यद्विवक्षया गायन्ति तद्वद इत्युद्धवस्य कृष्णं प्रति षोडशःप्रश्नः(१६)॥१५॥क्षेत्रक्षेत्र ज्ञभेदस्य) क्षेत्रं प्रकृतिः क्षेत्रज्ञः पुरुषः, तयोर्भेदोविशेषः हे कृष्ण ? प्रकृतिः पुरुषश्च जडाजडस्व भावेन विलक्षणौस्तः प्रकृतावात्माऽऽभासनि प्रकृतिश्च अतस्तयोर्भेदोन इतिन संशयंछिन्धि इति उद्धवस्य सप्तदशः प्रश्नः (१७) ॥ (देहयोगवियोगयोः)—हे कृष्ण ? आत्मनो देहान्तरगम-नम् । अकर्तुः कर्माणि; नित्यस्य जन्ममरणादि च कथं इतिनः कथय इत्युद्धवस्याष्टादशः प्रश्नः (१८) ॥ (अभिमाननिवृत्तेश्च)—हे कृष्ण ! तिरस्कारसहनोपायः, धिया मनसः संयमश्च कथं भवेत् नूनं दुर्जनोपद्रवो गहीयसां दुःसहोहि अतः अभिमाननिवृत्यर्थं सहनोपायंवद इत्युद्धवस्यैको-नविंशः प्रश्नः (१९) ॥ (क्रियायोगस्य)—हे कृष्ण ! कर्मबन्धविमोचनाय भक्ता यथा त्वामर्च-यन्ति तथा भवदाराधनं रूपं क्रियायोगं समाचक्ष्व इत्युद्धवस्यविंशः प्रश्नः (२०) ॥ (संसृतौ-अधिष्ठानस्य)—संसृतौ संसारे, अधिष्ठानस्य अधिष्ठातुः हे ईश ? इदं जन्ममरणं नात्मनो न शरीरस्य यतः आत्मा ज्ञानरूपः शरीरन्तु जडं मामूद्द्वयोरित्यपिन तथाप्युपलभ्यते अतः कस्य जन्ममरणं तद्वद—इत्युद्धवस्यैकविंशः प्रश्नः (२१) ॥ (परस्याः भक्तेश्च) परस्याः पूर्वविलक्षणायाः उत्कृ-ष्टायाः इत्यर्थः भक्तिमात्रस्य पूर्वमुक्तत्वात् पौनरुक्तं मामूदिति भक्तेः पराविशेषणं ज्ञेयम्—हे अच्युत अवसीकृतमनसां पुंसां इमां योगचर्यां दुष्करां मन्ये अतोऽप्रयत्नतो यथा सिद्धेस्तथा भक्तियोगंब्रूत इत्युद्धवस्य द्वाविंशः प्रश्नः (२२) ॥ अमीद्वाविंशतिसंख्यकाः प्रश्नाः कृष्णंप्रति उद्धवेन कृता-इति स्पष्टार्थः ॥ १६ । १७ ॥

(मूलम्) हेयोपादेयनिर्द्धारः (१) स्वप्ने सुप्तप्रबुद्धवत् (२) ॥
मिथः कृष्णकथासक्ताः (३) प्रेम्णैव हरिदासता (४) ॥ १८ ॥
स्वसृष्टानुप्रविष्टोऽसौ (५) रजः संमिश्रसत्त्वता (६) ॥
गुणचित्तोभयत्यागो (७) भक्तिरव्यभिचारतः (८) ॥१९॥
अरूपचिन्तनं रूपैः (९) ध्यातुर्ध्येयसमानता (१०) ॥
तत्रतत्रोत्कटं सत्वं (११) कर्मत्यागः शनैः शनैः (१२)॥२०॥
द्वे हेये द्वे उपादेये (१३–१४) गुणदोषावभिद्भिदौ ॥

कर्मणि ज्ञानभक्त्योर्न (१५) सासा सख्यः प्रकल्पनात (१६) ॥ २१ ॥
स्वतः सिद्धः पुमान्नान्यत् (१७) मनोगंत्रभिमान्यजः (१८) ॥
गनः शत्रुजयः सम्यक् (१९) प्रतिमादिष्वजार्चनम् (२०) ॥ २२ ॥
पुमान्मक्त्योपगृढो (२१) विष्वमूर्तीशपूजनम् (२२) ॥
पाद्मद्वाविंशति विष्णोरुत्तराण्युद्धवं प्रति ॥ २३ ॥

[भाषार्थ]—(हेयोपादेयनिर्द्धारः) यह जगत् असत् है इसलिये इसको त्यागनाही ठीकहै और आत्मा आदि वस्तु सत् इसहीको ग्रहणकरना श्रेष्ठ है इस प्रकार जो विचार लेता है यही उसको संगत्याग में उपाय है यह प्रथम प्रश्न का उत्तरहुआ (१) (स्वप्ने सुप्तप्रबुद्धवत्)—जैसे सोकर उठाहुआ पुरुष स्वप्न में देश २ नगर २ घूमते हुए अपने आत्माका स्मरण करनाहुआभी उस समय अपनेको तन्मध्यवर्ती सत्य नहीं मानता । तथैव स्वप्नके देखने के समान अपने आप उसमें स्थित न होनेपरभी स्वप्न के देखनेके भ्रमसे अपने को तन्मध्यवर्ती सच्चाही मानरहाहै इसीप्रकार इस बाधितानुवृत्ति के द्वारा यह विद्वान पुरुष देह में स्थितहोकर भी अपने आपको उस देहमें बद्ध नहीं मानता परन्तु मुक्त जनतो वस्तुतः मुक्त होनेपरभी अपने आपको बद्ध मानता है । इस आत्मा का जन्म मरण बन्धन मोक्ष इत्यादि कुछभी नहीं होते किन्तु यह आत्मा तो स्वतः सिद्ध, नित्य, मुक्त, और शुद्धहै: यही दूसरे प्रश्नका उत्तर है (२) ॥ (मिथः कृष्णकथासक्ताः)—जो परस्पर हरिकीर्तन गोष्ठीको कर प्रतिदिन श्रीकृष्णचन्द्र की कथा में दत्त चित्त होते हैं वही सन्त हैं यही तीसरे प्रश्नका उत्तर है (३) ॥ (प्रेम्णैव हरिदासता)—लोभको छोडकर प्रेमसे हरि में दासभाव करना इसही को भक्ति कहते हैं । यही चौथे प्रश्नका उत्तरहै (४) ॥१८॥ स्वसृष्टानुप्रविष्टोऽसौ) जो जपनी सृष्टि में अनुप्रविष्ट होकर रहता है वही ईश्वररूपी जीव है (५) ॥ (रजः संमिश्रसत्वता)—जब सत्वगुणकी वृद्धि होतीहै तबही यह मनुष्य कुत्सित पदार्थों में दोषों को देखताहै और जब रजोगुणकी अधिकता होतीहै तो उन दोषोंको न देखताहुआ विषयों में प्रवृत्तहोकर उन विषयोंका सेवन करता है यही छटे प्रश्नका उत्तर है [६] ॥ (गुणचित्तेभयत्यागः)—गुण अर्थात् विषयों को त्यागदेना और चित्तको त्यागना । चित्तका यही त्यागना है कि अपने वसमें करना —यही हंसरूपधारी भगवान्ने सनकादिकों सें योग निरूपण किया है यह सातवें प्रश्नका उत्तर है [७] ॥ (भक्तिरव्यभिचारतः) व्यभिचार आदि दोषों से रहित अर्थात् निष्कपट होकर मेरी भक्ति करनी यही कल्याणकारी वस्तुओं

में उत्तमताहै=यह आठवेंप्रश्नका उत्तरहै (८॥१९॥(अरूपचिन्तनं रूपैः) मृत्तिका धातु काष्ट आदि से वनी हुई शिव ब्रह्मा विष्णुकी साकार मूर्त्तियों में स्थित जो नील पीतादि रूपहैं इन रूपोंकेद्वारा अरूप वस्तु जो निराकार परमात्मा है उस्का चिन्तवन करनाही ध्यान कहाता है=यही नवें प्रश्नका उत्तर है ॥ (ध्यातुर्ध्येय समानता) ध्येय वस्तु अर्थात् परमात्मा आदिके साथ जो ध्यान करनेवाले की तुल्यता होजानी है वही सिद्धि है । सूक्ष्मभूतों के ध्यान करने से अणिमा सिद्धि प्राप्त होती है और स्थूलपदार्थों के ध्यान करनें से महिमा नामवाली सिद्धि प्राप्त होती है । सिद्धियां आठ हैं इनको अमरकोश के प्रमाणसे जानना यही दशम प्रश्नका उत्तर है ॥ [तत्रतत्रोत्कटं सत्वम्] उन २ इन्द्र आदि देवताओं में जो सत्वगुणकी अधिकता है वही विभूति है यही ग्यारहवें प्रश्नका उत्तर है ॥ (कर्मत्यागः शनै : शनै :) शनै २ कर्मों का त्याग करनाही वर्णाश्रमधर्म है । संम्पूर्ण शास्त्रों में तौ गौणरीति सै वर्णाश्रम आचार धर्मोंका प्रतिपादन किया है मुख्यरीति सै तौ विष्णुभक्ति करनी ही वर्णाश्रमाचार धर्म है क्योंकि भगवान ने गीता में कहाभी है कि " हे अर्जन तुम सव धर्मोंको छोड मेरीही भक्ति करो में तुमे सव दुःखों से छुडाऊंगा और तुम किसी वातका शोच विचार मत.करो ,, यही वारह वें प्रश्नका उत्तरहै (१२) ॥२०॥ (द्वे हेये द्वे उपादेये) ज्ञानादिकों में और यमादिकों में दो छोड देने चाँहिये और दो ग्रहण करने योग्य हैं । ज्ञानदिकों में कौन छोडने और कौन ग्रहण करने इनका वर्णन करते हैं ,, मेरीभक्ति करनी यह धर्महै सव ओर एक आत्मा कोही देखना यह ज्ञान है । दोषों में नहीं लिपटना यही वैराग्य है । और अणिमा आदि सिद्धियोंका प्राप्तहोना यही ऐश्वर्य है इस प्रकार के ज्ञानादिकों का ग्रहण करना उचित है इस से भिन्न शून्य मन्दिर आदिमें वन्दना करनी हेय अर्थात् त्याज्य है । अव यमादिकों का दिखातेहैं मेरे में वुद्धि का स्थित करनाही शम है । इन्द्रियों का निग्रह करना दम है । दुःख का सहना तितिक्षा है जिह्वा और शिश्नेन्दिय का जीतनाही धृति है । इस ही प्रकार के यमादिकों का ग्रहण करना योग्य है इनसे अतिरिक्त भक्ति शून्यहोकर यमादिकों का त्यागनाही श्रेष्ठ है । यहां दो उत्तर श्लोकके चतुर्थांश से ही वर्णन किये हैं । और इससे आगे एक उत्तर दो चरणोंसे निरूपण किया है इसकारण पहिले घटकर फिर वढना यह समानही है इसहीसे यहाँ पूरे वाईस उत्तरही होतेहैं यह सिद्धहुआ यह तेरह और चौदह प्रश्नोंके दोउत्तरहैं (१३-१४) (गुणादोषावभिद्धिदौ) (कर्मणि ज्ञानभक्त्योर्न) प्रथम गुण इत्यादि पहिले पादका अर्थ दिखाते हैं=यह गुण है यह दोष है इस

प्रकारका भेद ज्ञान करनाही दोष है । और जिसमें भेद न हो अर्थात् यह दोष है यह गुणहै इसप्रकार का जिसमें भेद न दीखे वही गुण है । अब पहिले पादके अर्थ को दूसरे पादमें मिलाते हुए दूसरे पादका वर्णन करते हैं—यथा—वह गुण दोष—कर्म में होते हैं किन्तु ज्ञान भक्ति में नहीं । जो कुछ कर्म कृष्ण में समर्पण करा जायहै वही गुणहोता है क्योंकि सब में यहही व्यापक है इसलिये अभेद भावना करनी ही योग्य है " जोकुछकरै वह कृष्णके ही अर्पण करै " इत्यादि श्रुतिकाभी इस में प्रमाण है । यही पन्द्रहवें प्रश्न का उत्तर है (१५) (सासा संख्या प्रकल्पनात्)—किसीके मतमें २५ किसीके २६ इत्यादि अनेक प्रकार की तत्वोंकी संख्या यद्यपि ग्रन्थ कारोंने की है तथापि यह सब निज २ मतों की कल्पना और बुद्धिकी विचित्रताहै किन्तु सिद्धान्त में तो एक ही परमात्मा रूप तत्व है—यह सोलहवें प्रश्न का उत्तरहै (१६) ॥ (स्वतः सिद्धः पुमान्नान्यत्) परमात्मारूप परुष—स्वतः प्रकाश स्वरूप है और प्रकृति—जड होने से परतःप्रकाश वाली है इसकी सविस्तार व्याख्या हमने अपनी बनाई न्यायसिद्धान्त मुक्तावलीके टीके में की है विस्तार के भयसे यहाँ थोडाही लिखाहै—यही सत्रहवें प्रश्न का उत्तर है (१७) (मनोगत्राभिमान्यजः)—स्वयं आत्मा तो अज है परन्तु अपने मन से कल्पित पदार्थों के अभिमान से जन्म और मृत्युवाला होता है यही अठारहवें प्रश्न का उत्तर है (१८) ॥ (मनः शत्रुजयः सम्यक्)—मनका अपने वश में करना ही अभिमान की निवृत्तिमें कारणहै यद्यपिमन अत्यन्त ही चञ्चलहै तथापि अभ्यास करने से हौले २ वश में होसक्ताहै यही उन्नीसवें प्रश्न का उत्तरहै (१९) ॥ (प्रतिमादिष्वजार्चनम्)— आदिपद से जल सूर्य अग्नि मन्त्र ब्राह्मणों का बोध होता है अर्थात् इन सबमें श्रीकृष्णका पूजन करना ही क्रिया योग है यही बीसवें प्रश्नका उत्तर है (२०) ॥ (पुमान्प्रकृत्योपगूढः)—प्रकृतिरूप कामिनी को गाढालिंगन (जोरसे चिपटाना) कर निर्लेपहो ने पर भी पुरुष इस संसार वासना को भोगता है यही इक्कीसवें प्रश्नका उत्तर है (२१) ॥ (विश्वमूर्तीशपूजनम्)—इस चराचर जगत् में व्यापक विराट् रूप परमेश्वर का पूजन करनाही पराभक्ति है यह भक्ति सत्संगति से होती है इस के विना और कोई सहजउपाय इस भक्ति के सिद्ध करने में नहीं है यही बाईसवें प्रश्नका उत्तर श्रीकृष्ण महाराज ने उद्धवजी को सुनायाहै ॥ इसप्रकार बाईस प्रश्नोंके बाईस २२ उत्तर श्रीकृष्ण महाराज ने उद्धवजीको भली भांति समुझाये हैं ॥ २३ ॥

॥ ६८ ॥ जैसे कथामें स्थित भी ऐसा व्याविष्ट नहीं होता जैसा कि पृथक् होकर सेवे व्याविष्ट देवताओंका रसवर्द्धक होता है ॥ ६९ ॥ जैसे-कथा जैसी गर्दन कथामात्रकी है परन्तु सोहनेपर होकर जैसी मीठी लगती है ऐसा भागवतकथा है ॥ ७० ॥ यह सर्व वेदसम्मत भागवत पुराण ज्ञान वैराग्यके स्थापन करनेहीको प्रकट किया है ॥ ७१ ॥ वेद वेदान्तके पारगामी गीताके कर्त्ता दुःखके नाश होनेपर, अज्ञान सागर में मोहित हुआसे ॥ ७२ ॥ जो तुम पहले चतुःश्लोकी भागवत कही जिसके श्रवणमात्रसे नरके व्याधि दुःखरहित होवेंगे ॥७३॥ फिर तुम्हें इसमें विस्मय कैसे प्राप्त हुआ जो तुम प्रश्न करते हो भागवत जो सोचदुःखका नाशकर्ता सो सुनाओ॥७४॥नारद बोले जिसका दर्शन सहस्र जन्मों को दुःखकर अंधापन दुःख से दुःखितों का करुणाकारी सपूर्ण वेद भी के मुखों से गाईहुई कथा के श्रवण करने मात्र के प्रेम से प्रकाश करनेवाले भगवान् भी दास है ॥ ७५ ॥ जब बहुत जन्मके भाग्य उदय होते हैं तब मनुष्योंको सत्संग प्राप्त होताहै तब मोह मदके शोकसमूहका नाशहोकर ज्ञान उदय होताहै ॥७६॥

इति श्रीपद्मपुराणे उत्तरखण्डे श्रीभागवत माहात्म्ये नारदसनत्कुमार माहात्म्यकथायां कुमार नारद संवादो नाम द्वितीयोऽध्यायः ॥ २ ॥

नारद जी बोले हे सूत पूर्वक भक्ति ज्ञान वैराग्य के स्थापन के लिये जो शुक शास्त्र की कथा का उज्ज्वल ज्ञान यज्ञ कहेगा ॥ १ ॥ अहो यह महा यज्ञ विद्यालय कथा सुख स्थान को बतादेवे वेद के जानने वालों में शुक शास्त्र की गणना करने योग्य है ॥ २ ॥ यह श्री मद्भागवत की कथा कितने दिनतक सुननी योग्य है और उस में कथा कितने है सो सूत जी कहिये ॥ ३ ॥ कुमार बोले कि हे नारद जी ! सुनो हम कहते है सप्त मुख ज्ञानमुख कथा के सप्ताह ही आनंद नाम नट है ॥ ४ ॥ अनेक विघ्नगणों से मुक्त होना सिद्धों का श्रोत्रिय अनेक वृक्ष पत्रोंसे संमिश्रित नवीन कोमल वालुका से शोभन ॥ ५ ॥ यदा मनोहर एकान्त स्थान मुक्ति के आकरवाले कानोंको सुखदाय से सुशोभन जिसके सुनाए उत्पन्न होने दोषों के मनोमैल नहीं होता ॥ ६ ॥ उस स्थान में तुमको सपरिवार होकर ज्ञानयज्ञ करना चाहिये और नहीं ही पूर्व आपूर्व और रस रूप बासी कथा होगी ॥ ७ ॥ और निर्मल आसें जर्जरित देह से ज्ञान वैराग्य को भक्ति सहित जाग करके वहां हमभी आवेंगे जहां भागवतकी कथा होती है वहां भक्ति आदिक सब जाग कथाके शब्द श्रवण मात्र से भक्ति ज्ञान वैराग्य का शिक्षक करना युक्तहोता है ॥ ९ ॥ सूत जी बोले कि, इस प्रकार कह कुमार—नारद जी के साथ ही कथा के पान करने को शीघ्र गंगा तट में आये ॥ १० ॥ जब वे उस तट पर गये तब वहां कोलाहल भूलोक देवलोक और ब्रह्मलोकमें हुआ ॥ ११ ॥ श्रीमद्भागवत रूपी अमृत पानकरनेको प्रगट यह सब वैष्णव चारो ओर से दौड़े ॥ १२ ॥ भृगु वसिष्ठ च्यवन गौतम मेधा तिथि देवल देवराज परशुरामजी विश्वामित्र शाकल मृकंडु के पुत्र मार्कण्डेय अत्रि के पुत्र दत्तात्रेय विश्वजित् ॥१३॥ योगेश्वर याज्ञवल्क्य जैगीषव्य व्यास पराशर छायाशुक आजात शत्रु ये मुख्य २ ऋषि गण अपने पुत्र शिष्य स्त्री सहित प्रणामपूर्वक आये ॥ १४ ॥ वेदान्त वेद मंत्र तंत्र अपनीमूर्ति धारणकर सन्नह पुराण छः शास्त्रभी आये ॥ १५ ॥ गंगादि नदियें पुष्करादि सरोवर सब क्षेत्र दिशा और दंडकादि वन ॥ १६ ॥ पर्वतआदि सब आये और जो देवता गंधर्व दानव शरीरके गौरव से नहीं आये उन्हेंगान पूर्वक ब्रह्माके पुत्र भृगुजी बुलालाये ॥१७॥ तब नारद से दीक्षितहो दिये हुए आसन उत्तम पर कृष्णकथामें तत्पर सबसे नमस्कृतहो कुमार बैठे ॥॥१८॥

वैष्णव विरक्त संन्यासी ब्रह्मचारी यह मुख्य स्थानों में स्थितहुए सबके आगे नारदजी बैठे॥१९॥ ऋषिगण देवता वेद उपनिषद् तीर्थ और स्त्रियें यथायोग्य स्थानोंमें बैठीं॥२०॥तब जय, नमः और शंखोंका शब्दहोनेलगा और चूर्ण खीलैं फूलोंकी बडीवर्षाहुई॥२१॥वितनेतो देवता विमानोंमें चढे आकाशसे फूलोंकी वर्षा करने लगे ॥ २२ ॥ सूतजीबोले इस प्रकार सबके एक चित्त होकर बैठनेमें नारदजी के निमित्त कुमारों ने भागवत माहात्म्य कहना आरंभ किया ॥ २३ ॥ कुमार बोले कि शुकशास्त्रसे उत्पन्नहुई महिमा कोमैं तुमें सुनाऊंगा जिसके श्रवणमात्रसे हाथमें मुक्ति प्राप्तहोगी ॥ २४ ॥ यह श्रीमद्भागतकी कथा सदा सुनने योग्यहै जिस के श्रवणमात्रसे श्रीकृष्ण प्राप्त होते हैं ॥ २५ ॥ इस ग्रंथ में अठारह सहस्र श्लोक और द्वादशस्कन्ध हैं यह परीक्षित और शुकदेवजीके संवादवाली भागवत सुनों ॥ २६ ॥ पुरुष अज्ञान से तबतक इस संसार चक्र में भ्रमता है जबतक शुकशास्त्रकी कथा क्षणमात्रको कर्णगोचर नहीं होती ॥ २७ ॥ बहुत से शास्त्र और भ्रमानेहारे पुराणों के सुनने से क्या है एक भागवत शास्त्रही मुक्ति दाता है ॥ २८ ॥ जिस गृह में नित्य भागतकी कथा होतीहै वह गृह तीर्थरूपहै वहां रहने वालोंके पाप नाश होजाते हैं ॥ २९ ॥ सहस्र अश्वमेध शत वाजपेय शुकशास्त्रकी कथाकी सोलहवीं कलाभी नहींहै ॥ ६१ ॥ हे तपोधनो जब तक ही इस देह में पाप रहते हैं तबतक मनुष्य मन लगाकर भागवत कथा नहीं श्रवण करते ॥ ३१ ॥ शुकशास्त्रकेफलकी बराबरी गंगा गया काशी पुष्कर प्रयागभी नहीं करसक्ते ॥ ३२ ॥ जो मुक्तिकी इच्छारखतेहों तौ नित्यही अपने मुखसे आधा एक चौथाई श्लोक ही भागवत का पाठ किया करो ॥ ३३ ॥ वेदादि ओंकार वेदमाता गायत्री पुरुषसूक्त ऋक् यजुः साम, तीनोंवेद भागवत पुराण "ओंनमों भगवते वासुदेवाय" द्वादशाक्षरमंत्र ॥ ३४ ॥ द्वादशात्मा सूर्य प्रयाग संवत्सरात्मक काल ब्राह्मण अग्निहोत्र कामधेनु द्वादशी ॥३५॥ तुलसी वसन्तऋतु पुरुषोत्तम श्रीकृष्ण इनको बुद्धिमान् तत्वसे पृथक् भाव नहीं देखते हैं ॥३६॥ जो नित्यही भागवतशास्त्रको अर्थ से बांचते हैं उनके कोटिजन्म के पाप नाशहो जाते हैं इस में कोई सन्देह नहीं ॥३७॥ जो भागवतका आधा वा चौथाई श्लोक नित्य पढते हैं उनको राजसूय और अश्वमेध का फल प्राप्त होता है ॥ ३८ ॥ प्रतिदिन भागवत का कथन नारायण का कीर्तन तुलसी का पोषण और धेनुओंका सेवन तुल्यही है ॥ ३९ ॥ अन्तकाल में जिसने शुकशास्त्रकी वाणी श्रवण करी है उसे श्रीकृष्णचन्द्र वैकुंठ देते हैं ॥ ४० ॥ जो कोई सुवर्ण सिंहासन सहित वैष्णवके अर्थ इसे प्रदान करते हैं वोह पुरुष निश्चय श्रीकृष्णकी परमपद को प्राप्त होते हैं ॥ ४१ ॥ जिस मूर्ख ने जन्म से मरणपर्यन्त मन लगाकर शुकशास्त्रकथा नहीं सुनी उस ने चंडाल और खरकी नाईं अपना जन्म वृथा खोया और उत्पन्न होकर माताको दुःख दिया ॥ ४२ ॥ जिसने कभी शुककथाका कोई कथा नहीं सुना वोह पापकर्मा जीवितही मृतक है उस पशुसमान पृथ्वी पर भाररूप मनुष्यको धिक्कारहै यह ब्रह्मादिदेवता कहते हैं ॥ ४६ ॥ श्रीमद्भागवतकी कथा जगत् में दुर्लभ है कोटि जन्म के पुण्यों से प्राप्त होती है ॥ ४४ ॥ इस कारण हे योगनिधान ! बुद्धिमान् यह कथा यत्नपूर्वक सुननी योग्य है इस में किसी दिन का नियम नहीं सदा सुनै ॥ ४५ ॥ सत्य और ब्रह्मचर्य सहित सदा सुनै अशक्य होनेसे कलियुगमें शुक आज्ञासेविशेषता कही है ॥ ४६ ॥ मनवृत्तियों का जीतना नियमाचरण करना दीक्षा करने में अशक्य होतो सप्ताहसुनना श्रेष्ठ है ॥ ४७ ॥ नित्य श्रद्धापूर्वक श्रवण करने से माघ मासमें जितना फल कहा है वोहफल सप्ताह सुन नेसे होता है ॥ ४८ ॥ मनके अजय, रोग आयु के क्षय, और कलियुग के बहुत दोष होनेसे सप्ताह सुनना श्रेष्ठ है ॥ ४९ ॥ जो फल तप योग समाधि से नहीं मिलता वह अनायास सप्ताह श्रवण से मिलता है ॥ ५० ॥

यज्ञ से तप से तापसे नापो से दान तिरथ गवैया है ॥५०॥ योग युक्त ध्यान से समाधि से हरि उसके गुणनका कथा कीर्त्त और से सुनकर गवैया है प्रेमिक को ॥ ५१ ॥ ऐसे कह सब आपने कथानक सुनाया ज्ञान धर्मादिकों को विस्तार कर ॥ ५२ ॥ भागवत का सुयश भागवत सुनाय मोक्ष के देनेहारा है सो सुनाओ ॥ ५३ ॥ सूत जी सौनक आदि मुनीश्वरों से कहने लगे सब ज्ञान को सुनकर हरष और ॥ ५४ ॥ हे महाभाग ! ज्ञान ही मनुष्यों के कार्य को विधान करके जाने हो आप ही मेरे मन में यही निश्चयहै अब मेरा मन इन्द्रियों समेत हरिलीला में तल्लीन होगया ॥ ५५ ॥ यह घोर कलियुग आयाहै इसमें सब धर्म कर्मादिकों उनके फलों को खाजावेगा ॥ ५६ ॥ तब यह मोक्षदायी भागवतशास्त्र किसका आश्रयकरेगा, हे कमल नयन ! तुम्हें छोड़ कोई इसका दूसरा पालक नहीं है ॥ ५७ ॥ इसकारण हे महाभाग ! अनुग्रहों के भार कृपाकर मत्सखाओ निराधार चित्त आप भक्तों हो के आश्रय हो ॥ ५८ ॥ तुम्हारे वियोग से तुम्हारे भक्त पृथ्वी में कैसे रहेंगे जिसमें तुमसखा से कह, होगा इस कहि कैसे करिये ॥ ५९ ॥ ऐसे सूत जी के वचन सुन भगवान कथा हेतु से विचार करके और भक्तों के आनन्दवर्धन सुने कथा कहना उचित है ॥ ६० ॥ जो आत्मा देह का सो आत्मा घर का यह विचार आपनेमें होकर यह श्रीमद्भागवत रची मुनि नारायण कलियुग में प्रकट करेंगे ॥ ६१ ॥ इस लिये यह श्रीकृष्ण की वाणीरूप प्रत्यक्ष मूर्त्ति है जिनके श्रवण मात्र दर्शन करनेसे पाप नष्ट होते हैं ॥ ६२ ॥ इस कारण सबसे अधिक यशहै अवश है और सब शास्त्रों का तिरस्कार करके कलियुग में यह गया है ॥ ६३ ॥ दुःख दोष दुर्भिक्ष और पाप के जीव के निमित्त काम लोभ के जय के निमित्त कलियुग में यही भी कहा है ॥ ६४ ॥ अपना वैष्णवी माया जो देवों को भी दुस्तर सो मनुष्यों कैसे पार होगा इस कारण भागवत सिद्ध कही है ॥ ६५ ॥ सूतजी बोले इस प्रकार शौनक आदि का वचन सुन भक्त वत्सि ने हर्षित हो विचार किया तब एक बड़ा आश्चर्य हुआ है सौनकजी ! तुम सुनो ॥ ६६ ॥ सब अपने आपने दोनों जगत हुए ज्ञान वैराग्यों को लेकर छोड़ आये के आगे आगे में आकर हरि श्रीकृष्ण गोविन्द हरे मुरारे नाथ यह नाम गायकर उच्चारण करते हैं ॥ ६७ ॥ मेरे भागवतार्थभूषण सुन्दर वेष किये सबमें आई हुई को देखने लगे और यह कौन अनिवारी के सबमें आई इस प्रकार सबकोई चर्चा करने लगे ॥ ६८ ॥ तब सुखदेव इस ज्ञान यज्ञ को करके इस सभा कथाही के निमित्त आई है इसप्रकार बोल भक्ति ज्ञान वैराग्यसहित सुनकर परीक्षित होसनत्कुमार से बोले ॥६९॥ भक्ति कहनेकरी कि, कलियुगमें प्रवृत्तों सुखदा कालके कवलसे पुष्ट कियेहै अब मैं कहाँगे सो सबसो तब वे सबके पूज्य इस प्रकार बखानके ॥ ७० ॥ गोविन्दके समानकरनेवाली जोह करनेहारी संसार रोगकी हरनेहारी और मोक्ष पर्यन्तहै वैष्णव भक्तोंके मनमें नित्य पायकर ॥ ७१ ॥ तो यह कलियुगके दोषनुहारी देवतेहू जानहीं नहीं इसप्रकार उनकी आज्ञासे भक्ति नारायण के भक्तों के चित्तमें प्रवेश करगई ॥ ७२ ॥ सम्पूर्ण संसार के मनुष्यों ने निर्मलभी भक्ति हैं जिनके हृदयों भक्ति निवासकरती है भक्ति वश में वशीभूतहो भगवान् अपने लोकको छोड़ उनके हृदय में प्रवेश करते हैं ॥ ७३ ॥ इस प्रकार भागवत का भूमिगे हुआ आपसे कथा माहात्म्य कहे जिसके कहने सुननेसे श्रोता वक्ता कृष्ण के समान विभूतिको प्राप्त होत हैं फिर और भागसे क्या है ॥ ७४ ॥

इति श्रीविष्णुपुराणे उत्तरखण्डे श्रीभागवतमाहात्म्ये नैव नामकृत आख्यानेकाये भक्तिसह
निर्वर्तनं नाम तृतीयोऽध्यायः ॥ ३ ॥

सूतजी बोले इसके उपरान्त वैष्णवों के चित्तों अलौकिक भक्ति देख भगवान् भक्तवत्सल ॥ १ ॥ इनकी घरश्याम पीतवस्त्रधारे मनोहर वेशकिये कमरमें क्षुद्रघंटिका मोरमुकुट सुंदर कुंडल धारण किये ॥ २ ॥ त्रिभंगी छविकिये सुंदर कौस्तुभमणीसे विराजमान कोटि कामदेव के समान शोभायमान हरिचंदन से चर्चित ॥ ३ ॥ परमानंद चिन्मूर्त्ति मधुरमुरली धारी भक्तोंके निर्मल हृदय में प्रविष्ट हुए ॥ ४ ॥ जो वैकुण्ठके रहनेवारे और जो वैष्णव उद्धवादिक हैं वे गतमात्रसे कथासुननेको आये ॥ ५ ॥ तब जय जय शब्द रसरूप भागवतकी पुष्टि, चूर्ण और पुष्पोंकी वृष्टि और वारंवार शंखध्वनिहुई॥६॥उस सभामें स्थित महात्माओंको देहगेह और आत्माकी सुधि न रही सबकी तन्मय अवस्था देख नारदजी बोले ॥ ७ ॥ हे मुनीश्वरो ! आज इस जन समुदाय में मैंने सप्ताहकी अलौकिक महिमा देखी जिस्से मूढ शठ पशु पक्षीभी सब निष्पाप होते हैं ॥ ८ ॥ अतः इस कलियुग में चित्त शुद्धार्थ तथा पाप समूह विध्वंस करने को इसकथाकी समान पृथ्वी में और कुछ नहीं है ॥ ९ ॥ परन्तु यह आप कहिये कि कथामय सप्ताह यज्ञ से कौन २ विशुद्ध होते हैं महात्माओंने लोक हितार्थ क्या कोई नवीनमार्ग स्थापित किया है ॥ १० ॥ कुमार बोले जो पापात्मा सदा दुराचारी कुमार्गगामी क्रोधाग्नि से दग्ध कुटिल कामी है वेभी कलियुग में सप्ताह यज्ञ से पवित्र होजाते है ॥ ११ ॥ सत्य से हीन पिता माता को दोष देने वाले तृष्णासे व्याकुल अश्रम धर्म से वर्जित जो पाखण्डी घमण्डी हिंसकभीहै वेभी सप्ताह ॥ १२ ॥ पांच बडे उग्रताप छल छद्मकारी जो क्रूर और पिशाचोंकी नाईं निर्दई हैं । जो ब्रह्मणों के धनसे पुष्टहैं व्यभिचारी हैं वेभी ०— ॥१३॥ और जो शठ, हठपूर्वक मन वचन कर्मसे नित्य पाप करते हैं पराये द्रव्यलेकर पुष्ट होतेहैं वे मलीन दुष्टचित्तवालेभी०— ॥१४॥यहां मैं तुमसे पुरातन इतिहास कहूंगा जिस के सुननेसेही पाप नष्ट होजाते हैं ॥ १५ ॥ तुम भद्रा नदी के किनारे एक सर्वोत्तम नाम उत्तम पत्तन था; जहां चारों वर्ण अपने धर्म कर्मों में तत्पर थे ॥ ॥ १६ ॥ उसी पुर में वेदज्ञ आत्मदेव नाम ब्रह्मण श्रौतस्मार्तकर्मों का पारङ्गत-दूसरे सूर्य की नाईं निवास ॥ १७ ॥ वो भिक्षुक धनवान था; उसकी स्त्री का नाम धुंधुली सुन्दरी सत्कुलोत्पन्ना सदा अपनी टेक रखनेहारी थी ॥ १८ ॥ लोकवार्त्ता में रत क्रूरा और बहुत बोलेथी घर के कार्यों में शूरा कृपण कलह कारिणी थी ॥ १९ ॥ इस कारण प्रेमपूर्वक उन दोनों को रहते विहार करते हे राजन ! अर्थ काम सम्पन्न गृहादिक उन्हें सुखकारी नहुआ ॥ २० ॥ तब उन्होंने सन्तान के निमित्त दोनों को गौ भूमि सुवर्ण सदा देकर धर्म करना प्रारम्भ किया ॥ २१ ॥ जब कि उन स्त्री पुरुषों नें धर्म मार्ग में आधा धन लगादिया परन्तु कोई पुत्र व बेटी न हुई तब ब्राह्मण को बडी चिन्ता हुई ॥ २२ ॥ एक समय वोह ब्राह्मण दुःखीहो घर से निकल बनको गया दुपहर के समय प्यास से व्याकुल हो एक सरोवर के समीप प्राप्त हुआ ॥ २३ ॥ जल पीकर सन्तान के दुःख से दुःखी वह तहांही बैठागया कि, एक मुहूर्त उपरांत कोई सन्यासी वहां आए ॥ २४ ॥ जब वोह जल पीचुका तब यह ब्राह्मण उस-के धोरे जा चरण वन्दनकर श्वास लेता आगे बैठा ॥ २५ ॥ यति बोले ब्राह्मण ! क्यों रोता है तेरे मन में क्या चिंता है तू शीघ्र मुझसे अपने दुःख का कारण कह ॥ २६ ॥ ब्राह्मण बोला महाराज ! पूर्व पाप से संचित दुःखको क्या कहूं मेरे पूर्वज पितर मेरे दिये हुए जल को श्वास से गरम कर पीते हैं ॥२७॥ मेरे दियेहुए को प्रीति से देवता ब्राह्मण भी नहीं लेते मैं सन्तान के दुःख से दुःखित प्राण त्यागने को यहां आयाहूं ॥ २८ ॥ संतान के विना जीने को विना संतान के घरको पुत्रहीन के धन को और संतान के विना कुल को धिक्कार है ॥ जो मैं धेनु पालता हूं और जो मैं वृक्ष लगाता हूं सोइ वन्ध्या होजाताहै ॥ ३० ॥ जो कुछ नेरेघर आताहै

मूलजाता है तो निर्भाग पुत्रहीन मेरे जीने से क्या है ॥ ३१ ॥ ऐसा कह मोह से जब वह रोने लगा तब उस संन्यासी के शिष्य में, वहां चलाई ॥ ३२ ॥ सोई सोई उसके प्रारब्ध को जानता हुआ दया और ज्ञान से पूर्ण होकर उसके प्रति विचार पूर्वक वचन बोला ॥ ३३ ॥ हे ब्राह्मण ! संतान रूप अज्ञान को त्याग कर्म की गति बड़ी बलवान है ज्ञान को आश्रय हो संसार वासना को त्यागन कर ॥ ३४ ॥ सुन ब्राह्मण इस मानव में तेरे प्रारब्ध दोष से जन्म पर्यन्त तेरे पुत्र नहीं है ॥ ३५ ॥ संतान से सुख और जैसा मानते वैसा सुख नहीं है सो अरे कुटुम्ब की आशा त्याग संन्यास में सर्वथा सुख है ॥ ३६ ॥ ब्राह्मण बोला पुत्र दान से कुछ नहोगा जैसेहो वो पुत्र दीजिये नहीं तो तुम्हारे आगेहीं मैं प्राणों को त्याग करूंगा ॥ ३७ ॥ पुत्रादि सुखहीन यह संन्यास भी दुःखदाई है गृहस्थही में पुत्र होय सुख है सो लोक में प्रकट है ॥ ३८ ॥ यह ब्राह्मण का आग्रह देख योग्य नहोकर भी तिसके दुःख मिटाने से निश्चय को अंगीकार किया था ॥ ३९ ॥ और जैसे हाथ से छिनेहुए दूध को उसी प्रकार पुत्र से तुझे सुख नहीं प्राप्त होगा । क्या कारण सुख दुःख भाग्य में होता है क्या करे ॥ ४० ॥ इस ब्राह्मण का यह आग्रह देख मनी ने एक फल दिया और यह कहा इसे तू अपनी स्त्री को खवाय पुत्र होगा ॥ ४१ ॥ यह दोनों दया दान और एकबार भोजन इस प्रकार से एक वर्ष तक जो रहेगी तो अति पुत्र होगा ॥ ४२ ॥ यह कहकर योगी अपने मार्ग गया ब्राह्मण अपने घर आया योग फल स्त्री को दे सुनाया विप्रान्त दुःखी कहीं पठाया ॥ ४३ ॥ उसकी तरुणी कुटिल तो यही सखी के आगे रुदन करने लगी जाती हुई मेरी विद्या छूटगई है मैं इस फल को न खाऊंगी ॥ ४४ ॥ फल खाने से गर्भ रहेगा फिर बेटा होगा मोसा भोजन करने से मिलता होजायगी तो घर के काम कैसे होंगे ॥ ४५ ॥ कहीं भाग्य से गर्भ के आग लगजाय तो गर्भिणी कैसे गर्भ दुःख को सहे रहने दुष्ट गर्भ को कौन से कैसे छुड़ाय करे ॥ ४६ ॥ यदि कहीं गर्भ टेढ़ा पड़गया तो मेरा मरणही होजायगा प्रसूत के समय बड़ा दुःख होता है इसे सुकुमारी कैसे सहे ॥ ४७ ॥ तब मूढ़ मंद गर्भिनी के सर्वस्व भक्षण नष्ट हरण करलेगी और फिर सूतक पीछादि नियम मुझे दुःखदाई ही होवे है ॥ ४८ ॥ फिर बालक के लालन पालन में बड़ा दुःख होता है यानी बंध्या या विधवा नारी सुखी है यह मेरी मति है ॥ ४९ ॥ ऐसी कुतर्कना कर उसने फल नहीं खाया और स्त्री ने पूछा कि फल खाया तो कहदिया कि हां खालिया ॥ ५० ॥ एक समय बहनों मिलने इच्छा से उस के घर आई उसके आगे इसने सब वृत्तान्त सुनाकर कहा कि मुझे यह बड़ी चिन्ता है ॥ ५१ ॥ इसी दुःख से दुर्बल होगई हूं छोटी बहन ! बता तो क्या करूं तब वह बोली मुझे गर्भ है उत्पन्न होने पर तुझे दूंगी ॥ ५२ ॥ तबतक तू सगर्भासी होकर घर में सुखी रह तू मेरे पति को इष्ट दीजे वह तुझे बालक देदेगा ॥ ५३ ॥ तेरा बालक छः महीने का मरगया ऐसा मैं प्रगट करूंगी और प्रति दिन आकर तेरे बालक को दूध [पिलाया करूंगी] ॥ ५४ ॥ परीक्षा के निमित्त तू फल इस समय गायकूं दे यह सुनकर उस ने स्त्री स्वभाव से यह सब कुछ किया ॥ ५५ ॥ कुछ समय उपरांत उस नारी के बालक हुआ तब उस के पिता ने एकान्त में वह बालक लाकर धुंधुली को दिया ॥ ५६ ॥ तब धुंधुली ने अपने स्वामी से कहा कि मेरे सुख पूर्वक बालक उत्पन्न होगया आत्मदेव के संतान होने से बहुतों को प्रसन्नता हुई ॥ ५७ ॥ जातकर्म किया ब्राह्मणों को दान दिया गीत बाजों के शब्द और सब मंगल उसके द्वारे हुए ॥ ५८ ॥ धुन्धली अपने पति से बोली मेरे कुचों में दूध नहीं है सो मैं निर्दुग्धा दूसरे के दूधवाली बालक को कैसे पालूंगी ॥५९॥ मेरी बहनका थोड़ेही दिनों का बालक मरगया है उसे लाने पर बुलाती

बालक को पालन करैगी॥ ६०॥पतिने पुत्र रक्षार्थ सब कुछ किया माताने पुत्रका नाम धुंधकारी रक्खा॥ ६१॥तीनमहीने उपरान्त उस गायके भी एकबालक उत्पन्नहुआ सर्वांग सुंदर उज्जवल दिव्य शरीर सुवर्णकी नाईं ॥ ६२॥ ब्राह्मण बडा प्रसन्न हो स्वयं उस के संस्कार करताहुआ इसे आश्चर्यसे बहुत मनुष्य देखने को आये ॥ ६३ ॥ देखो अब आत्मदेव का भाग्य उदय हुआ है जो गौने भी देवरूपी बालक उत्पन्न किया है बडे आश्चर्य की बातहै॥ ६४ ॥ प्रारब्धवश किसीने भी इस भेद को नहीं जाना सब शरीर मनुष्य का केवल कानही गौ के थे इस कारण पिता ने इसका गोकर्ण ही नाम धरा ॥ ६५ ॥ कुछ काल में दोहू दोनों बालक तरुण हुए गोकर्ण ज्ञानी पंडित और धुन्धकारी बडा दुष्ट ॥ ६६ ॥ स्नान शौच क्रिया रहित कुत्सित वस्तु भक्षी क्रोधी दुष्ट परिग्रह कर्त्ता चांडालों के हाथ भोजन करै ॥ ६७ ॥ चोर सबसे वैर करै पराये घरों में आग लगा दे छोटे बालकों को देखकर कुए में डाल दे ॥ ६८ ॥ हत्यारा शस्त्र धारै दीन और अंधों को दुख दे चांडालों के संग प्रीति करै जाल किये फिरै ६९ वेश्या के संग से उसने अपने पिता का सब धन नष्ट कर दिया और पिता माता को पीट कर घरके वर्त्तन लेगया ॥ ७० ॥ उसका पिता क्षीण धन हीन हो ऊंचे स्वरसे रोने लगा पुत्र का न होना ही भला है, क्योंकि कुपुत्र दुखदायक है ॥ ७१ ॥ कहाँ रहूँ कहाँ जाऊँ कौन मेरे दुःख दूर करै मैं दुःख से प्राण त्याग दूंगा हा बडा कष्ट है ॥ ७२ ॥ उस समय ज्ञानी गोकर्ण आयकर पिता को वैराग्य दिखाता हुआ समझाने लगा ॥ ७३ ॥ यह संसार असार है दुःख रूप मोह करानेहारा है सुत धन किसका सब मिथ्या है इस में प्रेम करने हारा रात दिन दुःखी होता है ॥ ७४ ॥ इंद्र को और न चक्रवर्ती को कुछ सुख है किन्तु एकान्तवासी मुनि को ही कुछ सुख है ॥ ७५ ॥ यह संतान रूप अज्ञान छोड़ मोहसे नरक होता है यह देह एक दिन गिरजायगा इस कारण सब कुछ त्याग कर वनको जाओ ७६ उसके यह वचन सुनकर वन के जाने की इच्छा करते गोकर्ण से इसप्रकार उसके पिता बोले हे पुत्र ! वन में क्या कर्तव्य है सो तुम विस्तार से कहो ॥७७॥ स्नेह पाश से बँधाहुआ मै लँगडा हुआ मूर्ख कर्मों से इस संसार रूपी अंध कूप में पडाहूं हे दयालु पुत्र ! मुझे निकाल ॥ ७८ ॥ गोकर्णबोला इस अस्थि मांस रुधिरसे बनेहुए देहशरीरमें अभिमान मतकरो स्त्री पुत्रोंसे ममताको त्यागन करो इस संसार को प्रतिदिन क्षण भंगुर जानो भक्ति में प्रीति करके वैराग्य का सुख भोगो ॥ ७९ ॥ नित्य भागवत धर्मों को सेवन करो काम्य कर्मों का त्याग करो काम और तृष्णा को छोड साधुओं की सेवा करो औरोंके दोष गुणों का चिंतन छोड भगवतकी सेवा और कथारस को नित्य पिओ ॥ ८० ॥ यह पुत्र का उपदेश सुन घर त्याग वोह साठ वर्ष की अवस्था युक्त ब्राह्मण स्थिरचित्तहो वनको गया नित्य प्रति श्रीकृष्णचन्द्र की सेवा करने और दशमके पाठ करने से श्रीकृष्ण को प्राप्तहुआ ॥ ८१ ॥ इतिश्री पद्मपुराणेउत्तर खंडेभागवतमाहात्म्येसद्यनाथशास्त्रिकृतभाषाटीकायांचतुर्थोऽध्यायः॥४॥सूतजीबोले पिताके मरजाने से धुन्धकारी ने माता को बहुत मारा और कहा बता धन कहां है नहीं तो लातों से मारूंगा ॥ १ ॥ इस प्रकार माता उसके वचन से भयभीत दुःखी हो रात में कुए में गिर मरगई ॥२॥ गोकर्ण योग में स्थित हो तीर्थ यात्रा को चलेगये उसे न दुःख न सुख न कोई वैरी है न बन्धु ॥ ३ ॥ धुंधकारी उस घर में पांच वेश्याओंके साथ रहने लगा बडा कुकर्मी उनका पालन मूर्खता से करने लगा ॥ ४ ॥ एक समय उनको गहनेकी इच्छा हुई तो यह कामान्ध मृत्यु का विचार न करके घर से निकला ॥ ५ ॥ इधर उधर से धन संचय कर फिर घरको आया उन्हें कितने एक भूषण और वस्त्र दिये ॥ ६ ॥ बहुत धन संचय देखकर वे स्त्री रात्रि में वि-

मारने लगी यह प्रतिदिन चोरी करता है सदाचित् राजा पकड़ेगा तो ॥ ७ ॥ यह धन मन लेकर फिर इसे निर्धन मार डालेगा तो धन की वधाके लिये तुम स्त्रीहत्या से इसको मत मारडालें ॥ ८ ॥ इसे मारके यह धन धन के हरण पूर्वक लिये यह अपने लिये दुःख सोनेहुए को रस्सियों से बांधा ॥ ९ ॥ इसके मरे से पापी ब्राह्मण मारने कभी पाप यह अन्धा न मरा तो चिन्ता से विचारने लगी ॥ १० ॥ बहुतसे अंगारों से इसका मुख जलाया धन अग्नि लगानेके दुःख करके दीन मारगया ॥ ११ ॥ तो मलिका से गोल बने, हड्डियां यह गोल होय ॥ तारो कबहूँ भूल से, इनमें रहो न कोय ॥ १२ ॥ तुम धुन्धुकारी स्त्रीसे ऐसे कहके गड्ढे में दाबादेना यह भेद किसी से भी नहीं कहना ॥ १३ ॥ ऐसा कहके गोकर्ण चला कि हमारा प्यारा दुर दुख कमाके मरा है इस गये के भला तो आवेगा ॥ १३ ॥ पंडितों को योग्य है कि स्त्रियों का और मूर्खों का विश्वास न करे यह दोनों विश्वास करता है तो दुःखी होता है ॥ १४ ॥ इनके मरण कालमें यम दूतोंने आय दुःख दिया है इसमें कुछ आश्चर्य नहीं है इसमें कहते हैं कि, स्त्रियों को कोमल जानके है न करना बहुत भली करनेवाली दासी धन मन देह सर्वांगों और पुत्रोंको सुखदेती एक होत हुआ ॥ १६ ॥ गोकर्ण भारत घोलना हुआ जिस दया विचारों में स्थिर होय पुत्र से कहा-फूल, निराहार, प्राणा हारकर ॥ १ ॥ हे भारत ! तुम किसी प्रयत्न करना हुआ कहीं भी आदि को प्राप्त नहुआ कुछ काल के अनन्तर गोकर्ण जी में गये और लोगों के कहने से स्वदेश आना ॥ १८ ॥ यह वृत्तान्त ऐसा जानकर तुमको श्राद्ध विधि विधि २ तीर्थ पर गोकर्णजी आने थे वहीं २ उसका श्राद्ध करने थे ॥ १९ ॥ इस प्रकार फिरते २ वह गोकर्णजी आत्म गये आये और नगर निवासियों को दर्शन दे उसी घर के आगन में गाने को लोए ॥ २० ॥ वह प्रेत रूप भारी धुन्धुकारी सोपहुए भाई जानकर सब गांव घर २ भयङ्कर रूप दिखाने लगा ॥ ॥ २१ ॥ कभी गेंडा कभी हाथी कभी भैंसा कभी काली आदि बनाता २ फिर पुरवासी होगया ॥ २२ ॥ यह विपरीतता देखकर जी महाराज में डेरा अरी भाग गोल हो दुःख प्रकाश किया करने को उससे पूछे ॥ २३ ॥ गोकर्णजी कहने कि तू कौन जन्म है और तुझे इस दशा को कैसे प्राप्त हुआ तू प्रेत है या पिशाच है या राक्षस है यह मुझसे कह ॥ २४ ॥ सूतजी महाराज कहते हैं कि—ऐसा पूछाहुआ वह जोर २ रोकर और वचन कहने को असमर्थ होकर में भुम्बुकारी हुआ वह बोला ॥२५॥ तब गोकर्णजीने जल हाथ में लेकर उसको छिड़कदिया वह उस जल छिड़कने के प्रभाव से कुछ कहने को समर्थ होगया ॥२६॥ प्रेत बोला मैं आपका भाई भुम्बुकारी हूं और अपनेही दोष से मैंने अपने ब्रह्मतेजका नाश किया ॥२७॥ और अज्ञानी मैंने जो २ दुष्कर्म किए उनको कोई नहीं गिनसकता तें संसारी हिंसक आदि दुःखमें जिनके द्वारा गतागत ॥२८॥ इससे प्रेतत्वको प्राप्त हुआ हूं अपनी दुर्दशाको कहता हूं दैवयोगसे फल प्राप्त होने से मैं बहु भक्षण करताहूं ॥ २९ ॥ हे कृपासिंधु बंधु ! मुझे इस संकटसे शीघ्र छुड़ाओ यह वचन सुन गोकर्ण उससे कहने लगा ॥ ३० ॥ गोकर्ण बोलाभाई मैंने तो तेरे निमित्त गया में पिण्ड दिये थे तो अब भी मुक्ति नहीं हुई यह बड़ आश्चर्यकीबात है ॥ ३१ ॥ जो गया में पिण्ड देने से मुक्ति न होवेतो फिर और उपाय नहीं है हे प्रेत ! अब मैं क्या करूं सो तू विस्तार से कह ॥ ३२ ॥ प्रेत बोला सौ गयाश्राद्धसे भी मेरी मुक्ति नहीं होगी कोई और उपाय विचारो ॥ ३३ ॥ उसके यह वचन सुन गोकर्ण कोधड़ा आश्चर्यहुआ जो सौ श्राद्ध से मुक्ति न हो तो तेरीमुक्ति असाध्य है ॥ ३४ ॥ अब तू प्रेत अपने स्थान में निर्भय रह तेरी मुक्तिका साधन भी विचार कर करूंगा ॥ ३५ ॥ यह सुनकर धुन्धुकारी अपने स्थान को गया यह गोकर्ण ने सबओरसे विचार किया

परंतु कोई उपाय निश्चित न हुआ ॥ ३६ ॥ प्रातःकाल गोकर्ण का आनासुन बहुतलोग देखने को आयेतब गोकर्णने रात्रिका वृत्तांत उसने सब कहा ॥ ६७ ॥ विद्वान् योगी ब्रह्मवादी बहुत शास्त्र देखने लगे परन्तु कोई उपाय उस की मुक्ति का नहीं सिद्धहुआ ॥ ३८ ॥ तब सबने यही निश्चय किया कि सूर्य भगवान् से इसका उपाय बूझिये जो वोह कहें सो करो तब गोकर्ण ने मंत्रबल से सूर्य को रोकादिया ॥ ३९ ॥ हे जगत् के साक्षी तुम को नमस्कार है इसकी मुक्ति का उपाय बताओ ॥ ४० ॥ यह सुन भगवान् भास्कर दूर से स्फुट बोले श्रीमद्भागवत का सप्ताह यज्ञकरो मुक्ति होजायगी ॥४१ ॥ यह धर्मरूप सूर्यभगवान् का वचन सबने सुनासब कहने लगे निश्चय यह शुभ कर्मकीजिये ॥ ४२ ॥ गोकर्ण भी निश्चयकर कथा बांचनेमें प्रवृत्तहुए तहां श्रवण करनेको देश और गांव के मनुष्य आये ॥ ४३ ॥ लंगडे अन्धवृद्ध मंद भी पाप दूर करने के लिये आये देवताओंको विस्मदायक बडा समाजहुआ ॥ ४४ ॥ जबआसन के ऊपर बैठके गोकर्ण कथा कहनेलगे तब वोह प्रेतभी आया और इधर उधर स्थान देखने लगा॥४५॥ तब वहां एक सात गांठोंका वांस देखकर उसकी मूलमेंछिद्रके द्वारा प्रवेशकर सुनने कोबैठ गया ॥ ४६ ॥ वोह पवनरूपी था इस कारण स्थित न रहसका गोकर्णने एक मुख्य वैष्णव ब्राह्मण को श्रोता कल्पना कर ॥ ४७ ॥ प्रथमस्कन्धकी अच्छी प्रकार कथा सुनाई जबसन्ध्या समय कथा विसर्जन हुई तब बडाआश्चर्य हुआ ॥ ४८ ॥ वांस की एक गांठ टूटगई और बडा शब्द हुआ इसी प्रकार दूसरे दिन दूसरी गांठ इस तरह वह उस वांसकी सात गांठे टूटगईं जब बारहवां स्कन्ध पूरा हुआ तबहीं उसको प्रेतपन छूटगया ॥ ५० ॥ दिव्य रूप होगया, गले में तुलसी की माला, पीत वस्त्र, घनश्याम, मुकुटऔर कुण्डल धारे ॥५१॥ पतिवस्त्र धारणकिये घनश्याम मुकुटधारेकुंडल पहरेवोह धुन्धकारी अपनेभाईको नमस्कार करकेबोला॥५२॥भाई तमने बडीकृपाकर से प्रेतरूपी पापसे छुटाया यह भागवती कथा प्रेतपीडा दूरकरनेवाली धन्य है ॥५३ यह सप्ताह धन्य है जो कृष्णलोक फलकादेने हाराहै सप्ताह सुननेका बैठतेही मनुष्य के पापका पने लगते हैं ॥ ५४ ॥ हम प्रेतों की तो यह भागवत प्रलय करेगी गीला सूखा लघु स्थूल वाणी मन कर्म से किये ॥ ५५ ॥ पापको यह सप्ताह यज्ञ नाश कर देता है जैसे अग्नि समिधा को इस भारत वर्ष में देवताओं की सभा में विद्वानोंने ॥ ५६ ॥ कथा नहसुननेवालोंका निष्फल जन्म कहा है मोह से रक्षा करके पुष्ट बलवान् देह से क्या है ॥ ५७ ॥ जिस शरीरर ने यह शुकशास्त्र कथा नहीं सुनि वोह अस्थियों का स्तंभ नसोंसे बद्ध मांस रुधिरसे लेपित॥५८॥ चर्म से आच्छादित दुर्गन्धयुक्त मूत्र पुरीषका पात्र है बुढापा, शोकके फल से युक्त रोग का जो प्रातःकाल खाया हुआ अन्न सायंकाल में नष्ट होजाता है सो अन्नादि के रस से पुष्ट इस कथा की क्या नित्यता है ॥ ६१ ॥ क्षणभंगुर है सप्ताह श्रवण करने से लोक में भगवान् निकट ही प्राप्त होते हैं इस से दोषनिवृत्ति के निमित्त एक यही साधनहै ॥ ६२ ॥ जलोंमें बुल्लदे के नाईं जंतुओं में मशकका नाईं कथाश्रवण रहित जन वृथाहीउत्पन्न होतेहै॥६३॥ जहांलड और सूखे वांसकी भी गांठें टूट गईं तो फिर चित्तकी ग्रंथि टूटजायतो क्या आश्चर्य है ॥ ६४ ॥ हृदयकी ग्रंथिटूट जाती सब सन्देह नाशहो जाते कर्म क्षयहोजातेहैं जो सप्ताह श्रवण करते हैं ॥ ६५ ॥ संसाररूपी कींचड में फंसे हुओंको धोनेमें यह कथा श्रेष्ठहै जिसका चित्त कथारूपी तीर्थमें है उसकी पाण्डतों ने मुक्तिहोनीहयहाहै ॥६६॥ यह उसके कहते हुएई वैकुण्ठसे विमानआया जिस के चारों ओर प्रभा फैली हुई वैकुण्ठ वासियोंसे युक्त ॥६७॥ सबके देखतेहुए धुंधली का पुत्र विमान में बैठा और तब विमान में वैष्णवो को बैठा देख कर गोकर्ण कहने लगे ॥ ५८ ॥ गोकर्ण बोले यहां बहुत से सुनने वाले उज्ज्वल चित्तमेरी कथा के हैं उनके नि-

गित्त क्यों नहीं विमानषाये ॥६९॥जबकी, सबका श्रवण बराबरही कीनाहै तो फल में भेद क्यों हुआ है हरि के प्यारो यह बात कहो ॥ ७० ॥ हरिदास बोले श्रवण के भेद से फलका भी भेद हुआ है सबनें सुना है परन्तु इस प्रकार से मनन नहीं किया ॥ ७१ ॥ इस कारण से भजनेसे भी फल भेद हुआ सात रात्रिपर्यंत व्रत करके प्रेमने श्रवणकिया ॥ ७२ ॥ और इस ने स्थिरचित्त होकर मननादि भी किया जिसको दृढ नहीं होता उसका ज्ञान व्यर्थ है ॥ ७३ ॥ संदिग्ध का मंत्र हत है व्यग्रचित्त का जप निरर्थक है वैराग्य रहित देश हत है अपात्र को श्राद्ध में देना भी व्यर्थ है ॥ ७४ ॥ वेदविद्या रहित को दान देना निरर्थक है सदाचार रहित कुलहत है गुरु के वाक्यों में विश्वास और आने में दीनता की भावना करनी योग्य है ॥ ७५ ॥ मनके दोषोंका जीतना कथा में निश्चल चित्त रखना अब इस प्रकारसे विश्वास शुद्ध चित्त हो तब कथा सुननेका फल होता है ॥ ७६ ॥ फिर कथान्त में सब का वैकुण्ठ लोक वास होता है हे गोकर्ण तुझे तो गोविन्द भगवान् स्वयं लोक देंगे ॥ ७७ ॥ इस प्रकार से कहकर वे भगवान् के पार्षद सब वैकुण्ठ लोकको चले गये फिर श्रावणके महीने में गोकर्णने कथा का आरम्भ किया ॥ ७८ ॥ सात रात्रि वाली भागवतकी कथा को उन सबनेसुना ॥ हे नारदजी ! सुनों जब कथा समाप्त हुई तब ॥ ७९ ॥ विमानों और भक्तों सहित भगवान् प्रगट हुए तब चारोंओरसे अतिशब्द नभः पर्यंत होनेलगा ॥ ८० ॥ भगवान् ने प्रसन्न होकर तहां पंचजन्य शंखकी ध्वनि की गोकर्णको आलिंगन करके अपने सदृश समान बना लिया ॥ ८१ ॥ और जितने श्रोता थे उनको क्षणमात्र में भगवान ने घनश्याम पीतवस्त्र युक्त किरीट कुंडल धारी कर दिया ॥ ८२ ॥ और जो वृक्ष गायें पशु से लेकर चांडालादि थे वे भी गोकर्ण की कृपा से विमान में स्थित हुए ॥ ८३ ॥ वे भगवान ने उत्तमयान में भेजदिये जहां योगी गमन करते हैं और गोपाल श्रीकृष्णचंद्र गोकर्ण सहित गोपालभ गो लोकको गये ॥ ८४ ॥ कथा श्रवण से प्रसन्न होकर भक्तवत्सल भगवान् गये जैसे पूर्व कालमें श्रीरामचंद्र अयोध्या वासियोंको निज लोकको लेगये थे ॥ ८५ ॥ इसी प्रकार भगवान् कृष्ण चन्द्र भी योगियों के दुर्लभ गोलोकको उन्हे लेगये वहां सूर्य चन्द्रमा और सिद्धों को भी कभी गति नहीं होती ॥ ८६ ॥ जो सप्ताह यज्ञ में इस कथा श्रवणसे फल प्राप्त होताहै हे महात्माओं ! हम कहांतक वर्णन करें जिन्होंने गोकर्ण कथा के अक्षर कर्णद्वारा पान किये हैं वे फिर गर्भ में नहीं आते ॥ ८७ ॥ जिस गति को सप्ताह श्रवण करने से प्राप्त होते हैं उस को पवन जल पत्ते भक्षक तपस्या से देह शोषक बहुत दिनों से उग्र तप के संचय वाले तपा योगी भी नहीं प्राप्त होते ॥ ८८ ॥ इस पवित्र इतिहास को भी शांडिल्य मुनीश्वर निकट में पाठ करने से ब्रह्मानन्द को व्याप्त हुए ॥ ८९ ॥ इसपवित्र आख्यान का जो एक वार भी पाठ करता है उसके सबपाप दूर हो जाते हैं जो श्राद्ध में पढे तो पितरों की तृप्ति होती है नित्य पाठ करनेसे फिर जन्म नहीं होता ॥ ९० ॥

इति श्रीपद्मपुराणे उत्तरखंडे वैद्यनाथ शास्त्र कृत भाषाटीकायां
श्रीभागवत मा० गोकर्णवर्णनं नाम पंचमोऽध्यायः ॥ ५ ॥

कुमार बोले अब हम तुम्हें सप्ताह श्रवण की विधि सुनाते हैं जो विधि प्रायः धनसे भी साध्य है ॥ १ ॥ प्रथम तो ज्योतिषी को बुलाकर मुहूर्त पूछे जैसा विवाहादि में मंडप रचना होती है तिस प्रकार करै ॥ २ ॥ भाद्रपद आश्विन कार्तिक मार्गशीर्ष आषाढ श्रावण ये महीने कथारंभ में सुननेवालों को मोक्षसूचक हैं ३ जो महीनों के विग्रह हैं उनको त्याग दे और सहाय जो अच्छा दिन नक्षत्रादि है सो सर्वथा करणीयहै ॥४॥देशमें सत्नपूर्वक यह वार्ताप्रगट

कर देनी हमारे यहां कथा होगी सब कोई कुटुम्ब सहित आओ ॥५॥ कोई दरिद्रता से दूरहै कोई अच्युतके गुण कीर्त्तनसे दूर है स्त्री शूद्रादिकोंको जिसप्रकार से बोध होजाय सो करना ॥ ६ ॥ देश देशमें जो विरक्त वैष्णव कीर्तन करने वाले हैं उनके पास भी पत्र भेजने और यह लिखना ॥ ७ ॥ महादुर्लभ सात दिन पर्यंत सत पुरुषों का समाज होगा और अपूर्व रसरूपी भगवान्‌की कथाहोगी ॥ ८ ॥ श्रीमद्भागवत रूपी अमृत के पानमें रस लंपट आप प्रभी जन शीघ्र आइये ॥ ९ ॥ यदि अवकाश नहों तौ एक दिनको तो अवश्य आइये क्योंकि इस समाजका क्षण मात्र कभी सत्संग दुर्लभ है ॥ १० ॥ इस प्रकार से उन पत्र भेजकर आये हुओं के निमित्त वास और स्थान दे ॥ ११ ॥ चाहे तीर्थमें बनमें घरमें सुने परन्तु कहीं कथा स्थान बडी पृथ्वीमें कल्पना करै ॥ १२ ॥ जलादिकों से संमार्जन कर बुहारी से बुहार गोबर से लीपदे गेरू आदिकों से चित्रितकर घरकी सामग्री उठाकर एक कोनेमें लगादे ॥ १३ ॥ पांच दिन पहिले बड बडे आसन ग्रहणकर रक्खे के लोंस मंडित मंडपऊंचा बनावै ॥१४॥ फल पुष्प पत्त आदि सहित चारों ओर वंदनवार बांधदेचारोंओर ध्वजाबांधदेचंदोवा तानदे॥१५॥ वेदिकाकेऊपरभाग मेंसातस्थान बनाने उनमें विरक्त ब्राह्मण बैठावे ॥१६॥ प्रथमतौ तिन्हें यथा योग्यआसनद पुनः वक्ताकोभी एकदिव्यसुंदरऊंचा आसन जिसपरबैठकर कथाकहै ॥१७॥ वक्ताउत्तरकी ओर मुख कर बैठे और सुनहारे पूर्वकी ओर बैठें अथवा वक्ता पूर्वको देखकर बैठे श्रोता उत्तर को ॥ १८ ॥ अथवा पूजाकरने वाले और पूज्यके मध्यसे पूर्व दिशामें सब सुननेहारे बैठें ॥ १९ ॥ विरक्त वैष्णव ब्राह्मण वेदशास्त्रानुसार शुद्ध दृष्टान्त देनेमें कुशलधीर लोभरहित ऐसा वक्ता होना चाहिये ॥२०॥ जो अनेक धर्मोंमें भ्रमेहैंस्त्रीलंपट और पाखंडीयादिवेपंडित भी होंतोभीयहश्रेष्ठ शास्त्रकाकथाउनसेनकहावै॥२१॥कथाकहने वालेके धोरे एक और भी पंडित बैठावैजो संदेहों छेदनकरै लोगोंको समझासकै ॥२२॥ व्रतके निमित्त वक्ताकूं एक दिन पहिले क्षौर कराना और अरुणादय होतेही यह शौचादि से निवृत्तहो स्नानकरै ॥ २३ ॥ प्रथम तौ नित्य संध्या संक्षेप से करकै कथाके विघ्न नाशके निमित्त गणेशजीका पूजनकरे ॥ २४ ॥ पितरोंका तर्पण करकै शुद्धिके वास्ते प्रायश्चित्त करै एक मंडल बनाकर हरि भगवान का पूजन करना चाहिये ॥ २५॥ कृष्णके उद्देशसे आरंभकर पूजा सम्पूर्ण करै प्रदक्षिणा नमस्कारादि करकैपूजाकेअन्तमेंस्तुतिकरै ॥२६॥ कि, हे करुणानिधान! संसारसागरमें मनकर्महीनसे गृहीत मुझदीनकोआप उद्धार कीजिये २७फिर श्रीमद्भागवत की भी पूजा यत्नपूर्वक करनी चाहिय प्रीतिसे धूप दीप नैवेद्य करै ॥ २८ ॥ नारियल चढाकर नमस्कार कर प्रसन्न चित्तहो स्तुतिकरै ॥ २९ ॥ यह श्रीमद्भागवत की कथा प्रत्यक्ष श्रीकृष्ण रूपही है हे नाथ ! भवसागर से मुक्तहोने के निमित्त मैने यह स्वीकार किया है ॥ ३० ॥ यह मेरा मनोरथ तुम्हींसे सफल होगा सो महाराज मैं आपका दास हूं ऐसा होकि, इसकी निर्विघ्न समाप्ति हो ॥ ३१ ॥ ऐसे नम्रहो वक्ताको पूजनकरै वस्त्र भूषण से भूषितकर फिर पूजाकरके स्तुतिकरै ॥ ३२ ॥ आप शुकदेव के रूप ज्ञान देनेहारे सब शास्त्रके ज्ञाताहो इस कथाके प्रकाश से मेरा अज्ञान दूरकरो ॥ ३३ ॥ वक्ताके आगे कल्याण के निमित्तप्रसन्न होकर यथा शक्ति सात रात्रितक नियमधारणकरे ॥ ३४ ॥ कथाभंग नहो इस पांच ब्राह्मणोंको वरणकरै वे द्वादशाक्षर "ओं नमो भगवते वासुदेवाय" इस विद्याका जपकरते रहैं ॥ ३५ ॥ और वैष्णव ब्राह्मणोंका तथा हरिचरित्र कीर्तकरने वालोंको नमस्कार पूजनकर उनसे आज्ञाके आसन पर बैठे ॥ ३६ ॥ लोक, धन, स्थान पुत्रादि सबकी चिंता त्याग कथामें शुद्ध बुद्धिसे चित लगावै उसे उत्तम फल प्राप्तहोता है ॥ ३७ ॥ वक्ताको सूर्योदय से लेकर साढेतीन पहर कथा बांचनी और जल्दी न करै धीरकंठ

से बांचे ॥ ३८ ॥ दुपहर को दोनकी कथाका विराम करै कथाश्रवण तथा भगवान का कीर्तन करे ॥ ३९ ॥ मल मूत्रकी बाधा शान्ति के निमित्त मधु आहार करना है और कथा सुननेहारेका स्वयं दूधादिका भोजन एकबार कर्तव्य है ॥ ४० ॥ यदि शक्तिहो तो सात दि-नितकर्तव्य व्रत करके कथा सुने अथवा पुराण पुरुष जानकर सुने ॥ ४१ ॥ या फलाहार कर सुने वा एकही बार भोजनकरे अथवा जिस प्रकारसे श्रवण करनेमें आलस्य न आवे सुखपूर्वक सोकरे ॥ ४२ ॥ यदि भोजन करनेसे कथा श्रवण करने में आलस्यादि न आवे तो भोजन है और यदि उपवास करनेसे कथा में निद्रादि तो कोई ठीक नहीं ॥ ४३ ॥ नारदजी बोले हे करुणा सागर हे इस लोकके तुच्छ नियम सुनो विष्णुदीक्षा विहीन जो शूद्रादिक हैं उनको भागवत कथा श्रवणकरनेमें अधिकार नहीं है ॥ ४४ ॥ सनत्कुमार पुत्रोंसे कहने लगे भोजन कथासमाप्ति में भोजन नित्य नेमकरै ॥ ४५ ॥ कथा सुनने वाले दाल मांस, मद्य, मैथुन क्षौर अधिक अन्न और बासी अन्नका सदा त्यागकरें ॥ ४६ ॥ तथा क्रोध मद मान मत्सर लोभ दंभ मोह वैर त्यागदे ॥ ४७ ॥ वेद वैष्णव ब्राह्मण गुरु की अपनिंदा स्त्री तथा कुटुम्बियोंकी निंदा न करे ॥ ४८ ॥ रजस्वला नीच म्लेच्छ पतित चांडाल आदिकोंको और जो वेदनिंदक उनसे बात न करे ॥ ४९ ॥ यह यतिधर्म तथा मौन मननादि नियम सुननेवालोंको कर्तव्य है ॥ ५० ॥ दरिद्र क्षयी रोगी निर्भाग्य पापकर्मा जिसके पुत्र न हो और मुक्तिकी इच्छा वाला सदा इस कथाको सुने ॥ ५१ ॥ जिसका रजोदर्शन न होता हो काकवंध्या मृतवत्सा जिसका गर्भ गिरजाताहो वह स्त्रीभी कथाको प्रयत्नसे सुने ॥ ५२ ॥ इस प्रकारादि पर्यंत श्री वि-धिपूर्वक सुनेतो अक्षय फल होता है यह दिव्य कथा अनुपम है करोड़ों यज्ञ फलको देनेहारी है ॥ ५३ ॥ इसप्रकार व्रतका विधान करके फिर उद्यापन करै फलकी इच्छा करने वालोंको अन्यथा के व्रतकी नाहीं यह कर्तव्य है ॥ ५४ ॥ निष्काम भक्तोंको उद्यापनकी आवश्यकता नहीं है वे निष्काम वैष्णव श्रवण मात्रसेही पवित्र होजाते हैं ॥ ५५ ॥ इस सप्ताहयज्ञ समाप्ति में श्रोताओंको पुस्तककी और वक्ताकी भक्तिपूर्वक पूजाकरनी योग्य है ॥ ५६ ॥ प्रसाद नैवेद्य तुलसी माला सुनने वालोंको देनी फिर मृदंग ताल आदि बाजोंसे कीर्तन करना ॥ ५७ ॥ जयशब्द नाद शब्द और नमस्कार करे ब्राह्मण और वाचकोंको धन और अन्नदे ॥ ५८ ॥ जो मुख्य श्रोता गिरक्त हो तो दूसरे दिन गीता बांचनी और जो गृहस्थ होय तो कर्म शांति के निमित्त हवन कर्तव्य है ॥ ५९ ॥ प्रति श्लोक दशमस्कंधके से विधिपूर्वक घी शहद घी तिल अन्नों से हवन करै ॥ ६० ॥ अथवा गायत्री से सातवार होकर हवन करे क्योंकि यह परम पुराण तत्व से गायत्री मयही है ॥ ६१ ॥ जो होम करने में असमर्थ हो तो बुद्धिमान उसकी फलकी सिद्ध के निमित्त होम करन योग्य वस्तु दे अनेक प्रकार छिद्र शांति के निमित्त और न्यूनता आधिकता ॥ ६२ ॥ दोषोंके शान्त करने को सहस्र नाम का पाठकरै इससे सब सफल होजाता है क्योंकि इससे अधिक और कुछ नहीं है ॥ ६३ ॥ फिर बारह ब्राह्मणों को घृत मिश्रित खीर से भोजन करावै और व्रत पूर्ति के नि-मित्त सुवर्ण गाय देनी योग्य है ॥ ६४ ॥ और जो समर्थ होतो तीन पलका सोने का सिंहासन बनाकर उसके ऊपर सुंदर अक्षरोंसे लिखीहुई यह पुस्तक स्थापन करै ॥ पूजनकर आवाहनादि उपचार दक्षिणा सहित वस्त्र भूषण गंधादि से पूजित जितेन्द्रिय आचार्य के निमित्त बुद्धिमान पुस्तक प्रदान करै तो भवबंधन से मुक्त होजाय इस प्रकार के सब पाप हरनेहारे विधानके क-रने से ॥ ६७ ॥ यह श्रीमद्भागवत पुराण फलका देनेहारा होता है यद धर्मार्थ काम मोक्ष का साधन है इस में कुछभी संदेह नहीं है ॥ ६८ ॥ कुमार बोले नारद जी यह तो सब कुछ तुमको

सुनायां अब क्या सुननेकी इच्छा है श्रीमद्भागवत के श्रवण करने से ही भुक्ति मुक्ति हाथ में स्थित होती है ॥ ६९ ॥ सूत जी बोले ऐसा कहने उपरान्त वे सनकादिक महात्मा भागवत की कथा वर्णन करते हुए जो कथा सब पाप की हरनेहारी पुण्य रूप भुक्ति मुक्ति की देनेहारी है ७० इस सप्ताह कथा को सब जितेन्द्रिय महात्मा और सब प्राणियों से यथाविधि श्रवण करने से पुरुषोत्तम भगवान को प्रसन्न किया ॥ ७१ ॥ तिससे अन्त में ज्ञान वैराग्य और भक्ति को बडी पुष्टि हुई सब प्राणियों के मन हरनेहारे ज्ञान वैराग्य तत्काल हरण होगये ॥ ७२ ॥ नारदजी अपना मनोरथ पूर्ण होजाने से कृतार्थ हुए शरीर पुलकित सर्वांग में आनंद भरमया ॥ ७३ ॥ इस प्रकार भगवान के प्यारे नारदजी कथा श्रवण करके प्रेम से गद्गद हो हाथ जोड सनकादिकों से बोले ॥ ७४ ॥ नारदजी बोले मैं धन्य हू आप करुणासागरों ने मेरे ऊपर बडी कृपा की आज मुझे सब पाप हरनेहारे हरि भगवान मिलगये ॥ ७५ ॥ हे तपोधन महात्माओ ! सब धर्मोंसे श्रवण धर्म अधिक है कारण कि, जिसके श्रवण से वैकुण्ठ में स्थित कृष्ण प्राप्त होते हैं ॥ ७६ ॥ सूत जी बोले कि वैष्णवोत्तम नारद जी जिस समय यह कहरहेथे उसी समय विचरतेहुए योगीश्वर शुकदेव जी आगये ॥ ७७ ॥ वोह षोडश वर्ष की अवस्था युक्त व्यासजी के पुत्र ज्ञान महासागर के चन्द्रमा श्रीमद्भागवत के प्रकाशक कथावसान में अपने हाँ क्षेम से परिपूर्ण प्रेमपूर्वक शनैः शनैः श्रीमद्भागवत का पाठ करते हुए आये ॥ ७८ ॥ इन बडे तेजस्वी को देखतेही सब सभासद खडेहुए और महासासन दिया और नारदजी ने प्रीतिपूर्वक उनका पूजन किया तब सुखसे स्थित हो शुकदेवजी बोले सो वाणी सुनो ॥ ७९ ॥ शुकदेवजी बोले वेद कल्पवृक्ष है उसका यह भागवत फल है सो मुझ शुकदेव के मुखसे पृथ्वी में गिरा है इस कारण अमृत रूपी रस से संयुक्त है जिस फल में तोतेकी चोंच लगजाती है। वह अधिक मीठा होता है यहां शुकरूपी शुकदेवजी ने इसका स्वाद लिया है इस कारण यह अधिक मीठा होगया है "यह भाग्य है" यह भक्ति रूप रस से पूर्ण है हे रसिको ! भगवच्चरितामृत पान करनेहारे महात्माओं ! इस से मोक्षभी न्यून है इस कारण इसे बारम्बार पियो ॥ ८० ॥ जिस श्रीमद्भागवत में से फलकांक्षा रूप कपट धर्म सम्यक त्यागदिया है केवल ईश्वर सेवा रूप धर्म निरूपण किया है मत्सरता रहित सत्पुरुषों का इसमें अधिकार है महामुनि श्रीनारायण के बनाए इस श्रीमद्भागवत में वास्तव परमार्थ रूप एक परमेश्वरही जानने योग्य है जो कल्याणदायक तीनोंतापका नाशक है । निश्चय श्रीमद्भागवत के श्रोता महात्माओं के हृदय में शीघ्र ईश्वर प्राप्त होता है और शास्त्रों से शीघ्र हृदय में प्राप्त नहीं होता ॥ ८१ ॥ यह श्रीमद्भागवत पुराणों में श्रेष्ठ वैष्णवों का परमधन है जिस में भक्तों के परम प्रिय ज्ञान परब्रह्म श्रीकृष्णही गाये जाते हैं जिस श्रीमद्भागवत में ज्ञान वैराग्य भक्ति सहित निष्कर्म रूप ब्रह्म हृदय में प्राप्त होते हैं इसके श्रवण पठन और विचार भक्ति करने से मनुष्य मुक्त होजाता है ॥ ८२ ॥ स्वर्ग सत्य लोक और कैलास में वैकुण्ठ में यह रस नहीं है इस कारण सद्भाग्यवाले इसे पियो कभी त्याग नकरो ॥ ८३ ॥ सूतजी बोले शुकदेवजी के ऐसा कहने पर सभाके मध्य में नारायण प्रगट होगए प्रह्लाद वालि उद्धव अर्जुनादि करके युक्त भगवान का नारदजीने पूजन किया ॥ ८४ ॥ आगे आसन में बैठे हुए भगवान के सन्मुख पार्वती सहित शिव और ब्रह्माजी कीर्त्तन करने निमित्त वहां आये ॥ ८५ ॥ प्रह्लाद ने ताल तरलगति से उद्धवने छैने अर्थात् झांझ धारण करी, नारदजी ने वीणा धारण करी, स्वर भेद में कुशल होने से अर्जुन ने राग गाना प्रारम्भ किया, कुमार जय जय अथवा धन्य २ कहने लगे और सबके आगे रसकी विरचनता से भाव के बताने वाले शुकदेवजी हुए ॥ ८६ ॥ भक्ति ज्ञान वैराग्य कात्रिक नटकी नाईं नाचने

कथा यह अलौकिक कीर्तन देखकर नारायण प्रसन्नहो बोले ॥ ८७ ॥ हे मुनीं ! मुझपर कृपा से मैं बहुत प्रसन्न हुआ जो इच्छाहो सो मांगो यह सुन मन दृढ़भक्ति प्रेम से नारद जी बोले ॥ ८८ ॥ महाराज ! संसार की कथाओं में लगा मनों के दृढ़ में जो प्रभुजी की तिन यही हमारा मनोरथ पूर्ण करो बहुत अच्छा ऐसा कहकर नारायण अन्तर्धान होगए ॥ ८९ ॥ इस के उपरान्त नारदजी ने सनकादिकों को शुकदेवजी तथा अन्य महर्षियों को नमस्कार किया वे सब मोह रहित प्रसन्न हो कथामृत पान कर समाधिस्थ हो गए ॥ ९० ॥ भक्ति ज्ञान वैराग्य सहित शुकदेवजी ने इस भागवत शास्त्र में स्थापित करी है । इस कारण भागवत् के सेवन करनेसे भगवान् वैष्णवों के चित्त में प्राप्त होते हैं ॥ ९१ ॥ दारिद्रदुःख ज्वर से दुःखित माया पिशाचनी से ग्रसित संसार समुद्र में मग्न हुओं को कल्याण के लिये यह भागवत् की कथा गर्जती है ॥ ९२ ॥ सौनकजी बोले शुकदेवजी ने राजा परीक्षित को और गोकर्ण ने तथा सनत्कुमारादिकों ने नारदजी को यह कथा कब सुनाई ॥ यह हमारा सन्देह दूर करो ॥ ९३ ॥ सूतजी बोले कृष्णचन्द्र के परलोक जाने के तीस वर्ष अनन्तर भादों के शुक्ल पक्षकी नौमीको शुकदेवजी ने यह कथा राजा परीक्षित को सुनाई ॥ ९४ ॥ परीक्षित को कथा सुनाने के दोसो वर्ष उपरांत आषाढ़ के शुक्ल पक्षमें गोकर्ण ने कथा का आरंभ किया था ॥ ९५ ॥ तिस से भी फिर कलियुग के तीनसौ वर्ष व्यतीत होने में कार्तिक के शुक्ल पक्ष में सनकादिकों ने सुनाई ॥ ९६ ॥ हे पाप रहित ! जो कुछ तुमसे पूर्व मैंने सुनाया ॥ कलियुग में यह भागवत की वार्ता संसार रोगकी नाशक है ॥ ९७ ॥ कृष्ण की प्राप्ति सब पापों की नाश करनेहारी मुक्ति की कारण भक्ति की प्रीति करनेहारी यह कथा है जो महात्मा आदर से इस कथा को पान करते हैं उनको और तीर्थोंके सेवन करने की क्या आवश्यकता है ॥ ९८ ॥ यम राजने पाश हाथ में लिये आपने दूतोंसे यह बात कही कि, जो भगवत्कथा रस में मत्त हैं तुम उनके निकट कभी मत जाइयो मैं औरों का नियन्ता हूं परन्तु वैष्णवों का नहीं है ॥ ९९ ॥ इस असार संसार में विषयरूपी विषम ग्रसर्ग से व्याकुल बुद्धिवालों को योग्य है कि आधे क्षण को तो अतुल अमृतरूपी शुकदेवजी की गाथाको कल्याणके निमित्त पानकरें अरे ? कुत्सित कथा में क्यों व्यर्थ जाते हो इस से मुक्ति होती है । इस वार्ता के महाराज परीक्षित साक्षी है ॥ १०० ॥ रस प्रवाह से युक्त श्री शुकदेवजी ने यह कथा कही है । जो कोई कण्ठ में धारण करता है वह वैकुण्ठ का प्रभु होता है ॥ १०१ ॥ हे शौनक इस प्रकार से यह परम गुप्त सब सिद्धान्तों का सार अनेक शास्त्रों की आलोचना यह जगत में शुक कथा से निर्मल और कुछ नहीं है परम सुख के कारण द्वादश स्कन्धात्मक श्रीमद्भागवत रस को पान कर ॥ १०२ ॥ जो नियत होकर इस कथाको श्रवण करते और भक्ति प्रीति से शुद्ध वैष्णवों के आगे सुनाते हैं वे वक्ता श्रोता सम्यक विधान करने से सम्पूर्ण फल को प्राप्त होते हैं सत्य वचन से संसार में कोई वस्तुभी असाध्य नहीं है ॥ १०३ ॥

इति श्री पद्मपुराणे उत्तर खण्डे श्री मद्भागवत माहात्म्ये विप्र सारस्वत
वंशावतंस श्री मन्नारायण शास्त्रि सूनु वेदनाथ शास्त्रि
कृत भाषाटीकायां श्रवण विधिकथनं
नाम षष्ठोऽध्यायः ॥ ६ ॥

॥ न्याय सिद्धान्त मुक्तावली ॥

मूल तथा भाषा और बृहत् टिप्पणी सहित ग्रन्थ मूल्य २॥) डा० व्य० ।

यह ग्रन्थ संस्कृत में होनेके कारण कठिन था इस लिये सर्व साधारणके उपकारार्थ तथा मुख्यकर काशी, लाहौर आदिकी परीक्षा देनेवाले विद्यार्थियों के लाभार्थ बड़े परिश्रमसे इस ग्रन्थ की भाषा टीका बनाई है उसका क्रम यहां है कि प्रथम भाषा परिच्छेद (कारिकावली) पुनः पद, अन्वय, भाषार्थ, विषम पदार्थ, भावार्थ तदनन्तर मुक्तावली फिर मुक्तावली का भाषानुवाद, तदनन्तर कठिन टिप्पणी है इस टिप्पणी में दिनकरी तथा रामरुद्री आदि मुक्तावली के टीकों का सम्पूर्ण आशय लिखा है अर्थात् दिनकरी रामरुद्री का भी मानो भाषाटीकाही करदिया है और कहीं २ इन टीकाओं से भी टिप्पणी में विलक्षणता प्रकट की है । पाठकगण बहुत शीघ्रता से पत्रभेज इसग्रन्थ को मंगवालीजिये क्योंकि फिर यह हाथ न आवेगा यह पुस्तक कई प्रकार के अक्षरों में प्रकाशित कर बहुत बढ़िया कागज लगाय सुन्दर बँधी भेजीजाती है इसपरभी इस अमूल्य रत्नका मूल्य केवल २॥) रुपयाहै

चौदहरत्न.

अर्थात् १२५ पुस्तकें मूल्य २।) डा० व्यय ≡)

सब पुस्तकें मूल तथा भाषाटीका और एक उत्तम जिल्दमें हैं ॥

(१) वेद वेदाङ्गसंग्रह पुस्तक १५ । (२) शास्त्रसंग्रह पुस्तक ७ । (३) पुराणेतिहास संग्रह पु० ५ । (४) दश महाविद्या पु० १० । (५) गृह्यधर्म संग्रह ६ । (६) नित्य कर्म विधान ६ । (७) कर्मकाण्ड ९ । (८) ज्योतिष शास्त्र गणित और फलित ९ । (९) वैद्यकशास्त्र २ । (१०) तन्त्र और मन्त्र शास्त्र ११ । (११) स्तोत्रसंग्रह १० । (१२) साहित्य शास्त्र ५ । (१३) इतिहास और नाटक संग्रह १५ । (१४) व्याख्यान संग्रह ७ ।

॥ श्रीमद्भागवत ॥

द्वादश स्कन्ध मूल तथा भाषाटीका सहित सम्पूर्ण अत्युत्तम प्रामिक समाचार पत्रोंनेएक वाक्यसे प्रशंसाकी है । मूल्य ३) डा० व्य० माफ ।

मैं० वैजनाथशास्त्री. सिद्धांतसंग्रहमाली, मुरादाबाद